Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10





खेल

टॉम मूडी ने महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी क्षमता की सराहना की

देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालयन बारकेट का किया शुभारंभ






शुक्ल पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2080


• औरंगाबाद • मंगलवार • 20 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 71 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 57, 200 | ₹76,500 |





## आज का इतिहास

- 1947 : ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लेमेंट अट्ली ने घोषणा की कि ब्रिटेन जून 1948 तक भारत को छोड़ देगा।
- 1983 : असम में होने वाली विधानसभा चुनाव से पहले व्यापक पैमाने पर हिंसा भड़कने से 600 लोगों की मौत हुई।
- 1987 : मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश भारत के 23वें और 24वें राज्य बने।

## न्यूज बाइट्स

### अबुआ आवास : चंपाई सोरेन ने 28295 लाभुकों के अकाउंट में भेजे 84.88 करोड़ रुपए

**हजारीबाग (नि.सं.)।** हजारीबाग में अबुआ आवास योजना कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा जिले के 28 हजार 295 लाभुकों को स्वीकृति पत्र सौंपा। बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त के रूप में 84 करोड़ 88 लाख 50 हजार रुपए ट्रांसफर किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य तभी आगे बढ़ेगा, जब यहां के लोग आगे बढ़ेंगे। इसी सोच के साथ हमारी सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि वर्ष 2027 तक झारखंड के सभी जरूरतमंद लोगों के पास अपना पक्का मकान होगा। हेमंत सोरेन के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री बने चंपाई सोरेन ने यह भी कहा कि राज्य के हर व्यक्ति को रोटी, कपड़ा और मकान देने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सिर्फ आश्वासन देने में विश्वास नहीं करती। हम काम करने में विश्वास करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सरकार हर व्यक्ति, परिवार और समुदाय को सम्मान दे रही है।

### पंचायत प्रतिनिधियों को हथियार का लाइसेंस दिलायेगी सरकार

**पटना (वि.सं.)।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधान परिषद में घोषणा की है कि राज्य के जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों, प्रमुख, उप प्रमुख, मेयर और वार्ड काउंसलर के भत्ते में बढ़ोतरी करने पर सरकार विचार करेगी। विधान पार्षद सौरभ कुमार और राजीव कुमार के तारांकित प्रश्न तथा कुमार नागेंद्र और अन्य के ध्यानाकर्षण पर चौधरी ने बताया कि मुखिया, पंच-सरपंच, वार्ड सदस्यों को बढ़े हुए मानदेय के हिसाब से भुगतान किया जा रहा है। एमएलसी राजीव कुमार के सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों को शस्त्र लाइसेंस दिलाने के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। इसमें मामले में सरकार जिला अधिकारियों की तरफ से छानबीन कराकर जरूरतमंद जन प्रतिनिधि को लाइसेंस दिलायेगी।

### सड़क हादसे में DSP और बॉडीगार्ड घायल

**पटना (नि.सं.)।** पटना के अटल पथ पर रॉन्ग साइड से आ रही नई-नई थाने की गाड़ी से DSP की गाड़ी के बीच टक्कर हो गई। हादसे में डीएसपी राजकिशोर बैठा को गंभीर चोटें आई हैं। उनके अंगरक्षक रवि रंजन का हाथ टूट गया है। डीएसपी राजकिशोर बैठा घर से दफ्तर के लिए अपनी स्कॉर्पियो से निकले थे। इस दौरान अटल पथ पर पुनाइचक से सटे रॉन्ग साइड से आ रही पुलिस थाने की गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। हालांकि इस दौरान डीएसपी के ड्राइवर ने भरसक बचाने का प्रयास किया, जिसके चलते बहुत हद तक कम क्षति हुई।

डिप्टी सीएम विजय सिन्हा का निर्देश : PHED में गड़बड़ी की आशंका वाली निविदाएं होंगी रद्द

# 4500 करोड़ के टेंडरों की होगी जांच

- सिंगल के साथ डबल टेंडर की भी होगी जांच, डिबार लोगों के नाम बदल कर ले ली नई निविदाएं
- मुख्यमंत्री को सौंपी जाएगी जांच रिपोर्ट, दोषी अधिकारियों व इंजीनियरों पर होगी स्काट कार्रवाई



विशेष संवाददाता | पटना

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) में सभी एकल निविदाएं (सिंगल टेंडर) रद्द कर दी जाएंगी। अब तक जारी 4500 करोड़ की निविदाओं की जांच होगी। जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी, जो उचित कार्रवाई का निर्णय लेंगे। सोमवार को विभागीय समीक्षा के बाद उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने इसका निर्देश दिया। सिन्हा के पास पीएचईडी का दायित्व भी है और उनके इस निर्देश से विभागीय अधिकारियों से लेकर ठेकेदारों तक में खलबली मच गई है।

### पिछले डेढ़ वर्षों के दौरान जारी हुई हैं ये निविदाएं

ये निविदाएं पिछले डेढ़ वर्षों के दौरान जारी हुई हैं। तब राज्य में महागठबंधन सत्तारूढ़ था और राजद कोटे से ललित कुमार यादव पीएचईडी मंत्री हुआ करते थे। इस विभाग के पास वस्तुतः पेयजल का काम है और अब गिनती के चापाकल बचे हैं। हालांकि, पंचायती राज विभाग से नल जल योजना हस्तांतरित हो जाने के बाद पीएचईडी के लिए काम के दायरे के साथ विभागीय बजट भी बढ़ गया है। सूत्र बता रहे हैं कि नवगठित राजग सरकार को ऐसे कई साक्ष्य मिले हैं, जिससे पिछली सरकार के दौरान निविदाओं व राशि के आवंटन में गड़बड़झाले की बू आती है। उन साक्ष्यों को आधार बनाते हुए विभागीय जांच का आदेश दे दिया गया है। शिकायत मिली है कि डिबार किए गए लोगों ने नाम बदलकर नई निविदाएं प्राप्त कर ली हैं। हेराफेरी करने वाले ऐसे लोग व एकल स्वामित्व वाली कंपनियों को चिह्नित कर उनकी निविदा कर दी जाएगी। उनके अलावा दो या दो से अधिक व्यक्तियों के स्वामित्व वाली कंपनियों को मिले ठेकों की भी जांच होगी। उस निविदा की भी जांच होगी, जिसे दो लोगों ने मिलकर लिया है। अगर उनमें कोई गड़बड़ी पाई गई तो गाज तय है। इसके साथ गड़बड़ी में सम्मिलित रहे विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों व इंजीनियरों पर भी स्काट कार्रवाई होगी।

### सीएम ने जताई थी गड़बड़ी की आशंका

उल्लेखनीय है कि विश्वास मत के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कुछ विभागों में वित्तीय गड़बड़ी की आशंका मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी प्रकट कर चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि उनकी सरकार किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं होने देगी और उन योजनाओं व निविदाओं की जांच होगी, जिनको लेकर गड़बड़ी की आशंका है। उसके बाद निवर्तमान उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, ललित यादव व रामानंद यादव को आवंटित रहे विभागों में जांच की संभावना जताई जा रही थी। रामानंद के पास खान व भू-तत्व विभाग था। पथ, नगर विकास, ग्रामीण कार्य आदि विभाग तेजस्वी के पास थे। मुख्यमंत्री के अधीनस्थ मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग द्वारा 16 फरवरी को ही समीक्षा का निर्देश दिया जा चुका है। पीएचईडी से उसकी शुरूआत हो गई है।

### श्रवण कुमार बने सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक

श्रवण कुमार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक होंगे, जबकि जनक सिंह को उपमुख्य सचेतक बनाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने इनके मनोनयन को मान्यता प्रदान कर दी है।विधानसभा के निदेशक व विधान परिषद के अवर सचिव ने इसकी जानकारी नौ फरवरी को ही ससंदीय कार्य विभाग को दी थी। मुख्य सचेतक को मंत्री स्तर की , जबकि उपमुख्य सचेतक को राज्यमंत्री की सुविधा मिलेगी।

## बिहार को केंद्रीय करों में राज्य के हिस्से के रूप में 1.13 करोड़ मिलेंगे : मंत्री

विशेष संवाददाता | पटना



वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिहार को केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी के रूप में 1,13,011.92 करोड़ रुपये मिलेंगे, जो पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग 11 करोड़ रुपये अधिक है। उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विधानसभा में प्रस्तुत बजट पर बहस का जवाब देते हुए कहा कि केंद्र ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान बिहार के लिए केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा लगभग 11 करोड़ रुपये बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान बिहार को राज्य के हिस्से के रूप में 1,13,011.92 रुपये मिलेंगे जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह 1,02,737.26 करोड़ रुपये था। सम्राट चौधरी ने दावा करते हुए कहा है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार राज्य के लिए शुभ है। इस दौरान सूबे के डिप्ट सीएम ने आरजेड प्रमुख लालू यादव और उनके परिवार पर जमकर हमला बोला। सम्राट चौधरी ने दावा करते हुए कहा कि जातीय गणना करना बिहार की एनडीए सरकार का निर्णय था। जून 2022 के कैबिनेट में निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने ठहरे बिहार को आगे बढ़ाया है। सम्राट चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कभी मुख्यमंत्री आवास से अपराध को संरक्षण मिलता था। एक अणे मार्ग में वसूली होती थी। नीतीश कुमार ने इन सबको बदला। आज उनके नेतृत्व में बिहार न्याय और विकास के साथ साथ बढ़ रहा है। सम्राट चौधरी ने लालू परिवार को भ्रष्टाचार का प्रतीक बताया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार ने 1990 से 2005 तक एक लाख नौकरी भी नहीं दी। वहीं नीतीश कुमार ने 2005 से 2020 के बीच 7.50 लाख नौकरी दी।

राज्य में बढ़ेगी पुलिसिंग की कार्यक्षमता एवं दक्षता

## मुख्यमंत्री ने 383 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

विशेष संवाददाता | पटना




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पुलिस को सुदृढ़ करने हेतु थानों एवं इकाईयों के लिए 383 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग की कार्यक्षमता एवं दक्षता और बढ़ेगी, साथ ही विधि व्यवस्था के संधारण में सहूलियत होगी। एक अणे मार्ग प्रांगण में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव-सह-मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, गृह विभाग की विशेष सचिव के सुहिता अनुपम, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## टाटा ने मार्केट कैप के मामले में पाकिस्तान की जीडीपी को पछाड़ा

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े टाटा समूह ने बड़ा कीर्तिमान कायम किया है। समूह ने पाकिस्तान के जीडीपी को अपने मार्केट कैप से पछाड़ दिया है। शेयर मार्केट के ताजा आंकड़ों में टाटा समूह की कंपनियों का मार्केट कैप 365 बिलियन डॉलर आंका गया है। जबकि आईएएफ के मुताबिक पाकिस्तान का जीडीपी 341 बिलियन डॉलर है। टाटा समूह की कंपनी टीसीएस भारत में रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है, जिसका मार्केट कैप अकेले 176 बिलियन डॉलर है। यानी पाकिस्तान के जीडीपी का आधा अकेले टीसीएस का मार्केट कैप है। वर्ल्ड बैंक के ताजा अनुमान के मुताबिक पाकिस्तान का जीडीपी 376 बिलियन डॉलर आंका गया है, जो टाटा समूह के कंबाइंड मार्केट कैप से थोड़ा ज्यादा है। इस माह की शुरुआत में ही टाटा ग्रुप का कंबाइंड मार्केट कैप 30 लाख करोड़ हो गया। इससे वह इस मुकाम पर पहुंचने वाला भारत का पहला समूह बन गया है। टाटा समूह के मार्केट कैप को बढ़ाने में टीसीएस, टाटा मोट्र्स, टाटा पावर और इंडियन होटल्स का योगदान है। 2023 में एन चंद्रशेखरन के नेतृत्व वाले समूह ने मार्केट शेयर में 6,13000 करोड़ रुपये अर्जित किए। बता दें कि पाकिस्तान की इकोनॉमी बीते कुछ सालों में गोते लगा रही है। इसका कारण कर्ज का बढ़ना, विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट और राजनीतिक अस्थिरता रहा है। 2011 के बाद पाकिस्तान का बाहरी कर्ज दोगुना हो चुका है। वहीं उसके घरेलू कर्ज में छह गुना की बढ़ोतरी हुई है। इंस्लामाबाद के एक थिंक टैंक Tabadlab ने पाकिस्तान की कर्ज की स्थिति को भयावह बताया है।


BAYC Institute

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

स्थापित : 1972

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga — अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science — अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science — अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science — अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) — अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) — अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279


परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है। सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें।

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com



बिहार सरकार

बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग



खुशखबरी

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत दूसरे शिशु के कन्या होने पर ₹6000 की राशि पाएं

आवेदन की प्रक्रिया

लाभार्थी URL:
https://pmmvy.nic.in पर जाकर घर बैठे आवेदन कर सकते हैं।
अथवा
पंजीकरण हेतु आंगनबाड़ी सेविका को आवेदन दे सकते हैं ।

*लाभार्थी गर्भावस्था के दौरान पंजीकरण अवश्य करा लें।

PR. No. 017873 (SWD) D. 2023-24

अधिक जानकारी के लिए निकटतम आंगनवाड़ी केंद्र/ बाल विकास परियोजना कार्यालय जिला प्रोग्राम कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

समेकित बाल विकास सेवाएँ ( ICDS ) निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में जारी

आई.सी.डी.एस. निदेशालय, इंदिरा भवन, राम चरित्र सिंह पथ, पटना - 800001 | वेबसाइट: icdsbih.gov.in

Follow us on: ICDSBR @IcdsDirectorate icds_directorate
Watch us on www.youtube.com/@icdsdirectoratebihar

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धाभाव से मां सरस्वती की निकाली गई शोभायात्रा

**नारदीगंज।** प्रखंड के जगदीशपुर गांव में सरस्वती पूजा के अवसर पर स्थापित विद्या की देवी मां शारदे की प्रतिमा को श्रद्धा व उत्साह से सोमवार को शोभायात्रा निकाली। इसके पूर्व पुरोहित पंडित संटू पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधिवत पूजा अर्चना कराये। उसके बाद श्रद्धाभाव हवन पूजा हुआ । कार्यक्रम में यजमान की भूमिका जगदीशपुर निवासी शिक्षक मनोज कुमार व उनकी धर्मपत्नी आरती कुमारी ने निभाया। मौके पर उपस्थित लोगों ने भक्ति भाव से भजन कीर्तन किये,जिससे आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया। बताया जाता है कि पिछले कई दशकों से गांववासी मां शारदे की प्रतिमा श्रद्धा व उत्साह के साथ स्थापित करते आ रहे हैं। पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व उत्साह के साथ गांव में सरस्वती माता की प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली। इस दौरान घर घर माता सरस्वती की पूजा अर्चना व खोइच्छा भराई की रस्म श्रद्धालुओं ने की ।मौके पर विद्या की देवी सरस्वती माता,जय माता दी की जयकारा से सारा वातावरण गुंजयमान होता रहा। गांव के निकट तिलैया नदी में श्रद्धा भाव से अश्रुपूरित नेत्रों से विसर्जन कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर रामचंद्र प्रसाद,बिक्रम कुमार,पिंटू कुमार राहुल कुमार समेत काफी संख्या में लोग शरीक हुए।

### गड्ढे में जा गिरा पिकअप बाल बाल बचे चालक

**नरहट।** सोमवार को प्रखंड अंतर्गत दरगाही बिगहा गया के समीप एक पिकप वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वाहन अनियंत्रित हो कर एक ताड़ के पेड़ मे जा टकराया और पईन में जा गिरा। इस दुर्घटना में ड्राइव बाल बाल बच गए। वाहन जैसे ही दुर्घटनाग्रस्त हुई ग्रामीण दौड़े और ड्राइवर को बाहर निकाल लिया जिससे ड्रवार का जान बाल बाल बच गया। ग्रामीणों द्वारा पूछे जाने पर ड्राइवर ने बताया कि नियंत्रण होकर पिकअप एकाएक तार के पेड़ में जाकर टकराया गया। किसी तरह से ड्राइवर ने अपना जान बचाया। बताया जाता है कि पिकअप लगभग 40 फीट गड्ढे में जाकर गिरा मौजूद रहे ग्रामीणों ने किसी तरह से गाड़ी से ड्राइवर को बाहर निकाला। बताया जाता है कि ड्राइवर अपने वाहन से डेकोरेशन का सामान पहुंचा कर अपने घर जा रहा था।

### आईसीडीएस में महिला पर्यवेक्षिका की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारम्भ

**नवादा।** जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस द्वारा बताया गया कि अनुबंध के आधार पर सीधी भर्ती से महिला पर्यवेक्षिका की नियुक्ति हेतु वर्ष- 2019 में आवेदन विभागीय वेबसाईट पर लिया गया था। नवादा जिला के एनआईसी के वेबसाईटपर दिनांक-19.02.2024 को प्राप्त आवेदनों की सूची अपलोड कर दिया गया है। यदि आवेदनकर्ता को किसी प्रकार की आपत्ति है तो दिनांक-21.02.2024 से 26.02.2024 तक आपत्ति जिला प्रोग्राम कार्यालय, आई0सी0डी0एस0, विकास भवन, समाहरणालय परिसर में जमा कर सकते हैं। सभी प्रकार की अद्यतन सूचना प्राप्त करने के लिए एनआईसी के वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

### 23 फरवरी को एक दिवसीय रोजगार कैम्प का होगा आयोजन

**नवादा।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेषानुसार जिला नियोजनालय, नवादा द्वारा दिनांक-23.02.2024 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंण में एक दिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पुखराज हेल्थ केयर, प्रा0लि0 कम्पनी भाग ले रही है। जिसमें वेलनेस एडवाईजर पद के लिए योग्यता वारहवीं, होना चाहिए। वेतन 10500 से 15000 तक के साथ होस्टल की सुविधा। उम्र 18 से 25 वर्ष। जॉब लोकेषन पटना है। इच्छुक आवेदक/आवेदिकाएं अपने षैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार की छाया प्रति रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई0टी0आई0) नवादा के प्रागंणमेंआकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प का समय प्रातः 11:00 बजे पूर्वाह्न से आयोजित होगी। जो आवेदक एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हैं वही आवेदक रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो आवेदक निबंधित नही हैं वो आवेदक एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन कराकर भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, नियोजन के षर्तो के लिए वे जिम्मेदार होगें। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

### काजीरसलपुर पंचायत के उप सरपंच बच्ची देवी का हृदर गति रुक जाने से हुई असामयिक निधन,परिजनों में छाया मातम

**भगवानपुर बेगूसराय।** भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत काजीरसलपुर गांव निवासी शंकर शर्मा की पत्नी करीब 65 वर्षीय उप सरपंच बच्ची देवी का हृदर गति रुक जाने से असामयिक निधन हो गया। जिससे परिजनों में मातम छा गई। शव को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ गई। मृतक बच्ची देवी अपने पीछे दो पुत्र व दो पुत्री सहित नाती पोते के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ कर चल बसे। वहीं इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया महंत प्रणव भारती, सरपंच अरविंद सिन्हा, पैक्स अध्यक्ष रामदिनेश चौधरी, उपमुखिया अनिल चौधरी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने मृतक के घर पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उनके परिजनों को सांत्वना दिया।

### साहेबपुर कमाल में तीन व्यक्ति की हत्या के अपराधी गिरफ्तार

**बेगुसराय।** साहेबपुर कमाल थानान्तर्गत गोविन्दपुर गाँव में 03 लोगों की गोली मारकर हुई हत्याकांड मामले का उद्भेदन । 02 अपराधकर्मियों को किया गया गिरफ्तार तथा 01 को किया गया निरूद्ध । घटना का विवरण :- दिनांक 17.02.24 को समय करीब 07:30 बजे शाम में साहेबपुर कमाल थानान्तर्गत गोविन्दपुर गाँव में विवाहिता लड़की को ससुराल में रखवाने को लेकर हुए विवाद में 03 लोगों की गोली मारकर हत्या की गयी थी। जिसके संबंध में साहेबपुर कमाल थाना कांड सं0-40/24 दिनांक 18.02.24 धारा-302/304बी/498ए/120बी/34 भा०द०वि० एवं 3/4दहेज अधि० एवं 27 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।पुलिस टीम के द्वारा अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि नीलू कुमारी (मृतक) पे०- उमेश यादव सा0 श्रीनगर थाना साहेबपुर कमाल, जिला-बेगूसराय की शादी करीब डेढ़ से दो वर्ष पूर्व हिमाशु कुमार उर्फ मानसिंह पे० संजय यादव सा0 गोविन्दपुर थाना साहेबपुर कमाल जिला-बेगूसराय के बीच प्रेम-प्रसंग में की गयी थी। जिसके कारण परिवार में काफी विवाद हो गया था। काफी समय बाद कल दिनांक 17.02.24 को नीलू कुमारी के पिता एवं भाई के द्वारा नीलू कुमारी को गोविन्दपुर स्थित ससुराल पहुचाने के लिए उनके घर पर पहुचे थे की ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा गाली-ग्लौज करते हुए झागड़ा झंझट करने लगा तथा इसी दौरान ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा नीलू कुमारी, उसके पिता (उमेश यादव) एवं उसके भाई (राजेश कुमार) को गोली मार कर हत्या कर दिया गया।उक्त मामलें में पुलिस टीम के द्वारा सूचना / आसूचना संकलन एवं अनुसंधान करते हुए से घटना में संलिप्त अपराधकर्मी (01.) अभिषेक कुमार उर्फ छोटू उम्र 21 वर्ष पे० पुनित यादव (02.) जुबेश कुमार उम्र 22 वर्ष पे० सुनिल यादव दोनों सा० गोविन्दपुर थाना साहेबपुर कमाल जिला-बेगूसराय को S.T.F के सहयोग से पकड़ा गया तथा घटना में संलिप्त 01 व्यक्ति को निरूद्ध किया गया जो पुलिस अभिरक्षा में सदर अस्पताल बेगूसराय में ईलाजरत है। विधिसम्मत आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। दर्ज कांड साहेबपुर कमाल थाना कांड सं0-40/24 दिनांक धारा-302/304 बी/498ए/120बी / 34 भा०द०वि० एवं 3/4 दहेज अधि० एवं 27 आर्म्स एक्ट। 18.02.24

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम / पता :- (01.)** अभिषेक कुमार उर्फ छोटू उम्र 21 वर्ष पे० पुनित यादव सा०- गोविन्दपुर थाना, साहेबपुर कमालजिला-बेगूसराय। **(02.)** जुबेश कुमार उम्र 22 वर्ष पे० सुनिल यादव सा० गोविन्दपुर थाना-साहेबपुर कमाल, जिला-बेगूसराय।

# भारतीय संविधान का सम्मान, सुरक्षा एवं संवर्धन विषयों पर हुई चर्चा

निज संवाददाता। **गया**




बामसेफ जिला इकाई, गया के तत्वावधान में भारतीय संविधान का सम्मान, सुरक्षा एवम संवर्धन (बीएस4) के उद्देश्य से एकदिवसीय कैडर कैंप का आयोजन जम्बूद्वीप कॉम्प्लेक्स, कलेर, गया में बामसेफ के जिलाध्यक्ष मू अजय विद्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें बामसेफ का प्रदेश अध्यक्ष मू आलोक कुमार, महासचिव मू सुरेश प्रसाद, पूर्णकालिक प्रशिक्षक मू सुरेश पासवान, मूलनिवासी संघ के प्रदेश प्रशिक्षण सचिव मू आदित्य प्रधान, पूर्व पार्षद सह समाजसेवी इंद्रदेव विद्रोही सहित बामसेफ एवम इसके ऑफशुट विंग मूलनिवासी संघ, मूलनिवासी विद्यार्थी संघ, मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ, मूलनिवासी सभ्यता संघ आदि संगठनों के जिला कमिटी एवम प्रखंड कमिटी के सक्रीय कार्यकर्तागण शामिल हुए। प्रशिक्षण में शामिल उपरोक्त प्रशिक्षकों के द्वारा भारतीय संविधान का प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, कर्तव्य, नीति निर्देशक तत्व आदि की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। भारतीयों में समता, स्वतंत्रता, न्याय एवम बंधुत्व की भावना का विकास, मूलनिवासियों (SC , ST, OBC) की अधिकारों की रक्षा तथा सिंधु घाटी सभ्यता, भारत का बुद्धकालीन एवम मौर्यकालीन स्वर्णिम काल की प्राचीन गौरव की प्राप्ति के लिए व्यवस्था परिवर्तन के लिए कृतसंकल्पित राष्ट्रीय लोकतांत्रिक संगठन बामसेफ द्वारा भारतीय संविधान का सम्मान, सुरक्षा एवम संवर्धन (BS4) करने की प्रतिज्ञा की गई। इसके लिए मोहल्ला स्तर पर लोक सामाजिक कार्यवाही समिति (PSA Committee) गठित करने एवम संविधान प्रबोधक के माध्यम से संवैधानिक जागरूकता पैदा करने पर बल दिया गया। स्वेक्षा सेवकों के माध्यम से भारतीय संविधान एवम कानून पालन से संबंधित जागरूकता पैदा करने से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण शिविर का सफल संचालन में बामसेफ का जिला उपाध्यक्ष मू सुधीर कुमार, संगठन सचिव ललन पासवान, धर्मेंद्र कुमार, राजकिशोर सिंह, मनोज बौद्ध, मुकेश कुमार आदि कार्यकर्तागण का सक्रीय सहयोग रहा।

## मुंह पका एवं खुरहा रोग से वचाव हेतु वैक्सीनेशन का कार्य जारी

निज संवाददाता। **रजौली**

नगर पंचायत मुख्यालय क्षेत्र व प्रखंड के सभी पंचायतों में पशुओं के मुंह पका एवं खुरहा रोग की टीकाकरण कार्यक्रम रजौली के भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार के अगुवाई में चल रहा है।इसके लिए रजौली नगर पंचायत समेत प्रखंड के सभी पंचायतों में पशुओं में होने वाले खुरहा व मुंहपका बीमारी की रोकथाम के लिए प्रखंड क्षेत्र में टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। प्रखंड पशु अस्पताल रजौली से 12 फरवरी को प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी सह नॉडल पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार की देख रेख में 18 सदस्यीय वैक्सीनेटर टीम को रवाना किया गया। वैक्सीनेशन का कार्य तयशुदा समय 27 फरवरी तक चलेगा। वैक्सीनेशन टीम में शामिल वैक्सीनेटरों को चिकित्सक ने क्षेत्र में जाने से पूर्व टीकाकरण से सम्बंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं।चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि रजौली में गणना के अनुसार कुल 48 हजार पशुओं (पाड़ा-पाड़ी) को टीका लगाया जाना है।उन्होंने बताया कि 12 फरवरी से जारी टीकाकरण में चार माह से उपर रहे 6650 पशुओं को टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन को सुरक्षित आइसबॉक्स में रखने के साथ-साथ टीकाकरण के बाद पशुओं में होने वाली रिएक्शन से बचाव के लिए भी आवश्यक सुझाव वैक्सीनेटरों को दिया गया है। वैसे पंचायतों में एक वैक्सीनेटर को पशु टीकाकरण के लिए लगाया गया है। लेकिन बड़े पंचायतों में दो वैक्सीनेटरों को लगाया गया है। प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि इसके पूर्व में भी पशुओं का टीकाकरण किया गया था उसके बाद भी पशुओं में भयंकर खुरहा रोग की बीमारी फैली थी। इस बात को विभाग ने गंभीरता से लेते हुए इस बार वैक्सीन में व्यापक स्तर पर सुधार किया है। जो कमी सामने आई थी उसको इस बार दूर करने का भरपूर प्रयास किया गया है। प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने पशुपालकों से अपने अपने पशुओं को टीका लगवाने की अपील की।

## जयमंगलागढ़ काबर झील स्थित क्षतिग्रस्त माता जयमंगला मंदिर का निर्माण शुरू

निज संवाददाता। **मंझौल बेगूसराय**



अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत काबर झील के बीच स्थित माता जयमंगला के क्षतिग्रस्त मंदिर के नये ढंग से निर्माण के लिए भूमि पूजन पंडित कृष्ण मोहन झा के देख रेख में सोमवार को विधि विधान के साथ संपन्न हुआ । भूमि पूजन में मुख्य यजमान पुतुल शर्मा व हीरा देवी थे।विदित हो कि बीते वर्ष 04 मई 2023 को तेज आंधी के कारण मंदिर के बगल में खड़ा विशाल बरगद का पेड़ का डाल टूट कर मंदिर के छत पर गिरने के कारण मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया था। हालांकि मंदिर का गर्भ गृह सुरक्षित रहा ।बताते चलें कि मंदिर का क्षेत्र दो दशकों से विवादित है इसका केस न्यायालय में चल रहा है जिसके कारण यहां कोई भी काम बगैर न्यायालय के आदेश के नहीं हो सकता था । मंदिर प्रशासन के द्वारा बताया गया कि न्यायालय से आदेश मिलने के बाद क्षतिग्रस्त भाग के निर्माण के लिये 19 फरवरी 2024 तदनुसार विक्रम संवत 2080 माघ शुक्ल पक्ष दशमी की तिथि शुभ मुहूर्त के लिये तय हुआ। मंदिर प्रशासन के द्वारा बताया गया कि गर्भ गृह को सुरक्षित रखते हुए चारों तरफ बरामदे का चौड़ीकरण किया जाएगा एवं मंदिर का स्वरूप भव्य बनाया जाएगा । भूमि पूजन होने के बाद माता जयमंगला तथा महादेव मंदिर का निर्माण कार्य पूरा करने में लगभग छः महीने का समय लगेगा। मंदिर के क्षतिग्रस्त भाग के निर्माण शुरू होते देखकर श्रद्धालुओं में खुशी देखी जा रही है लोगों में मंदिर के निर्माण को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है। भूमि पूजन कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संचालित करने में मंदिर प्रशासन के शरद कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।मौके पर पंसस मनोज भारती, पूर्व मुखिया कुमार अनिल, पूर्व मुखिया अरुण सिंह, मुखिया प्रतिनिधि विपिन भारती, मंझौल पंचायत 04 के मुखिया राजेश कुमार , मुखिया विकेश कुमार , मुखिया प्रतिनिधि सुरेश सहनी, सरपंच प्रतिनिधि कन्हैया कुमार,समाजसेवी अमित कुमार सिंह गप्पू, शिशुपाल कुमार, चन्द्रशेखर प्र. सिंह उर्फ मुन्शी, शैलेश भारती, अवधेश प्र. सिंह उर्फ डिगो, समाजसेवी निरंजन सिंह,समाजसेवी विजयशंकर सिंह, समाजसेवी खड़गनारायण सिंह पुष्पक कुमार, समाजसेवी संजय भारती, संजय सिंह, उप प्रमुख अरविंद सिंह, कारे सिंह, रामउदय सिंह, ललन सिंह, दीपांशु कुमार पुष्पम, विपिन सिंह, मंडल अध्यक्ष सुजीत ठाकुर, ओमप्रकाश राम, रामप्रवेश सहनी, शिवचंद्र पासवान सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित थे ।

**9 लीटर शराब के साथ दो शराब धंधेबाज गिरफ्तार, भेजे गए जेल**

## वार्ड पार्षद के घर से 19 लीटर विदेशी शराब बरामद, प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता। **रजौली**




नगर पंचायत के वार्ड संख्या 7 के वार्ड पार्षद निर्मला देवी के घर से थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कुल 19 लीटर विदेशी शराब जब्त किया।वहीं एसआई गौतम कुमार ने बौढ़ी कला गांव से 9 लीटर शराब के साथ दो शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत के वार्ड पार्षद निर्मला देवी के छोटे पुत्र गोपाल सिंह के द्वारा शराब बेचे जाने की सूचना लगातार मिल रही थी।सूचना के आलोक में पुलिसबलों की मदद से मामले का सत्यापन किया गया।सत्यापन के बाद पुलिस बलों के सहयोग से रविवार की देर शाम वार्ड पार्षद के घर मे छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान घर से विभिन्न प्रकार के विदेशी शराब बरामद किया गया।बरामद शराब की कुल मात्रा 19 लीटर है।थानाध्यक्ष ने कहा कि वार्ड पार्षद समेत घर के सभी सदस्यों को गोपाल सिंह द्वारा शराब बेचे जाने की जानकारी थी,बावजूद किसी परिजन द्वारा शराब बेचने से मना नहीं किया गया।थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त शराब को लेकर वार्ड पार्षद पुत्र गोपाल सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई कर रही है।साथ ही कहा कि बौढ़ी कला गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आलोक में 9 लीटर शराब के साथ दशरथ चौधरी एवं रामविलाश चौधरी को गिरफ्तार किया गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## प्रेमचंद की हत्या नही बल्कि उसने आत्महत्या की थी: एसपी






निज संवाददाता। **बेगुसराय**

बछवाड़ा प्रखंण्ड के रानी 3 प्रेमचंद की हत्या का खुलासा । एसपी मनीष कुमार ने बताया कि दिनांकः- 17.02.24 को सुबह में बछवाड़ा थाना को सूचना मिली थी कि रानी-03 पंचायत के एक युवक प्रेमचंद राय पे० शंकर राय सा०-रानी 03 पंचायत थाना बछवाड़ा जिला-बेगूसराय को गोली लगने से मृत्यु हो गयी है। जिसके संबंध में बछवाड़ा यू०डी० कांड सं0-02/24 दर्ज कर जॉच प्रारंभ किया गया था। पुलिस टीम के द्वारा जाँच / छानबीन करने पर पता चला कि मृतक प्रेम चन्द्र राय जो विगत दो-तीन वर्षों से नौकरी की तैयारी में लगा था परन्तु कही भी बहाल नहीं हो पाने के कारण काफी तनावग्रस्त रह रहा था जिसके कारण दिनांक 17.02.24 को घर के निकट ही स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया था।उक्त मामलें में सूचना / आसूचना संकलन करने पर पाया गया की परिवार के द्वारा ही घटना में प्रयुक्त हथियार एवं गोली का खोखा छुपा दिया गया है। तत्पश्चात पुलिस द्वारा किये गये जॉच एवं अनुसंधान के क्रम में आज दिनांक 18.02.24 को मृतक के पिता शंकर राय पे० स्व० रामप्रीत राय के द्वारा घटना में प्रयुक्त हथियार एवं गोली का खोखा को थाने में प्रस्तुत किया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया। पुलिस टीम के द्वारा पुछताछ में मृतक के पिता के द्वारा स्वीकार किया गया की उनका छोटा पुत्र प्रेमचन्द्र राय (मृतक) जो दो-तीन साल से नौकरी की तैयारी कर रहा था परन्तु सफल नहीं हो पाने के कारण ही आत्महत्या कर लिया था।घटना में प्रयुक्त जप्त देशी कट्टा एवं खोखा को F.S.L टीम के द्वारा जाँच करायी जायेगी।

## जनप्रतिनिध, स्वास्थ्य विभाग एवं पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से गौरा आईपीसी कार्ड का किया गया इस्तेमाल





निज संवाददाता। **तेघड़ा बेगुसराय**

राज्य में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से शुरू हुए एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान को लेकर तेघड़ा के हीरा देवी उप मुखिया गौरा 1 ने आम जनता से अपील की है। उन्होंने कहा कि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए सभी को दवा का सेवन करना जरूरी है। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और दवा लेने से न घबराने की बात कही।शारदा कुमारी (BCM) ने बताया कि अभियान में जिलों से बच्चों में दवा लेने के बाद उल्टी और दस्त की शिकायतें हो सकते हैं।। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी बच्चों को आवश्यक दवाएं और उपचार दिया जाएगा। फाइलेरिया निवारक दवाएं पूरी तरह सुरक्षित उन्होंने बताया कि फाइलेरिया निवारक दवाएं गुणवत्ता और प्रभावशीलता के मामले में पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को दवा लेने के बाद उल्टी, चक्कर और सिरदर्द की शिकायत हुई, उनके शरीर में फाइलेरिया परजीवी पाया गया है।यह दवा सब लोगो को खाना हे केवल 2 वर्ष से छोटे बच्चे ,गर्भवती महिला ,नई धात्री माता और केवल अति गंभीर बीमार व्यक्ति को नही खाना हे।स्वास्थ्य कर्मी और आशा कार्यकर्ता आपके घर तक दवा ले कर जायेगे , दवा अवश्य खाए, उनके सामने ही दवा खाए ,केवल इतना ध्यान रखे कि खाली पेट दवा का सेवन नही करना हे।साथ ही स्वास्थ्य के कंचन देवी(आशा),प्रणव कुमार,राजीव कुमार,दीपक कुमार उपस्थित हुए।

## जनप्रतिनिधियो ने किया प्रधानाध्यापक कक्ष का उद्घाटन

निज संवाददाता। **बखरी,(बेगूसराय)**




बखरी प्रखंड स्थित डरहा में अवस्थित मध्य विद्यालय डरहा मुसहरी में बने प्रधानाध्यापक कक्ष का उद्घाटन सोमवार को मुखिया योगेन्द्र राय,एमएलसी प्रतिनिधि राजकुमार राय, अध्यक्ष पवन देवी तथा उप प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बलराम कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता पवन देवी ने की।इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित को करते हुए मुखिया योगेन्द्र राय ने कहा कि पहले की तुलना में बिहार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। हमारी कोशिश रहेगी कि इस विद्यालय का नाम भी जिले में अब्बल स्थान पर रहे। इस विद्यालय को आदर्श विद्यालय बनाने में जो कुछ भी कठनाईयां होगी उसे जिला शिक्षा पदाधिकारी से बात कर दूर कि जाएगी ।वहीं एमएलसी प्रतिनिधि राजकुमार राय ने कहा कि भारत शिक्षा के क्षेत्र में विश्व गुरू है। वर्षो पहले दूसरे देश से लोग आकर नालंदा, विक्रमशीला, तक्षशीला जैसे विश्व विद्यालय मं शिक्षा ग्रहण करते थे। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से कहा कि जिस तरह से आपने इस विद्यालय भवन तथा पढ़ाई की व्यवस्था को सुचारू रूप से चला रहे हैं। काबिले तारीफ है निश्चित ही इस विद्यालय को आदर्श विद्यालय रूप में पदाधिकारी को घोषित करना चाहिए। प्रखंड के दूसरे विद्यालय के प्रधानाध्यापक को भी इससे सीख लेने की सलाह दी।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, घर मे चल रही थी शादी की तैयारी, मचा कोहराम



**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा एवं कारीसाथ स्टेशन के बीच अप लाइन पर सोमवार की दोपहर ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। इसके बाद स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद रेल पुलिस द्वारा इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना पाकर मृतक के परिजन आरा रेल थाना पहुंचे। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सोनपुरा गांव निवासी जितेंद्र सिंह का 20 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार है। वह हरियाणा के पानीपथ में रहकर प्राइवेट कंपनी में लेबर का काम करता था। इधर मृतक के जीजा मुन्ना कुमार ने बताया कि उसकी शादी चौरी थाना क्षेत्र के अनंतपुर गांव में तय हो और 19 अप्रैल को उसकी शादी होने वाली थी। उसी की तैयारी को लेकर वह एक माह पूर्व पानीपथ से वापस गांव आया था। सोमवार की दोपहर जब वह आरा रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ कर वापस पानीपथ जा रहा था। उसी दौरान जगजीवन हाल्ट के समीप वह चलती ट्रेन से गिर पड़ा। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरा रेल पुलिस द्वारा इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में छोटा था। मृतक की मां प्रभावती देवी की लगभग 15 वर्ष पूर्व स्वाभाविक मौत हो गई थी।

आक्रोशित ग्रामीणों ने दो घंटे तक किया सड़क जाम

# ट्रक और बाइक के बीच भिड़ंत, दो की मौत, एक युवक गंभीर रूप से घायल



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास थाना क्षेत्र के तेलकप मोड़ के पास कोटी बीघा मे बाइक और ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन युवक बुरी तरह घायल हो गए। जिनमें से इलाज के दौरान एक युवक की मौत सोमवार को हो गई। वहीं एक युवक की पहले ही मौत हो चुकी है। इस तरह उक्त दुर्घटना में मृतकों की संख्या अब बढ़कर दो हो गई है। ज्ञात हो रविवार को हुई इस दुर्घटना में एक युवक की अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई थी और दूसरे गंभीर रूप से घायल लालबाबू पिता प्रमोद यादव, ग्राम खजूरी की मौत आज हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। ज्ञात हो कि उक्त दुर्घटना में तीन युवक बुरी तरह घायल हो गए थे। जिसमें अख्तर खान पिता सादिक खान अकबरपुर की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई थी। जबकि घायल लालबाबू और नौशाद खान का इलाज चल रहा था। जिसमें सोमवार को लाल बाबू की भी मौत हो गई। जबकि नौशाद की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद उग्र ग्रामीणों डेहरी- बंजारी नेसनल हाई को जाम कर स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे करते हुए यातायात को बाधित कर सड़क को जाम रखा इस दौरान दो घंटे तक यतायत पूरी तरह बाधित कर दिया था। रोहतास सीओ एवं थानाध्यक्ष के समझाने के बाद जाम खत्म हुआ था। रोहतास थाना अध्यक्ष ज्योति कुमार ने कहा की शव को कब्जे ले कर पोस्टमार्टम सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## वाहन की टक्कर से सुरक्षा गार्ड की मौत



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बनरसिया गांव के पास पुरानी जीटी रोड पर वाहन की चपेट में आने से सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई है। मृतक की पहचान अरवल के 51 साल के विनय कुमार के रूप में की हुई है। पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। शव को लेकर अरवल के लिए रवाना हो गए। चाचा अर्जुन कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की रात ये बजार से लौट रहे थे। बनरसिया गांव के पास फोर व्हीलर गाड़ी ने धक्का मार दिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। जुटे लोगों ने आधार कार्ड द्वारा मृतक की पहचान की और परिजनों को सूचना दी। मौत की सूचना पर परिजन तत्काल अरवल से सासाराम के लिए रवाना हुए। सुबह सदर अस्पताल में परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंपा। सासाराम मुफ्फसिल थानाध्यक्ष ने बताया कि अरवल करपी थाना के बधेरा निवासी सुरक्षा गार्ड की मौत अज्ञात स्कॉर्पियो की चपेट में आकर हो गई। शख्स किसी सरकारी कार्यालय में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते थे और बनरसिया में किराया पर कमरा लेकर रहते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है, मामले की जांच की जा रही है।

सुबह दुकान पहुंचने पर हुई घटना की जानकारी, जांच में जुटी पुलिस

# सीएसपी केंद्र से 1.5 लाख रुपए नगद, लैपटॉप सहित कई सामान की चोरी

निज संवाददाता



**मोहनिया (कैमूर)।** कैमूर के मोहनिया थाना क्षेत्र के लहूरबारी गांव के पास स्थित बैंक ऑफ इंडिया के सीएसपी का बीती रात चोरों ने शटर तोड़कर उसके अंदर रखे लगभग डेढ़ लाख रूपए, दो लैपटॉप, दो कैमरा सहित कई सामान का चोरी कर लिया। घटना की जानकारी लोगों को सुबह हुई तो उन्होंने सीएसपी संचालक को जानकारी दिया। ग्रामीणों की सूचना पर दुकान पर पहुंचकर सीएसपी संचालक ने हालत देखा तो उसके होश उड़ गए। दुकान के अंदर रखे पैसा, सहित कई समान गायब मिले। जिसके बाद दुकानदार ने इसकी सूचना डायल 112 और मोहनिया पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची मोहनिया पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई थी। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों का काफी भीड़ घटनास्थल पर जुट गया। सीएसपी संचालक पंकज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया लहूरबारी में सीएसपी चलाते हैं। सुबह देखा गया कि दुकान का शटर को तोड़कर लगभग डेढ़ लाख रुपए, दो लैपटॉप ,दो कैमरा, मिक्सिंग मशीन और हार्ड डिस्क की चोरी कर ली गई है। जिसके बाद डायल 112 और मोहनिया पुलिस को सूचना दी गई है। डायल 112 के हवलदार रामअवध तिवारी ने बताया पटना से सूचना मिला था की लहुरबारी में चोरी हो गई है। वहां पर पहुंचा गया तो सीएसपी केंद्र में चोरी की बात सामने आई है। जिसमें बताया जा रहा है कि डेढ़ लाख रुपया लैपटॉप और कैमरे की चोरी हुई है।

## दुर्ग-राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** पूर्व मध्य रेल द्वारा दिनांक 20.02.2024 से दुर्ग और राजेन्द्रनगर के बीच चलायी जा रही गाड़ी संख्या 13287/13288 दुर्ग-राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार आरा तक किया जा रहा है। दिनांक 20.02.2024 से गाड़ी संख्या 13288 आरा-राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस आरा से 18.45 बजे खुलकर 19.01/19.03 बजे बिहटा, 19.30/19.40 बजे दानापुर एवं 20.05/20.15 बजे पटना जं. रूकते हुए 20.25 बजे राजेन्द्रनगर पहुंचेगी तथा यहां से यह अपने पुर्व निर्धारित समय 20.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह दिनांक 20.02.2024 से दुर्ग से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13287 साउथ बिहार एक्सप्रेस दुर्ग से 07.00 बजे खुलकर दिनांक 21.02.2024 को 06.45 बजे राजेन्द्रनगर पहुंचेगी तथा यहां से यह 06.50 बजे खुलकर 07.00/07.10 बजे पटना, 07.23/07.33 बजे दानापुर एवं 07.44/07.46 बजे बिहटा रूकते हुए 08.30 बजे आरा पहुंचेगी।

## फाइनेंस कर्मी के साथ लूट मामले में एक और आरोपी गिरफ्तारी

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** नोखा में फाइनेंस कर्मी से हथियार के बल पर लूट करने वाले गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जिला के आधा दर्जन थानों में वांटेड था। एसडीपीओ दिलीप कुमार ने प्रेसवार्ता में बताया कि गिरफ्तार सरयु पासवान उर्फ बुढ़वा, काराकाट थाना क्षेत्र के अमरथा गांव का निवासी रामकृत पासवान का बेटा है। उन्होंने आगे कहा कि नोखा थाना क्षेत्र के नोखा राजपूर पथ पर डेयरी उद्योग के पास 10 सितंबर 2023 को लूट की घटना हुई थी। इसमें एल-टी फाइनेंस कर्मी से 46 हजार 400 रुपए की लूट हुई थी। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को पहले भी गिरफ्तार किया था। उन्हीं से मिली सूचना के आधार पर सरयु पासवान की गिरफ्तारी की गई है। वहीं चार थानों की पुलिस इसे 8 अन्य मामलों में भी खोज रही थी।

## पुलिस ने दो ट्रक एवं तीन डंपर किया जब्त

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** नगर थाने की पुलिस ने शहर के पूरब बाइपास रोड से पांच वैसे वाहनों को बरामद किया, जिनपर टैक्स बकाया था। एसडीपीओ शिवशंकर कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई नगर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष विकास कुमार ने की। उन्होंने बताया कि बरामद किए गए वाहनों में दो ट्रक व तीन डंपर शामिल हैं। इन वाहनों के ऑपरेटर से बकाया टैक्स की वसूली करने की कार्रवाई की जा रही है।

# पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का नीमा हाल्ट पर ठहराव

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 03275/03276 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का छोटकी मसौढ़ी हाल्ट तथा गाड़ी सं. 03269/03270 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल नीमा हाल्ट पर प्रायौगिक तौर पर प्रदान किये गये ठहराव के तिथि में संशोधन किया गया है। इसके साथ ही गाड़ी सं. 03211/03212 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का भी नीमा हाल्ट पर प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान किया गया है। दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के छोटकी मसौढ़ी हाल्ट पर गाड़ी सं. 03276 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का 21 फरवरी से 14.08/14.09 बजे तथा गाड़ी सं. 03275 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल का 22 फरवरी से 10.11/10.12 बजे ठहराव प्रदान किया गया है। दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के नीमा हाल्ट पर 21 फरवरी से गाड़ी सं. 03270 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का 12.50/12.51 बजे तथा गाड़ी सं. 03269 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल का 15.11/15.12 बजे ठहराव प्रदान किया गया है। इसी तरह दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के नीमा हाल्ट पर 21 फरवरी से गाड़ी सं. 03212 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का 10.40/10.41 बजे तथा गाड़ी सं. 03211 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल का 19.12/19.13 बजे ठहराव प्रदान किया गया है।

## बनारस-पटना-बनारस जनशताब्दी एक्सप्रेस का बिहटा स्टेशन पर ठहराव

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर बनारस और पटना मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 15125/15126 बनारस-पटना-बनारस जनशताब्दी एक्सप्रेस का दानापुर मंडल के अंतर्गत बिहटा स्टेशन पर प्रायौगिक तौर पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 15126 पटना-बनारस जनशताब्दी एक्सप्रेस 20 फरवरी से 17.38 बजे बिहटा पहुंचेगी तथा 17.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी जबकि गाड़ी संख्या 15125 बनारस-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस 21 फरवरी से 09.58 बजे बिहटा पहुंचेगी तथा 10.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। बिहटा स्टेशन पर ठहराव प्रदान किये जाने के कारण 20 फरवरी से 15126 पटना-बनारस एक्सप्रेस आरा स्टेशन पर संशोधित समयानुसार 17.56/17.58 बजे रूकते हुए आगे प्रस्थान करेगी।

# बहन के लव मैरिज से नाराज नाबालिग भाई ने बहन को मारी गोली, घायल

निज संवाददाता



**कुदरा (कैमूर)।** कैमूर के कुदरा थाना क्षेत्र के नेवरास गांव में एक भाई ने अपनी बड़ी बहन के प्रेम प्रसंग से नाराज होकर उसके ससुराल में घुसकर दो गोलियां मार दी। एक गोली हाथ में तो दूसरी कंधे के पास लगी है। फिर भाई हवा में फायरिंग करते हुए भाग निकला। घटना के बाद ससुराल वालों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा में भर्ती कराया और इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस पीड़िता का फर्द बयान ले रही थी। पीड़िता साल 2023 में गांव के लड़के से प्रेम प्रसंग में अंतर्जातीय शादी करने के बाद ससुराल में ही आकर रह रही थी। इससे भाई नाराज था और तीन साल बाद मौका देखकर जब ससुराल पक्ष के सभी लोग शादी विवाह के वार्ता को लेकर बाहर गए हुए तो घर में अकेला देख वह ससुराल पहुंच बहन को गोली मारकर भाग निकला। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस पीड़िता का फर्द बयान लेकर आगे कार्रवाई में जुटी हुई थी। घायल महिला की पहचान कुदरा थाना क्षेत्र के नेवरास गांव के अनीश कुमार की 21 वर्षीय पत्नी प्रिया कुमारी के रूप में हुई है। गोली मारने वाला भाई 17 साल का है। प्रिया कुमारी ने बताया कि मैं घर पर अकेली थी तभी मेरे भाई ने मुझ पर गोली चला दी। एक गोली हाथ में लगी और जब भागने लगी तो दूसरी गोली कंधे के पास लग गई और वह भाग निकला। कुदरा थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया नेवारास गांव में प्रिया कुमारी को उसके भाई द्वारा अंतर्जातीय विवाह करने से नाराज होकर गोली मारी गई है। दो गोली लगी है, एक हाथ और कंधे के पास है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। पूरे मामले पर छानबीन कर आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।


बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर।**

E-mail ID- irrigationdivision.daudnagar@gmail.com

पत्रांक–249 दाउदनगर,

**शुद्धि–पत्र (Corrigendum letter)**

इस कार्यालय के पत्रांक 181 दिनांक 05.02.2024 द्वारा निविदा **आमंत्रण सूचना संख्या–07/2023–24 जिसका PR NO – 16888(WRD) 2023-24** है, जो विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, को अपरिहार्य कारणवश संशोधन करते हुए इसका अवधि विस्तार किया जाता है। जो निम्न प्रकार है:

| क्र० स० | विवरणी | पूर्व में निर्धारित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि | दिनांक 15.02.2024 से 19.02.2024 को 3:00 बजे अपराहन तक (सिर्फ बेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर ) | दिनांक 27.02.2024 से 29.02.2024 को 3:00 बजे अपराहन तक (सिर्फ बेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर ) |
| 2 | प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान। | दिनांक 16.02.2024 को 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर। | दिनांक 29.02.2024 को 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर। |
| 3 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 20.02.2024 को 3:30 बजे अपराहन (सिर्फ बेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर ) | दिनांक 01.03.2024 को 3:30 बजे अपराहन (सिर्फ बेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर ) |

**निविदा में प्रकाशित अन्य नियम एवं शर्तें पूर्ववत् रहेंगे।**

**PR- 17641 ( W R D ) 2023-24**

**कार्यपालक अभियन्ता, सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर।**

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है



**NETARHAT AWASIYA VIDYALAYA**
**NETARHAT P.O- NETARHAT,**
**VIA-GUMLA, DISTRICT- LATEHAR**
(An Autonomous Institution under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com
Website:www.netarhatvidyalaya.com

**NOTICE INVITING TENDER**

**Advt No.465 Dated - 17.02.2024**

**Sealed Quotations are invited from reputed Suppliers/ Publishers/Authorized Distributors /Authorized Dealers to Supply different kinds of News Papers, Magazines, and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat.**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Supply of different kinds of News Papers, Magazines and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Supply of News Papers, Magazines ,Circulars on weekly, fortnight, monthly and quarterly basis . (Hindi & English) |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat, P.O- Netarhat, Via-Gumla, District-Latehar.(JHARKHAND) PIN-835 218. |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 17 .02.2024 at 10 A.M |
| 5 | Last Date and Time for receipt of Bids | 29.02.202 4 at 11 A.M |
| 6 | Date of Opening of the Tender | 29.02.2024 at 11.30 A.M |

Further details could be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

**Sd/-**
**(Dr. Prasad Paswan)**
**Principal**
**Netarhat Aawasiya Vidyalaya Netarhat**

**PR 319407 (Human Resource Developement)23-24*D**


# जेल से निकलते ही शराबी ने अपने भाई और परिवार के साथ की मारपीट, घायल



निज संवाददाता

**कुदरा (कैमूर)।** कैमूर के कुदरा थाना क्षेत्र के कर्मा गांव में एक व्यक्ति को शराब के मामले में पुलिस ने पकड़ कर जेल भेजा दिया था। इसके गवाह पुलिस ने उसके सगे भाई को बना दिया जिससे नाराज होकर आरोपी जेल से छूटते ही अपने सगे भाई को पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों द्वारा घायल व्यक्ति को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा लाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया गया। घायलों में कुदरा थाना क्षेत्र के कर्मा गांव के सुरेंद्र बिंद उनकी पत्नी रामवती देवी पुत्री गीता देवी और पुत्र रंजीत कुमार बताये जा रहे हैं ,वहीं पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। सुरेंद्र बिंद ने बताया कि मेरा भाई शराब के मामले में गिरफ्तार होकर जेल में गया था। जाते वक्त वह हम लोगों को चेताया था कि बाहर निकलते ही मैं आऊंगा तो तुम लोगों की पिटाई करूंगा। जैसे ही वह जेल से छुट कर आया चार की संख्या में आकर हम लोगों के साथ काफी मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद उपचार के लिए हम लोग कुदरा अस्पताल गए, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया। फिर एंबुलेंस की सहायता से हम लोग सदर अस्पताल भभुआ पहुंचकर अपना उपचार करा रहे हैं।

## आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, महिला सहित दो घायल



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में आपसी को लेकर हुए विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई को लाठी और डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दिया। घटना घोसी थाना क्षेत्र के उवेर गांव का है।

जिसके बाद परिजनों ने जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की पहचान चंद्र भोस यादव के रूप में हुई है। वह बेंगलुरु में प्राइवेट कंपनी में काम करता है। उसे बिहार से मजदूर लेकर बेंगलुरु जाना था। इसी को लेकर वह अपने गांव आया था। इसी बीच उसके भाई और भतीजे ने इसे कहा कि बिना पूछे गांव से मजदूर क्यों ले जा रहा है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा सुनी होने लगा, वहीं विवाद इतना बढ़ा की बड़े भाई ने छोटे भाई का लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी को लेकर दोनों के बीच मारपीट हुई है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**यॉँत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार)**
**शिविर मेदिनीनगर**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

अति–अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा प्रसंग सं0–**WRD/MDMANDAL**/08/2023–24 दिनांक 17.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | **Renovation Work of C/R and H/R Gate With Embedded Parts, Hoisting arrangement shed and Platform of Harhi weir scheme.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 34,71,000.00 (चौतीस लाख इकहत्तर हजार) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 04 (चार माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 69,500.00 (उनहत्तर हजार पाँच सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 20.02.2024 (03:00 बजे अपराह्न) |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 27.02.2024 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.02.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपाल कअभियंता, यॉँत्रिक प्रमण्डल मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :–1.केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2.विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

**कार्यपालक अभियंता**
**यॉँत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)**
**शिविर मेदिनीनगर**

**PR 319412 (District)23-24*D**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**यॉँत्रिक प्रमण्डल मण्डल (लातेहार)**
**शिविर मेदिनीनगर**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

अति–अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा प्रसंग सं0–**WRD/MDMANDAL**/07/2023–24 दिनांक 17.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | **Renovation Work of C/R and H/R Gate With Embedded Parts, Hoisting arrangement shade and Platform of Ghaghari weir scheme.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 49,58,700.00 (उनचास लाख अन्ठावन हजार सात सौ) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 04 (चार माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 99,500.00 (निन्नावे हजार पाँच सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 20.02.2024 (03:00 बजे अपराह्न) |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 27.02.2024 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 29.02.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉँत्रिक प्रमण्डल मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :–1.केवलई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2.विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकताहै।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकतीहै।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

**कार्यपालक अभियंता**
**यॉँत्रिक प्रमण्डल, मण्डल (लातेहार)**
**शिविर मेदिनीनगर**

**PR 319414 District(23-24).D**

# पति की डांट से नाराज पत्नी ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

## मोबाइल पर किसी से बात करते पकड़ी गई थी पत्नी

निज संवाददाता। नालंदा

शेखपुरा की एक महिला की इलाज के दौरान नालंदा में सोमवार को मौत हो गई। महिला ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। महिला की पहचान शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत फैजाबाद मोहल्ला निवासी चंदन विश्वकर्मा की (22) वर्षीय पत्नी स्वाति कुमारी के रूप में की गई है। चंदन कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि रविवार की शाम उसकी पत्नी मोबाइल से किसी से बात कर रही थी। इसके बाद उसने पत्नी से फोन ले लिया और उसे डांट फटकार लगाई। जिसके बाद वह बाजार चला गया। थोड़ी देर बाद घर से फोन आता है कि स्वाति जमीन पर गिरी हुई है। इसके बाद आनन-फानन में घर पहुंचा तब देखा कि उसने कुछ जहरीला पदार्थ खाया हुआ है। इलाज के लिए उसे बिहार शरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निजी क्लीनिक में देर शाम भर्ती कराया गया। जहां सोमवार को इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।



**पुलिस मामले की जांच में जुटी है:** पत्नी के प्रेम-प्रसंग के मामले में पूछे जाने पर चंदन ने बताया कि प्रेम-प्रसंग जैसी कोई बात नहीं थी। डांट फटकार से गुस्सा होकर उसने जहर खा लिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि क्लीनिक के कर्मियों और महिला के पति से सूचना मिलने पर पुलिस निजी क्लीनिक पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# गया में 4.73 लाख के नकली नोट बरामद, दो गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया में 4 लाख 73 हजार रुपए का नकली नोट बरामद हुआ है। इसमें 50, 100, 200 और 500 के नोट शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये करीब 4 माह से नकली नोट बनाने का धंधा कर रहे थे। नोट बनाना इन्होंने यू-ट्यूब से वीडियो देख कर सीखा था। अब तक 5 लाख रुपए के नोट बना चुके है, जिसमें से 25 हजार रुपए खपा दिए गए। नोट बेहद ही निम्न क्वालिटी के हैं। पुलिस ने मौके से प्रिंटर, कटर मशीन और अन्य उपकरणों को बरामद किया गया है। पुलिस इस मामले को लोकसभा चुनाव से जोड़ कर देख रही है। मामला चेरकी थाना क्षेत्र के कुरमावां गांव का है। चेरकी थाना प्रभारी एसके गुप्ता ने कहा, सूचना मिली थी कि गांव में नकली नोट तैयार किया जा रहा हैं। एसडीपीओ बोधगया सौरभ जायसवाल के आदेश पर एक टीम गठित कर चेरकी थाना की पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान कुरमावां गांव निवासी वीरेंद्र और टनकुप्पा के चामुखाप निवासी अनुज को गिरफ्तार किया गया। वाटर



मार्क के लिए प्रिंटिंग प्रेस में इस्तेमाल होने वाले उपकरण का प्रयोग किया जा रहा था। गिरफ्तार व्यक्तियों के लिंक को खंगाले जा रहे हैं।

**अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा:** एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर इन दिनों अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को चेरकी थाना क्षेत्र में नकली नोट बनाने का धंधा किए जाने की गुप्त सूचना मिली। चेरकी थाना की पुलिस ने कुरमावा गांव में छापेमारी की। एक मकान से 4 लाख 73 हजार 400 रुपए के नकली नोट बरामद किए गए। मौके से कुरमावा गांव निवासी वीरेंद्र कुमार और टनकुप्पा थाना क्षेत्र के रहने वाले अनुज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर आगे भी अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

### बाइक लुटेरे समेत चार अपराधी हुए गिरफ्तार

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल करने के लिए स्थानीय पुलिस काफी सक्रिय है। रविवार को औरंगाबाद जिला के सलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत पिरवां गांव में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर अनिकेत कुमार नामक अपराधी को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सरफराज इमाम ने बताया कि एक सप्ताह पहले इटवां गांव के निकट बाइक लूट कांड हुआ था। इसमें पिरवां गांव निवासी अनिकेत कुमार नामजद अभियुक्त था। वहीं दूसरी को बेलौटी पंचायत के मलहटोली गांव से मानकी मल्लाह, विनोद मल्लाह समेत तीन लोग लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। तीनों के विरुद्ध कोर्ट से वारंट निर्गत था। वे लंबे समय से फरार चल रहे थे।

### दो बाइकों में हुई भिड़ंत, चार लोग गंभीर रूप से घायल

**आमस।** थाना क्षेत्र के बलियारी मोड़ के पास जीटी रोड पर रविवार को दो बाइकर्स आपस टकरा गए। हादसे में मदनपुर बदमा निवासी मिथिलेश, धर्मेन्द्र कुमार, गया कमलदह निवासी क्रांति देवी व आजाद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय निवासी अंकित पांडे, साधु सिंह, सुधाकर, सचिन, शशि आदि स्थानीय लोगों ने उठाकर आमस अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल गया रेफर कर दिया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ महेश प्रसाद ने बताया इनके सिर में गंभीर चोटें आई थी। चश्मदीदों की मानें तो क्रांति देवी बेटे के साथ बाइक से एक शादी समारोह में जा रही थी वहीं मिथिलेश रिश्तेदार के साथ शादी के कार्ड बांटने जा रहे थे। इस क्रम में दोनों की तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर आपस में टकरा गई।

### सूचना तंत्र से इलाके में नजर रखे चौकीदार

**हरनौत।** आदर्श थाना परिसर हरनौत में रविवार को चौकीदारों का परेड कराया गया। जिसमें इलाके के 9 चौकीदार शामिल हुए। सभी को सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए इलाके के बदमाशों पर नजर रखने का निर्देश मिला। थानाध्यक्ष अबू तालिब ने बताया कि वरीय अधिकारी के आदेश पर चौकीदारों को अवश्यक निर्देश दिया गया है। चौकीदार गांवों का भ्रमण करते हैं। जिस कारण ज्यादा ग्रामीणों के संपर्क में रहते हैं। किसी भी तरह की सूचना उन्हें त्वरित मिलती है। थोड़ी चौकसी बरत वह इलाके में होने वाली कई घटनाओं को रोक सकते हैं।

### राजेश हत्याकांड में पत्नी ने 16 को किया नामजद

**हरनौत।** हरनौत के चेरो ओपी क्षेत्र के खरुआरा गांव में बदमाशों ने गोलियों से छलनी कर राजेश यादव की हत्या कर दी थी। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपित पुलिस से दूर है। मृतक की पत्नी सोना देवी ने 16 बदमाशों को आरोपित कर केस दर्ज कराया है। जिसमें घटना का कारण पूर्व की रंजिश बताया गया है। ग्रामीणों की मानें तो दोनों पक्षों के बीच शराब धंधे व रंगदारी वसूलने की प्रतिस्पर्धा है। इसी कारण एक दशक में तीन लाशें गिर चुकी है। यह भी चर्चा है कि बदमाश विरोधी को फंसाने के लिए अपने ही पक्ष के सहयोगी की लाश गिरा रहे हैं। चेरो ओपी प्रभारी मिथिलेश कुमार पंडित ने बताया कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है।

### शराब के साथ पूर्व वार्ड पार्षद का भाई गिरफ्तार, दालान सील

**सिलाव।** थाना पुलिस ने शनिवार की रात कड़ाह बाजार में छापेमारी कर 32 बोतल अंग्रेजी व 5 लीटर देसी शराब बरामद करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद दालान को सील कर दिया गया। गिरफ्तार धंधेबाज पूर्व वार्ड पार्षद का भाई संदीप कुमार है। थानाध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि शराब लाए जाने की गुप्त सूचना के बाद छापेमारी की गई। मौके से देसी-विदेशी शराब के साथ धंधेबाज को पकड़ा गया। शराब बरामद होने के बाद दालान को सील कर दिया गया। पूछताछ के आधार पर पुलिस धंधेबाज के सहयोगी की तलाश में जुट गई है। गिरफ्तार धंधेबाज शातिर है। बदमाश पर पूर्व से पुलिस पर हमला का केस दर्ज है।

### लेखा सहायक की रद्द होगी प्रतिनियुक्ति

**बिहारशरीफ।** चंडी के प्रखंड संसाधन केन्द्र में प्रतिनियुक्त लेखा सहायक सह डाटा इंट्री ऑपरेटर आशीष कुमार की प्रतिनियुक्ति रद्द होगी। इनकी नियुक्ति मूलतः प्रखंड संसाधन केन्द्र सिलाव में है। चंडी के मुबारकपुर निवासी सुधीर प्रसाद सिंह ने बिहार शिक्षा परियोजना परिषद में शिकायत की थी। परिषद के प्रशासी पदाधिकारी शाहजहां ने इस संबंध में इन्हें सूचित किया है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को प्रतिनियुक्ति रद्द करने की सूचना दे दी गयी है।

### वाहन जांच में तीन पियक्कड़ धराए

**हरनौत।** तेलमर थाना क्षेत्र में वाहन जांच के क्रम में दो बाइक पर सवार तीन लोगों को नशे में पकड़ा गया। जांच में नशे में होने की पुष्टि की गई। इसके बाद उन्हें कोर्ट के हवाले कर दिया गया। सभी को जुर्माने पर छोड़ा गया। तेलमर थानाध्यक्ष शत्रुघ्न साह ने बताया कि नशेड़ियों में नगरनौसा का कैले जमादार, चंडी के चिस्तीपुर का कुंजी बिंद व एक पटना जिला का था।

### किलकारी के बच्चों के साथ इंग्लैंड से गया आए माइक ब्रे ने किया गायन



**गया।** शहर के टाउन हॉल स्थित बिहार बाल भवन किलकारी में पहली बार इंग्लैंड के माइक ब्रे पहुंचे। यहां उन्होंने बच्चों के साथ गायन की प्रस्तुति की। उन्होंने भी बच्चों के साथ हिन्दी गाने लकड़ी की काठी-काठी पे घोड़ा, मेरा मूल्क मेरा देश मेरा ये वतन जैसे गानों पर अपनी आवाज दी। इनके साथ संगत कलाकार में तबला प्रशिक्षक दिनेश कुमार मऊआर ने दिया। उन्होंने कहा कि किलकारी में बहुत अच्छा और निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है इससे बच्चे काफी लाभांवित हो रहे है। इस मौके पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार श्याम भंडारी, सुर सलिला कला संस्थान के कार्यकारिणी सदस्य राजेश्वर सिंह, प्रियरंजन, रूपक सिन्हा, रजनीश कुमार झूना आदि मौजूद थे। बिहार बाल भवन किलकारी के सीपीसी राजीव रंजन श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर जेल में छापेमारी



**गया।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर गया सेंट्रल जेल में छापेमारी हुई। हालांकि जिला व पुलिस प्रशासन को जेल के अंदर से कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला है। बताया गया है कि रुटीन के तहत सेंट्रल जेल में छापेमारी की गई है। एसएसपी आशीष भारती के निर्देशन में सिटी एसपी प्रेरणा कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारी व पुलिस बल अहले सुबह सेंट्रल जेल पहुंचे। छापेमारी की सूचना पर कैदियों में हड़कंप मच गया। छापेमारी में हरेक वार्ड की सघन तलाशी ली गई, लेकिन कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। छापेमारी में एएसपी, डीएसपी (विधि व्यवस्था), डीएसपी (साइबर थाना), रामपुर, कोतवाली थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल शामिल थे। एसएसपी ने बताया कि केन्द्रीय कारा गया में छापामारी की गई है। सजायाक्ता एवं कुख्यात अपराधकर्मियों पर कड़ी निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया। सेंट्रल जेल में छापेमारी में शामिल पुलिस अधिकारी व बल।

घर में घुसकर महिला से मारपीट मामला

# डायन बताकर एक महिला ने की थी पिटाई, एक साल बाद गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

8 फ़रवरी 23 को एक पीड़ित महिला मंजू देवी पति रामदहीन पासवान ग्राम सिरीयावां थाना मोहनपुर ज़िला गया की रहने वाली पीड़ित महिला द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था। दिए आवेदन में महिला ने बताया कि जब वह घर पर थी तो उस समय गांव की हीं रहने वाली सुनीता कुमारी एवं उनके अन्य सहयोगियों के द्वारा लाठी डंडे से लैस होकर डायन-डायन कहकर घर में घुसकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए डायन का आरोप लगाकर जान मारने की नीयत से मेरे साथ जमकर मारपीट करने लगे, शोर-शराबा सुनकर पति कमरे से बाहर निकले और बीच बचाव करने लगे है तो सभी ने पति के साथ भी मारपीट की घटना कर दी,और गंभीर कर दिया। मामले को लेकर 1057/23 केस दर्ज किया गया था। इस कांड की जानकारी एसएसपी आशीष भारती को लगी, जिसके बाद




एसएसपी ने निर्देश दिया कि लंबित कांड में वांछित फरार अभियुक्त की गिरफ़्तारी के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाएं,इसी क्रम में मोहनपुर थाना की पुलिस टीम ने लगातार छापेमारी कर इस कांड की प्राथमिकी अभियुक्त सुनीता कुमारी पति कैलाश यादव ग्राम सिरीयावां थाना मोहनपुर ज़िला गया की रहने वाली को गिरफ़्तार कर लिया। आगे की कार्रवाई में जुट गई है, उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी इस कांड में एक अभियुक्त कैलाश यादव पिता अमित यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मुख्य आरोपी महिला को अब गिरफ्तार किया जा सका है। वहीं घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# पत्नी ने बहनोई के साथ मिलकर की पति की हत्या, जगंल में फेंका शव, मृतक का साढ़ू गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के भालूवाही पहाड़ के जंगल से बीते शनिवार को बरामद शव के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने हत्या करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति मृतक का साढ़ू है। पुलिस के अनुसार मृतक की पत्नी ने ही अपने बहनोई के साथ मिलकर अपने पति छोटू मांझी की हत्या कर शव जंगल में फेंक दिया था। इस मामले में मृतक के छोटे भाई ने आमस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस दर्ज केस के आधार पर ही जांच की तो मृतक की पत्नी और साढ़ू द्वारा छोटू मांझी की हत्या किए जाने का मामला उजागर हुआ। इस मामले में अब तक सिर्फ मृतक का साढ़ू ही गिरफ्तार किया जा सका है। हालांकि, जिस दिन शव बरामद हुआ उस दिन मृतक की पत्नी पुलिस के समक्ष घड़ियाली



आंसू बहा रही थी। लेकिन अब वह फरार चल रही है। एसडीपीओ के राम दास ने बताया कि मृतक के छोटे भाई गुरुआ के वर्मा निवासी गुड्डू मांझी का कहना था कि उसका भाई छोटू मांझी अपनी पत्नी के साथ साढ़ू के घर आमस थाना के मसूरिवार गया था। छोटू के साढ़ू उपेंद्र मांझी उर्फ जगरु मांझी के बेटे की शादी थी। शादी संपन्न होने के बाद भी जब छोटू मांझी घर नहीं लौटा तो गुड्डू मांझी आमस के मसूरीवार गांव में जगरु मांझी के घर गया था। वहां उसे बताया गया कि एक दो दिनों में छोटू मांझी घर लौट जाएगा। इस बीच उस दिन उसे सूचना मिली कि भालुवाही के जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा है।


**पूछताछ में साढ़ू ने कबूल किया अपना अपराध:** मौके पर उसने जा कर देखा तो पाया कि मृतक उसका भाई ही है। जिसकी हत्या कर दी गई है। इस मामले में आमस थाना में नामजद रिपोर्ट दर्ज करा कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग पीड़ित पक्ष की ओर से की गई थी। एसडीपीओ ने बताया कि सम्बन्धित मामले में एसएसपी आशीष भारती की ओर से विशेष टीम गठित की गई थी। विशेष टीम ने जांच शुरू की मृतक की पत्नी और साढ़ू की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इस पर जब मृतक के साढ़ू से सख्ती के साथ पूछताछ की गई तो उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दबिश जारी है।

# शादी में मुर्गा-भात के लिए मारपीट, बच्चे की मौत, नालंदा से नवादा गई थी बारात

## चिकन नहीं मिला तो वर-वधु पक्ष भिड़े, इलाज के दौरान गई जान

निज संवाददाता। नालंदा

शादी में खाने को लेकर हुई मारपीट में एक 12 साल के बच्चे की मौत हो गई। नालंदा से बारात नवादा गई थी। शादी में मुर्गा-भात को लेकर बाराती और लड़की पक्ष में कुछ कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान करण कुमार (12) समेत 5 बाराती बुरी तरह जख्मी हो गए। शादी से भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। इसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए बिहारशरीफ के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान करण की मौत हो गई। जबकि 4 अन्य विकास कुमार, राजा कुमार, ईश्वर और सूरज कुमार का इलाज चल रहा है। मृतक





राजगीर थाना क्षेत्र के करियानंद नगर मोहल्ला निवासी सुरेंद्र राजवंशी का बेटा करण कुमार है। बारात नालंदा के राजगीर थाना क्षेत्र के करियानंद गांव से नवादा जिला के सिरदला थाना के कदुआरा गांव गई थी।

**खाने को लेकर हुई थी लड़ाई-पिता:** मृतक के पिता ने बताया कि राजगीर निवासी उपेंद्र राजवंशी के बेटे अजित कुमार की शादी नवादा जिले के सिरदल्ला थाना क्षेत्र कदुआरा गांव निवासी रामानंद राजवंशी की बेटी काजल कुमारी से तय हुई थी। शनिवार की शाम को राजगीर थाना क्षेत्र के करियानंद नगर से बारात गई थी। नवादा में बारातियों का स्वागत हुआ।

खाने के दौरान कुछ बारातियों को मुर्गा-भात नहीं मिला। उसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और विवाद इतना बढ़ गया तो दोनों के बीच मारपीट हो गई। परिजनों ने बताया कि बच्चे को लाठी-डंडे से मारा गया था। झगड़े के बाद शादी पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराई गई। दूल्हा, दुल्हन को विदा कर घर ले आया है।

**क्या बोले थानाध्यक्ष:** राजगीर थानाध्यक्ष चंद्र भानु ने बताया कि बारात में किसी बात को लेकर नवादा के सिरदल्ला में वर और वधु पक्ष के मारपीट हुई थी। उसी के दौरान एक घायल बच्चे की बिहारशरीफ के प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने मौत की सूचना पुलिस को दी, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन को संबंधित थाने को फॉरवर्ड कर दिया जाएगा।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, दुकान बंद कर लौट रहा था घर

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में रविवार की रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मामला नगरनौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरनौसा बाजार का है। मृतक की पहचान नगरनौसा गांव निवासी अनिल राम का (25) वर्षीय बेटे सुमित कुमार के रूप में की गई है। परिजन पुलिस की मदद से शव को सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुँचे। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि युवक नगरनौसा बाजार में मीट मुर्गा का दुकान चलाता है। हर दिन की तरह वह रविवार की शाम में दुकान बंद कर घर लौट रहा था। इसी बीच रॉन्ग साइड में आकर नगरनौसा के विजेंद्र चौधरी का बेटे नीतीश चौधरी बाइक से टक्कर मार दिया। जिसके कारण सुमीत के सिर में गंभीर चोट लग गई।



आसपास के लोगों के द्वारा उन लोगों को घटना की जानकारी मिली इसके बाद आनन-फानन में युवक को इलाज के लिए पटना पीएमसीएच ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार फरार हो गया। सुमित कुमार की 2 साल पूर्व में शादी हुई थी। 2 माह पहले एक बेटे ने जन्म लिया है। मौत की पुष्टि के उपरांत परिजनों में कोहरा मच गया परिवार वालों की चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। वहीं, इस मामले में नगरनौसा थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार झा ने बताया की घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# युवक की हत्या करने वाला गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

पूर्व मुखिया पुत्र के हत्यारोपी सह साजिशकर्ता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नगर थाना क्षेत्र के उपरौरा गांव में शनिवार को दिनदहाड़े चचेरे भाई और चाचा ने विशाल की गोली मार हत्या कर दी थी। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि 17 फरवरी की शाम में मुरौरा पूर्व मुखिया विशाल कुमार उर्फ गोपाल की हत्या हुई थी। पुलिस टीम का गठन किया गया। मुख्य अभियुक्त गुड्डु सिंह की घेराबंदी कर गिरफ्तारी की गई। जानकारी मिली थी कि आरोपी आसपास के इलाके में छिपा है। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी की और तकनीकी आधार पर बहियार-खेत में पीछा कर रामजीचक बहियार से गिरफ्तार किया। तलाशी में घटना में शामिल हथियार और 17 कारतूस मिले। आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और पूर्व के पारिवारिक विवाद, रंजिश के कारण हत्या की बात बताई। मुख्य आरोपी गुड्डू सिंह मृतक का अपना सहोदर चाचा है। विशाल जमीन खरीद बिक्री का कारोबार करता था। घटना के समय वह जमीन दिखाने के लिए गया था। जहां अभियुक्तों ने षड्यंत्र के तहत उसकी हत्या की। घटना में प्रयुक्त खून लगा चाकू, दो मोबाइल, एक स्मार्टफोन और बाइक भी बरामद की गई। मृतका की पत्नी सीमा कुमारी के फर्द बयान पर बिहार थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें गुड्डू सिंह, हैप्पी उर्फ विवेक कुमार और करण कुमार उर्फ अखिलेश के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मुख्य आरोपी गुड्डु सिंह का नगर थाना में आपराधिक इतिहास भी पाया गया है। अभियुक्त के पास से 2 पिस्टल, 315 बोर की 14 गोली, 30 बोर की 03 गोली, 1 धारदार चाकू, 2 की-पैड वाला मोबाइल, एक स्मार्टफोन और घटना में प्रयुक बाइक बरामद की गई है।

नालंदा को ज्ञान और तप की भूमि कहा जाता, जदयू राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा

# नालंदा वासियों ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाया

निज संवाददाता। नालंदा

जदयू राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने बिहार के विकास में नालंदा वासियों के योगदान की प्रशंसा की। कहा कि नालंदा के युवा, किसान और नागरिकों की मेहनत और प्रतिभा का पूरे देश में कोई मुकाबला नहीं कर सकता। आदिकाल से ही नालंदा वासियों ने अपनी योग्यता का लोहा पूरे विश्व में मनवाया है। इसीलिए नालंदा को ज्ञान और तप की भूमि कहा जाता है। आज भी इनकी मेधा का डंका पूरे देश में बजता है। उन्होंने कहा कि नालंदा के युवाओं की बात करें तो आईएस से लेकर आईआईटी जैसी कठिन मानी जाने वाली दक्षता परीक्षाओं में सफलता हासिल करने वाले छात्रों में नालंदा के युवाओं की संख्या काफी अधिक रहती है। इसी तरह सरकारी नौकरियों में भी यहां के विद्यार्थी अपनी क्षमता का लोहा हर जगह मनवा चुके हैं। बात चाहे रिसर्च की हो या आधुनिक तकनीकों की, नालंदा के युवाओं ने हर बार साबित किया है कि यदि उचित संसाधन व सपोर्ट मिले तो आगे बढ़ेंगे।



**परिश्रम और लगन की जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी:** जदयू प्रवक्ता ने कहा कि इसी तरह यहां के किसानों के परिश्रम और लगन की जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी। यह यहां के किसानों की संघर्ष से सफलता प्राप्त करने की जुनून ही है कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अमेरिका, चीन, जापान जैसे विकसित मुल्कों के किसानों को पछाड़ते हुए प्रति हेक्टेयर आलू और धान उगाने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। आज ऑर्गेनिक खेती आदि में भी यहां के किसानों का नाम देश भर में छाया हुआ है।

**महिलाओं ने भी प्रतिभा साबित की:** उन्होंने कहा कि यहां की महिलाओं ने भी बार-बार यह साबित किया है कि प्रतिभा और मेहनत के मामले में वह पुरुषों से किसी भी सूरत में कम नहीं है। चाहे बात पढ़ाई-लिखाई की हो या जीविका जैसी परियोजनाओं में सहभागिता की। उन्होंने हर लक्ष्य में सफलता का कीर्तिमान अपने नाम किया है।

**युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तिकरण पर सीएम का ध्यान:** नालंदा वासियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नालंदा से विशेष लगाव रहा है। राजगीर व नालंदा के विभिन्न क्षेत्रों में चल रही परियोजनाएं और विकास कार्य इसका जीवंत प्रमाण है। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पूरा ध्यान युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तिकरण पर है। उन्होंने कई ऐसी योजनाएं चलाई हैं जिससे इन सबका भविष्य उज्ज्वल हो रहा है। यहां के निवासियों से मेरी अपील है कि इन योजनाओं की समग्र जानकारी लें और जमकर इनका लाभ उठाएं। इससे न केवल उनकी समृद्धि बढ़ेगी बल्कि नालंदा का नाम पूरे विश्व में आलोकित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब बेचने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**कोईलवर**। शराब बेचने के आरोप में चांदी थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के भदवर से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बाबत चांदी थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में टेंगर मुसहर, जितेंद्र मुसहर व सुबोध मुसहर शामिल है। सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उक्त सभी पूर्व में शराब बेचने में आरोपी है। पुलिस कि इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में भय व्याप्त है।

### ऐतिहासिक शिव मंदिर में 40 वर्ष बाद पूजा की शुरुआत की गई

**आरा**। 40 वर्षों से वीरान ऐतिहासिक प्राचीन शिव मंदिर बड़ी मठिया, आरा के प्रांगण में विधिवत पूजा कार्य रविवार से प्रारंभ हुआ। मठ मंदिर संरक्षण सह सेवा समिति, भोजपुर के द्वारा पुजा कार्य की सर्वप्रथम शुरुआत मुख्य यजमान चंदन ओझा व भक्तो ने भूमि पूजन, गौ पूजन एवं पौध रोपण से किया। इस दौरान योगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आम सभा हुआ। जिसमें महाशिव रात्रि के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का वाचन वृंदावन के पूज्य श्री गंगा मिश्रा जी द्वारा कराने का निर्णय लिया गया, जिसका समापन 8 मार्च को शिव विवाह एवं शिव कथा के साथ होगा।

### 29 तक टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल साइंसेज प्रतियोगिता के लिए आवेदन

**आरा**। बिहार मैथमेटिकल सोसायटी एवं शिक्षा विभाग के द्वारा टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल साइंसेज- 2023 संचालित कराया जाएगा। इसके लिए 29 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। रविवार को परीक्षा के सफल संचालन के लिए डीएम राजकुमार की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक की गई। नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ केसी सिन्हा ने कहा कि बिहार के छात्र कठोर परिश्रमी होते हैं लेकिन उसे उचित मार्गदर्शन एवं आकार देने की आवश्यकता है। डीएम ने कहा कि बिहार में प्रतिभावान छात्रों को ओलंपियाड के माध्यम से छात्रों मे लर्निंग आउटकम एवं स्टूडेंट एंपावरमेंट बढ़ाने में गणित की अहम भूमिका है। जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने कहा कि अधिक से अधिक छात्रों की प्रतिभागिता को बढ़ाया जाए। छात्रों को प्रशिक्षण के माध्यम से मैथ एंजायटी यानी गणित फोबिया को दूर करने के लिए मनोरंजक तरीके अपनाया जाए। टाइम मैनेजमेंट एवं आधुनिक तकनीकी आधारित शिक्षण के माध्यम से सहज रूप से गणित सीखा जा सकता है। जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी राजेश कुमार ने सभी प्राचार्य एवं शिक्षकों से अनुरोध किया है कि इस टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल प्रतियोगिता परीक्षा में अधिक से अधिक छात्रों को पंजीकरण कराया जाए। जिला संयोजक राजेश कुमार ने कहा कि परीक्षा में कक्षा 6 से 12 और स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राए सम्मिलित हो सकते हैं। भोजपुर जिला से 2300 छात्रों एवं मधुबनी जिला से 2000 छात्रों ने पंजीकरण किया है। संयोजक डॉ विजय कुमार ने कहा कि इसमें प्रतिभागिता बढ़ाने के लिए सोशल अवेयरनेस, प्रोपर मॉनिटरिंग, क्रॉस चेकिंग तथा एनालाइज करने की आवश्यकता है। मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षा के पूर्व प्री एग्जामिनेशन कैंप लगाने की आवश्यकता है ताकि छात्रों में ओलंपियाड के प्रति अवेयरनेस हो सके।

### चार मार्च से होगी आठ केंद्रों पर पीजी सेमेस्टर- थ्री की परीक्षा

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर (पीजी), सेमेस्टर थ्री सत्र, 2021-23 की परीक्षा के लिए प्रोग्राम जारी कर दिया है। इसकी परीक्षा 4-11 मार्च तक दो पाली में होगी। परीक्षा के लिए कुल आठ केंद्र बनाए गए है। इनमें आरा में चार, सासाराम में दो और भभुआ एवं बक्सर में एक-एक केंद्र बनाया गया है। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो से पांच बजे तक होगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवर इमाम ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी विषयों का दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप "ए" में भौतिकी, रसायनशास्त्र, गणित, बाटनी, जूलाजी, कामर्स, हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, परसियन, प्राकृत एंड जैनिज्म, संस्कृत, भोजपुरी और दर्शनशास्त्र विषय को रखा गया है। इसी प्रकार ग्रुप "बी" में इतिहास, लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, भूगोल और गृह विज्ञान को रखा गया है। ग्रुपवार परीक्षाओं का संचालन होगा।

### तुरकिया में फंदे से लटकर विवाहिता ने की खुदकुशी

**डंडारी**। थाना क्षेत्र के कटरमाला उत्तरी पंचायत के तुरकिया गांव में बीते रात 25 वर्षीय विवाहित पूजा कुमारी ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। मृतका की पहचान तुरकिया गांव निवासी रविंद्र कुमार महतो की पत्नी एवं नारायन महतो की पुत्रवधू बताई जा रही है, घटना के संबंध में मृतिका के पति रविंद्र कुमार महतो ने बताया कि घटना शनिवार की रात के करीब 9 बजे की है। जब वह शौच कर घर वापस आए तो उनके दोनों बेटी बंद कमरे में रो रही थी। कमरा अंदर से बंद था, लगातार खोलने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं खुलने पर खिड़की तोड़कर अंदर जाने पर देखा कि उनकी पत्नी पूजा कुमारी दुपट्टा से फंदे लगाकर पंखा से लटकी हुई है। चिल्लाने पर परिजन और आसपास के लोग आए तो पूजा कुमारी को पंखे से फंदा खोलकर उतारा गया, लेकिन उसकी जान जा चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही डंडारी थानाध्यक्ष विवेक कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया है।

### संदेहास्पद स्थिति में स्वर्ण कारोबारी की मौत



**आरा**। भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया डाक बंगला के समीप रविवार की देर शाम संदेहास्पद स्थिति में कार में बैठे स्वर्ण व्यवसाई की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। वही, परिजन द्वारा दम घुट जाने के कारण स्वर्ण व्यवसाई की मौत होने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया गांव निवासी जगनारायण प्रसाद का 23 वर्षीय बेटे आशीष कुमार है। वह पेशे से स्वर्ण व्यवसाई था एवं बिहिया बाजार पर अपना ज्वेलरी का दुकान चलाता था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की शाम वह अपना कार धुलवाने के लिए बिहिया डाक बंगला के समीप वाशिंग दुकान पर आया था। कार धुलवाने के बाद वह कार के सभी शीशे को चढ़ाकर कर में कार बैठ गया। उसी बीच उसकी कार में बैठे ही मौत हो गई। काफी देर सड़क किनारे कार खड़ी रहने के कारण जब स्थानीय लोगों ने देखा तो उसके कार का दरवाजा खटखटाया। लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा कार का शीशा फोड़कर उसे बाहर निकला गया तो वह मृत अवस्था में पाया गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को गई। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर उसे आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले गए। वहीं, दूसरी ओर परिजन द्वारा कार धुलवाने के बाद कार का शीशा लगाने के और कार में गैस भर जाने के कारण दम घुटने से उसकी मौत होने की बात कही है। हालांकि मृतक की मौत किस कारण हुई। यह स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन बहन और दो भाई में दूसरे स्थान पर था। मृतक के परिवार में मां रेखा देवी और तीन बहन एवं एक भाई है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां रेखा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अमृत भारत स्टेशन के तहत चौसा स्टेशन का होगा विकास

## 26 फरवरी को PM मोदी करेंगे वर्चुअल शिलान्यास

### तैयारी को लेकर चौसा पहुंचे रेल अधिकारी

निज संवाददाता। बक्सर






अमृत भारत स्टेशन के दूसरे फेज का शिलान्यास कार्यक्रम शुरू होने वाला है। दानापुर-डीडीयू रेलखंड स्थित चौसा स्टेशन का पुनर्विकास को लेकर 26 फरवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल शिलान्यास किया जाएगा। इसके लिए चौसा स्टेशन पर शिलान्यास कार्यक्रम को संपन्न कराने को लेकर रेल प्रशासन जुड़ गया है। सोमवार को चौसा स्टेशन पर पहुंचे रेल अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के लिए स्थलों का निरीक्षण किया गया। बताया गया कि दूसरे चरण में दानापुर मंडल के 3 स्टेशन को पुनर्विकास के लिए चुना गया है। इसमें नवादा, लखीसराय और चौसा स्टेशन है। इनका अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्वरूप बदला जाएगा। इस दौरान चौसा नगर पंचायत से लेकर जनप्रतिनिधि डॉ मनोज यादव और विकास राज भी मौजूद रहे। बताया गया कि चौसा स्टेशन का प्लेटफॉर्म पर कैफिटेरिया के साथ प्रतीक्षालय का निर्माण, पार्किंग स्थल को विकसित करने की योजना और सर्कुलेटिंग एरिया में एक पे एंड यूज टॉयलेट का निर्माण और इसके साथ ही प्लेटफॉर्म पर पर्याप्त मात्रा में शौचालयों के निर्माण, फुटओवरब्रिज का निर्माण जिससे सभी प्लेटफॉर्म जुड़ सकेंगे की योजना बनाई गई है। बताया गया कि 2014 के मुकाबले 5 गुना से लेकर 30 गुना तक वृद्धि हुई है। रेलवे के सुख सुविधा में 509 स्टेशनों में बिहार भी अव्वल रहा है। इसके चयनित 85 स्टेशनों में 50 स्टेशनों का पहले फेज में पुनर्विकास के लिए शिलान्यास किया गया। अब दूसरे फेज का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। डॉ.मनोज यादव द्वारा बताया गया कि अमृत भारत स्टेशन से जब स्टेशनों को जोड़ा जा रहा था, तब चौसा स्टेशन को भी जोड़ने के लिए हम लोगों द्वारा मांग किया गया था। रेल मंत्री से कहा गया था कि चौसा महर्षि च्यवन मुनि को तापो स्थली है। शेरशाह शुरू की युद्धस्थली के साथ यहां 1320 मेगा वॉट का ताप विद्युत घर का निर्माण हो रहा। इस दृष्टिकोण से यह स्टेशन काफी उपेक्षित था। कई बार विरोध प्रदर्शन के बाद चौसा स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन के रूप जोड़ा गया है। इसका शिलान्यास देश के प्रधानमंत्री 26 फरवरी को करेंगे। जहां स्थानीय सांसद के साथ अन्य नेता मंत्री उपस्थित रहेंगे।

# बक्सर के पास ट्रेन से कटकर युवक की मौत

निज संवाददाता। बक्सर



दानापुर डीडीयू रेलखंड के बक्सर के पास एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची रेल पुलिस जांच में जुट गई है। हालांकि कुछ देर बाद युवक की पहचान भोजपुर के अख्तियारपुर के निवासी के रूप में हुई है। उसके परिजन भी पीछे से उसी रास्ते आ रहे थे। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि शादी समारोह में बक्सर पहुंचे थे, जहां से लौटते समय ट्रैक पार करने के दौरान चपेट में आ गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एक युवक की डुमरांव रेलवे स्टेशन के पूर्वी रेल फाटक संख्या 66वीं के पास ट्रेन से कटकर मौत हो गई जिसकी पहचान अभी नहीं हुई है। मृतक की पहचान भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाने के अख्तियारपुर गांव निवासी रवि कुमार के रूप में हुई है। युवक एक दिन पहले भोजपुर से बक्सर वैवाहिक समारोह में शरीक होने पहुंचा था। शाम में वह वापस भोजपुर जिला लौटने के लिए ट्रैक के रास्ते बक्सर स्टेशन जा रहा था तभी पीछे से आ रही ट्रेन को वह देख नहीं पाया और उसकी चपेट में आ गया। युवक का भाई रजनीश कुमार ने कि भोजपुर से तीन लोग आए थे। वह आगे जा रहा था। रजनीश द्वारा बताया गया कि मृतक रवि चार पहिया वाहन का ड्राइवर था। ड्राइविंग कर अपने परिजनों का भरण पोषण करता था। जीआरपी थानाध्यक्ष अरुण पासवान ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# पुराना जिला जज आवास परिसर का होगा री-डेवलपमेंट

## बक्सर में न्यायिक आवास, फैमिली कोर्ट का शिलान्यास, HC पटना निरीक्षी न्यायाधीश ने किया वर्चुअली

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के नगर सिद्धनाथ घाट स्थित पुराना जिला जज आवास परिसर का अब पुनर्विकास का कार्य किया जाएगा। इसका शिलान्यास कार्यक्रम भी संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम के बाद निर्माण कार्य में तेजी लाने का दिशा-निर्देश दिया गया है। इसका शिलान्यास हाईकोर्ट पटना निरीक्षी न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण कुमार झा द्वारा वर्चुअल किया गया। इसके पहले एक समारोह आयोजित किया गया। जहां मौके पर बक्सर के डीएम अंशुल अग्रवाल के साथ बक्सर के एसपी मनीष कुमार के साथ न्यायिक अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। पुराने भवनों को तोड़ कर प्रधान न्यायाधीश का क्वार्टर सह निवास के अलावा 20 न्यायिक पदाधिकारी आवास, 60 कर्मचारी आवास का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य मूलभूत सुविधाओं के साथ वाहन पार्किंग आदि की भी व्यवस्था की गई है।

इस निर्माण कार्य के दौरान मौके पर अतिथियों का स्वागत जिला एवं सत्र न्यायाधीश बक्सर आनंद नंदन सिंह ने किया। इस निर्माण कार्य को सराहनीय कदम बताया जा रहा है। न्यायिक पदाधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधिक सेवा प्राधिकार भवन के पास फैमली कोर्ट और प्रधान न्यायधीश फैमली कोर्ट आवास के साथ न्यायिक पदाधिकारियों के आवास का निर्माण किया जाना है। वहीं पुरानी कचहरी परिसर में कर्मचारी का आवास निर्माण होगा। सिद्धनाथ घाट के पास 10 न्याययिक पदाधिकारी के आवास का निर्माण होना सुनिश्चित किया गया है। शिलान्यास समारोह का संचालन न्यायिक दंडाधिकारी शुभम त्रिपाठी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रधान न्यायधीश फैमिली कोर्ट आशुतोष कुमार झा ने किया। मौके पर डीएम अंशुल अग्रवाल, एसपी मनीष कुमार समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

# नो ट्रैफिक जोन एरिया में फंसा बालू ओवरलोड ट्रेलर, खान निरीक्षक ने किया जब्त

## कलेक्ट्रेट बक्सर और कोर्ट जाने वाला रास्ता का एक लेन जाम

निज संवाददाता। बक्सर



कलेक्ट्रेट बक्सर कोर्ट के सामने नो ट्रैफिक जोन एरिया से ओवर लोड वाहन नाला में गिर दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। इसके कारण बक्सर समाहरणालय कोर्ट जाने वाला एक लेन पूरी तरह से जाम हो गया। दुर्घटना के बाद सड़क जाम होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि ट्रक में ओवरलोड बालू लादे और ट्रक बीना नंबर प्लेट की है जो जिस एरिया में भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध है। उस एरिया में घूसा हुआ था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह खेल काफी दिनों से जारी है। वहीं सूचना पर पहुंचे खान निरीक्षक द्वारा ट्रक से बालू निकलवा क्रेन के माध्यम से ट्रक को निकाला और जब्त कर आगे की करवाई करने की बात कही जा रही है। प्रत्यक्षदर्शी वार्ड नंबर 20 के प्रतिनिधि सीतू भाई ने बताया कि भारी वाहनों के आवाजाही से सड़क दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। लेकिन प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है।हर रात इस सड़क से भारी ट्रक गुजरते हैं, जिससे कि कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई है। एक बार फिर बालू लदा वाहन इस रास्ते में फंसा हुआ है। इसके कारण लोगों को जाम से जूझना पड़ रहा है। इस रास्ते और नाले निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर अवगत कराया गया। लेकिन कोई प्रभाव नहीं है। इसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। खास बात यह है कि इसी सड़क से न्यायिक पदाधिकारियों के साथ-साथ जिला पदाधिकारी को आना-जाना है। लेकिन भारी वाहनों के आवागमन के कारण सामने आई सड़क की बदहाली को लेकर प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही। पूरे मामले में सड़क दुर्घटनाग्रस्त वाहन के कारण सड़क जाम क्लियर कराने पहुंचे। खान निरीक्षक विकास पाण्डेय ने बताया कि लगातार जांच के बाद भी ओवरलोड वाहनों का चोरी छिपे परिचालन किया जा रहा है। इस पर औचक रेड के साथ कार्रवाई की जा रही है।आगे भी इस पर कार्रवाई की जाएगी। नाले में फंसे ट्रक को जब्त कर कार्रवाई की जा रही है।

# संपत्ति बटावरे के विवाद में मां-बेटे की पिटाई

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जयपाल पीपरा गांव में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर पाटीदारों ने मां-बेटे की पिटाइ कर दी गई।अधमरा अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गए।इसके बाद जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके दोनो को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जयपाल पिपरा गांव निवासी त्रिलोकी सिंह की 40 वर्षीय पत्नी मूरत देवी एवं 18 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार है। इधर जख्मी युवक आदित्य कुमार के मामा मुन्ना सिंह ने बताया कि उसके चाचा से ही करीब दस वर्षो से बारह बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसे लेकर वे लोग कई बार थाना एवं अन्य जगहों पर आवेदन भी दे चुके हैं।लेकिन अभी तक कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया। वह लोग मुफस्सिल थाना में लगे जनता दरबार में इसकी शिकायत करने गए थे। जिसके बाद पुलिस द्वारा फोन कर उसके चाचा को थाने पर बुलाया गया था। इसी बात पर गुस्सा कर जैसे ही दोनो मां-बेटे घर पहुंचे तो उसने उनकी लाठी-डंडों से जमकर पिटाइ कर दी। मारपीट के बाद पाटीदारों ने मरा समझकर उसे फेक कर चले गए । जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं दूसरी ओर जख्मी आदित्य कुमार के नाम मुन्ना सिंह ने उसके चाचा नीरज सिंह पर उसके हिस्से की जमीन नहीं देने एवं थाने में शिकायत करने को लेकर दोनों मां-बेटे को लोहे के रॉड मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# जमीन विवाद में मारपीट के बाद की तीन राउंड फायरिंग

निज संवाददाता। बक्सर

जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर गांव में सुबह जमीनी विवाद में दो पक्ष आमने सामने आ गए। इस दौरान एक पक्ष द्वारा दहशत मचाने के लिए हवाई फायरिंग की गई। जिससे मौके पर भगदड मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। वही सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर की है। जहां पर एक कट्ठा की एक जमीन पर विजय उपाध्याय व चंद्रशेखर पाठक के बीच पुराना विवाद चल आ रहा था। पिछले एक सप्ताह से इस मामले में कई बार पंचायती भी हुई थी। विजय उपाध्याय के पक्ष के लोग उक्त जमीन पर मकान बनाने का कार्य करने लगे। तभी दूसरे पक्ष के सुचना पर मौके पर पहुंच जमीन पर कार्य करने से माना किया जाने लगा। जिसके विरोध फायरिंग कर दिया गया।सूत्रों की माने तो लाइसेंसी बंदूक से तीन राउंड फायर किया गया है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। इस संबंध में विजय उपाध्याय के बयान पर करीब आधा दर्जन लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि रघुनाथपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बिच फायरिंग की घटना होने की सूचना प्राप्त हुई। ब्रह्मपुर थाना ने कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंच कर हथियार को बरामद किया व दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## बहन को छोड़कर वापस लौट रहा था युवक, पेड़ में टकराने से गई जान

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के खेड़ी बाजार के समीप रविवार को अज्ञात वाहन के ठोकर से अनियंत्रित होकर एक बाइक सवार पेड़ से टकरा गया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक नारायणपुर थाना क्षेत्र के खेड़ी गांव वार्ड 9 निवासी संदीप शर्मा का 24 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार है। वह पेशे से बढ़ई था एवं पुणे में रहकर बढ़ई का काम करता था करता था। इधर,मृतक के चचेरे भाई रोहित कुमार ने बताया कि रविवार की शाम वह गांव की बहन मीनू को बाइक से छोड़ने के लिए अगिआंव गया था। जब वह उसे छोड़कर वापस अपने गांव लौट रहा था। उसी दौरान खेड़ी बाजार के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से ठोकर मार दी,जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो बहन व एक भाई में बड़ा था एवं अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। मृतक के परिवार में मां मोतीसुंदर देवी व दो बहन रूबी एवं खुशी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां मोतीसुंदर देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त समाचार

### घायल युवक के पास से देसी कट्टा बरामद-इलाज कराने पहुंची थी पुलिस

**पटना, एजेंसी।** पटना में घायल अवस्था मे एक युवक सड़क पर गिरा मिला। जांच के दौरान कमर से देसी कट्टा निकला। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, पुलिस को जक्कनपुर थाना क्षेत्र स्थित सिपारा पुल के नीच एक युवक के सड़क पर गिरे होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। वहीं जांच के दौरान युवक के पास से देसी पिस्टल बरामद किया गया। जक्कनपुर थानेदार ने बताया कि गश्ती के दौरान सीपारा पुल के नीचे बाइक के साथ घायल पड़े युवक की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं जांच के दौरान उसके पास से लोडेड देसी कट्टा बरामद किया। घायल युवक मारूफगंज का रहने वाला है। इलाज के दौरान ही युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि क्या वह देसी कट्टा से किसी घटना को अंजाम देने जा रहा था। इस मामले की जांच की जा रही है।

### सीजन का सबसे ज्यादा गर्म दिन रहा रविवार, रात में बढ़ी ठंड

**भागलपुर, एजेंसी।** बीते 24 घंटे में 2.8 डिग्री सेल्सियस की उछाल के साथ रविवार को दिन का पारा 28.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो कि इस सीजन का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान रहा। वहीं रात में पड़ रही ओस व नमयुक्त पछुआ हवाओं ने रात के पारे को 1.2 डिग्री सेल्सियस लुढ़का दिया। रविवार को अधिकतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य तापमान से एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जो कि सामान्य तापमान से चार डिग्री सेल्सियस से नीचे है। रविवार की सुबह साढ़े आठ बजे 90 प्रतिशत रही आर्द्रता शाम साढ़े पांच बजे तक कम होकर 55 प्रतिशत पर आ गई। जबकि दिन भर 2.5 किमी प्रति घंटे की औसत रफ्तार से पछुआ बही। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि जिले में औसत समुद्र तल से डेढ़ किमी ऊपर तक पछुआ हवाओं का प्रवाह हो रहा है। इन मौसमी कारकों के प्रभाव से जहां सोमवार को दिन में गर्मी तो रात में ठंड का एहसास होगा तो वहीं 20 फरवरी की शाम से मौसम बदलेगा और 21 व 22 फरवरी को आंशिक बदरी के बीच हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि इससे दिन एवं रात के तापमान में कोई वृद्धि नहीं होगी।

### भागलपुर के दिव्यांश ने जीता गोल्ड मेडल

**भागलपुर, एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद में चल रहे नेशनल इंटर डिस्ट्रिक जूनियर एथलेटिक्स मीट 2024 में भागलपुर के दिव्यांश कुमार राज ने 60 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल हासिल किया है। उसकी इस उपलब्धि पर भागलपुर एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष जेड. हसन, सचिव मो. नसर आलम, शिशुपाल भारती, प्रमोद मंडल, अकरम अली, नीरज राय, प्रवीण झा, जितेंद्र मणि राकेश, फारूक आजम, पवन सिन्हा, सादिक हसन आदि ने खुशी जाहिर की है।

### नोपानी छात्रावास के अध्यक्ष रामगोपाल तो महामंत्री बने अभिषेक जैन

**भागलपुर, एजेंसी।** रावतमल नोपानी छात्रावास के कार्यसमिति सदस्यों की बैठक छात्रावास के अध्यक्ष राम गोपाल पोद्दार की अध्यक्षता में रविवार को हुई। इस मौके पर सत्र 2023-26 के लिए छात्रावास के पदाधिकारी पद के लिए हुए चुनाव में रामगोपाल पोद्दार को अध्यक्ष तो अभिषेक जैन को छात्रावास का महामंत्री बनाया गया। इसके अलावा प्रभात कुमार केजरीवाल व नीरज कोटरीवाल निर्विरोध छात्रावास के उपाध्यक्ष चुन लिए गये। इसके अलावा छात्रावास का मंत्री किशोर झुनझुनवाला, राजेश सराफ, कोषाध्यक्ष अभिषेक डालमिया, अधीक्षक प्रो. शिवकुमार जिलोका को चुना गया।

# तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा करने से क्या होगा? सबसे ज्यादा विश्वास तो आपने ही तोड़ा है: प्रशांत किशोर



**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव 20 फरवरी से जन विश्वास यात्रा पर निकल रहे हैं। तेजस्वी की इस यात्रा को लेकर जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने हमला बोला है। रविवार को पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान प्रशांत किशोर ने सवालिया लहजे में पूछा कि बीते दिनों नीतीश कुमार ने भी समाधान यात्रा की थी, बिहार के कितने लोगों और उनकी कितनी समस्याओं का समाधान हो गया? अभी राहुल गांधी न्याय यात्रा कर रहे हैं, बिहार के कितने लोगों को न्याय मिल गया? अब तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा करने से क्या होगा? सबसे ज्यादा विश्वास तो आपने ही तोड़ा है। पीके ने कहा कि 30-32 सालों से बिहार में लालू-नीतीश का ही राज है। इतने सालों में गरीबी नहीं मिटी, पलायन रुका नहीं, रोजगार नहीं मिला। अब किस विश्वास की बात कर रहे हैं आप? उन्होंने कहा कि जनता इतनी बेवकूफ नहीं है। लोग आएंगे विश्वास यात्रा में, कुछ लोग इकट्ठा भी हो जाएंगे, लेकिन, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने आरजेडी, लालू यादव के बेटे की सरकार देखी है वो जानते हैं ये जात-पात, हिन्दू-मुस्लिम, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी से ऊपर उठकर राजनीति नहीं कर सकते हैं, ये इनका कैरेक्टर है। इन चार चीजों से ऊपर उठकर आरजेडी के लोग राजनीति नहीं कर सकते हैं? बता दें कि तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा पर 20 फरवरी से निकलेंगे। वे 29 फरवरी तक यात्रा के दौरान राज्य के 32 जिलों में जन-सभाओं को संबोधित करेंगे। वे एक दिन में तीन से चार जिले का दौरा करेंगे। इसकी तैयारी के लिए राजद के जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्षों को जिम्मेवारी सौंपी गयी है। इस यात्रा में तेजस्वी के साथ पार्टी के साथ ही महागठबंधन के प्रमुख नेता और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। पार्टी की ओर से बताया गया है कि तेजस्वी यादव 20 फरवरी को मुजफ्फरपुर, सीतामढी व शिवहर, 21 फरवरी को मोतिहारी (पूर्वी चंपारण), बेतिया (पश्चिमी चंपारण), गोपालगंज, 22 फरवरी को सीवान, छपरा (सारण), आरा (भोजपुर), 23 फरवरी को बक्सर, रोहतास व औरंगाबाद, 24 फरवरी को गया, नवादा, नालंदा, जहानाबाद, 25 फरवरी को वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा एवं मधुबनी, 26 फरवरी को सुपौल, अररिया, पूर्णिया एवं मधेपुरा, 27 फरवरी को सहरसा, खगड़िया, मुंगेर व बेगूसराय तथा 29 फरवरी को कटिहार, भागलपुर, बांका एवं जमुई में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

## इंडी गठबंधन परिवारवाद, मोदी राष्ट्रवाद के प्रतीक-गिरिराज सिंह



**पटना, एजेंसी।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने एक बार फिर से इंडी गठबंधन पर हमला बोला है। वहीं पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें संत और राष्ट्रवाद का प्रतीक कहा है। साथ ही लालू यादव, ममता बनर्जी और स्टालिन पर परिवारवाद का आरोप लगाया है। गिरिराज सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि साल 2014 का चुनाव जीतने के बाद पहले दिन ही लोकतंत्र के मंदिर की सीढ़ी को प्रणाम किया था। वो संत आदमी हैं, उनके अकाउंट में पैसा नहीं है, उनके पास कोई जमीन नहीं, कोई मकान नहीं है, वो सिर्फ राष्ट्र के लिए जीते हैं और राष्ट्र के लिए ही मरते हैं। वहीं दूसरे राजनीति दल सिर्फ अपने वंश को बढ़ाने में लगे हैं। गिरिराज सिंह ने विपक्षी दलों को घेरते हुए कहा कि आरजेडी प्रमुख लालू यादव अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, मुलायम सिंह पहले ही ऐसा कर चुके हैं। ममता बनर्जी अपने भतीजे को आगे बढ़ा रही हैं, तो स्टालिन अपने बेटे को। देश में बना ये इंडी गठबंधन परिवारवाद को बढ़ा रहा है। पीएम मोदी राष्ट्रवाद का प्रतीक हैं और इंडी अलायंस वंशवाद का।

## शादी में मुर्गा-भात के लिए मारपीट..बच्चे की मौत

### नालंदा से नवादा गई थी बारात, चिकन नहीं मिला तो वर-वधु पक्ष भिड़े; इलाज के दौरान गई जान



**नालंदा, एजेंसी।** शादी में खाने को लेकर हुई मारपीट में एक 12 साल के बच्चे की मौत हो गई। शनिवार को नालंदा से बारात नवादा गई थी। शादी में मुर्गा-भात को लेकर बाराती और लड़की पक्ष में कुछ कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान करण कुमार (12) समेत 5 बाराती बुरी तरह जख्मी हो गए। शादी से भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। इसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए बिहारशरीफ के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान करण की मौत हो गई। जबकि 4 अन्य विकास कुमार, राजा कुमार, ईश्वर और सूरज कुमार का इलाज चल रहा है। मृतक राजगीर थाना क्षेत्र के करियानंद नगर मोहल्ला निवासी सुरेंद्र राजवंशी का बेटा करण कुमार है। बारात नालंदा के राजगीर थाना क्षेत्र के करियानंद गांव से नवादा जिला के सिरदला थाना के कदुआरा गांव गई थी।

#### खाने को लेकर हुई थी लड़ाई-पिता

मृतक के पिता ने बताया कि राजगीर निवासी उपेंद्र राजवंशी के बेटे अजित कुमार की शादी नवादा जिले के सिरदल्ला थाना क्षेत्र कदुआरा गांव निवासी रामानंद राजवंशी की बेटी काजल कुमारी से तय हुई थी। शनिवार की शाम को राजगीर थाना क्षेत्र के करियानंद नगर से बारात गई थी। नवादा में बारातियों का स्वागत हुआ। खाने के दौरान कुछ बारातियों को मुर्गा-भात नहीं मिला। उसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और विवाद इतना बढ़ गया तो दोनों के बीच मारपीट हो गई। परिजनों ने बताया कि बच्चे को लाठी-डंडे से मारा गया था। झगड़े के बाद शादी पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराई गई। दूल्हा, दुल्हन को विदा कर घर ले आया है।

#### क्या बोले थानाध्यक्ष

राजगीर थानाध्यक्ष चंद्र भानु ने बताया कि बारात में किसी बात को लेकर नवादा के सिरदल्ला में वर और वधु पक्ष के मारपीट हुई थी। उसी के दौरान एक घायल बच्चे की बिहारशरीफ के प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने मौत की सूचना पुलिस को दी, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन को संबंधित थाने को फॉरवर्ड कर दिया जाएगा।

### एक एकड़ में लगी अफीम की फसलें की गईं नष्ट-डीएसपी की देखरेख में चल रहा अभियान

**नवादा।** नवादा में नक्सल प्रभावित इलाका रजौली थाना क्षेत्र के परतौनिया और चरघरवा गांव के जंगलों में एक एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट की गई है। एसडीपीओ पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम के सहयोग से यह कार्रवाई की गई। एसडीपीओ पंकज कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि जंगली क्षेत्र में अफीम की बड़े पैमाने पर खेती की जा रही है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई को लेकर एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस बल और बज्र टीम शामिल थी। काफी देर तक चले ऑपरेशन में एक एकड़ जमीन पर कच्ची अफीम की खेती को नष्ट किया गया। बताया कि परतौनिया के दो जगहों पर अफीम की खेती को दंडाधिकारी के सामने नष्ट किया गया है। अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पिपरा परतौनिया के घने जंगलों के बीच वन विभाग की में कई एकड़ भूमि पर माफिया और उग्रवादी संगठन अफीम की खेती कर रहे हैं। इतना ही नहीं वे सरकार के नल-जल योजना के तहत लगाई गई टंकी से सिंचाई कर रहे हैं लेकिन वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। अफीम की खेती करने के लिए माफिया और उग्रवादी संगठन जंगल में लगे हरे भरे पेड़ों को काटकर बर्बाद कर उस जगह पर अफीम की खेती कर रहे हैं। इस घने जंगल में लोगों को शुद्ध पानी पीने के लिए सरकार ने नल-जल योजना के तहत टंकी लगाया है। उसी टंकी में लगे मोटर से अफीम की खेत में पाइप के माध्यम से पानी पहुंचा कर सिंचाई किया जा रहा है। ऐसे तो वन विभाग के अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करते हैं लेकिन, उन्हें अफीम का पौधा उनके भूमि पर लगे होने की भनक भी कैसे नहीं लगी, ये सवाल उठ रहे हैं।जंगली क्षेत्र में अफीम के खेती को संरक्षण देने का काम उग्रवादी संगठन के सदस्य इस काम को बड़े सफाई तरीके से करते हैं। जंगल में निवास कर रहे गरीब तबके के लोगों को धमका कर बहला-फुसला कर धन का लोभ देकर अफीम के खेती में उन लोगों को सम्मिलित करते हैं। उग्रवादी संगठन अफीम की खेती से अर्जित करोड़ों रुपए से अपने पार्टी को मजबूत करते हैं।

## बिहार में पैक्स के लाखों सदस्यों की सदस्यता पर संकट, रद्द हो सकती है मेंबरशिप

**पटना, एजेंसी।** राज्य के लाखों पैक्स सदस्यों की सदस्यता पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। बीडीओ, डीसीओ और एआर के जरिए सीधे सदस्य बनने वालों की सदस्यता रद्द हो सकती है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद सहकारिता विभाग ने सहायक निबंधक और जिला सहकारिता पदाधिकारी को सुनवाई कर ऐसे सदस्यों की सदस्यता रद्द करने का आदेश दिया है। विभाग के आदेश के बाद बिहार सहकारी सोसायटी नियमावली 1959 के नियम 7(4) के तहत सदस्य बने लोगों की सदस्यता प्रभावित होगी। विभाग के अपर सचिव ऋचा कमल ने कहा है कि इस नियम के तहत बनाए गए सदस्यों को सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए अविलंब नियमानुसार उनकी सदस्यता समाप्त करने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इस आदेश के बाद लाखों सदस्यों की सदस्यता प्रभावित होगी। सहायक निबंधक और जिला सहकारिता पदाधिकारी के समक्ष सुनवाई में अपना पक्ष सही नहीं रखने पर उनकी सदस्यता जाना तय है। विभाग ऐसे सदस्यों की संख्या का आकलन करने में जुट गया है। हाईकोर्ट ने दिए थे आदेश दरअसल, पटना उच्च न्यायालय ने सहकारी सोसायटी नियमावली 1959 के नियम 7(4) को अवैधानिक घोषित कर दिया है। वर्ष 2021 में हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी इस नियामवली के तहत सदस्य बनाए जाते रहे। इसी मामले में दायर एमजेसी 364/2022 में सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने अब आदेश दिया है कि इस नियम के तहत प्रदत सदस्यता संबंधित व्यक्तियों से कारण जानते हुए रद्द की जाए। वर्तमान में ऐसे बन रहे सदस्य पैक्स के क्षेत्र में रहने वाले 18 वर्ष की उम्र के व्यक्ति सदस्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। पैक्स अध्यक्ष को पंद्रह दिनों के अंदर आवेदन पर कार्यवाही करनी होगी। आवेदन अस्वीकृत करने पर संबंधित व्यक्ति 60 दिनों के अंदर अपील कर सकता है। यदि निर्धारित समय में अपील नहीं कर पाता है तो त्रुटियों का सुधार कर फिर से वह आवेदन कर सकता है।

#### विलोपित की गई नियमावली

हाईकोर्ट के आदेश के बाद सहकारिता विभाग ने सहकारी सोसायटी नियमावली 1959 के नियम 7(4) को विलोपित कर दिया है। इस संबंध में शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। यानी अब इस नियमावली के तहत पैक्सों में सदस्य नहीं बनाए जा सकेंगे। वर्तमान में राज्य में 8467 पैक्स हैं।

#### क्या था नियमावली 7(4) में

इस नियमावली के तहत पैक्स की उपविधि में निहित किसी बात के प्रतिकूल होते हुए भी कोई व्यक्ति पैक्स सदस्य बनने के लिए बीडीओ, सहायक निबंधक या जिला सहकारिता पदाधिकारी के समक्ष आवेदन देता है। यह घोषणा करता है कि वह ऐसी सोसायटी का सदस्य बनने की सारी शर्तें पूरी करता है, उसके परिवार का कोई सदस्य सोसाययटी का सदस्य नहीं है और पैक्स में आवेदन करने के बाद भी उसे सदस्य नहीं बनाया गया है। इस स्थिति में संबंधित अधिकारी उस व्यक्ति को पैक्स सदस्य बनाने का आदेश करेगा।

#### कई चेयरमैन होंगे प्रभावित

विभाग के आदेश का सहकारिता की राजनीति में व्यापक असर होगा। वर्ष 2008 में बिहार सहकारी सोसायटी नियमावली 1959 के नियम 7(4) को लागू किया गया था। तब सदस्यों की संख्या करीब 35 लाख थी। आज की तारीख में सदस्यों की संख्या एक करोड़ 40 लाख से ज्यादा हो गई है। यानी इस नियमावली के तहत सभी जिलों में लाखों सदस्य बनाए गए हैं। कई पैक्सों के चेयरमैन भी इसी नियमावली से सदस्य बने हैं। कुछ बैंकों के चेयरमैन भी इसमें शामिल हैं।

### अनुशासित, प्रशिक्षित स्नातक व परास्नातक तैयार कर रहा कृषि विश्वविद्यालय सबौर-कुलपति

**भागलपुर , एजेंसी।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय में कृषि-उद्योगों और विश्वविद्यालय के बीच सहयोग पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डीआर सिंह समेत अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर अपने संबोधित में डॉ. सिंह ने कृषि उद्योगपतियों व प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि बीएयू कृषि में अच्छी तरह से प्रशिक्षित, अनुशासित स्नातक और स्नातकोत्तर तैयार कर रहा है। उन्होंने कंपनियों के विकास में प्रभावी ढंग से योगदान करने की उनकी क्षमता पर जोर दिया। डॉ. सिंह ने प्रथम वर्ष के बाद से उद्योगों के साथ छात्रों के जुड़ाव को सुविधाजनक बनाने के लिए विश्वविद्यालय में चल रहे प्रयासों को भी साझा किया।

# आपका आदमी गिरफ्तार है, कॉल आए तो हो जाएं सतर्क, बिहार पुलिस का अधिकारी बता ठग रहे साइबर फ्रॉड




**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** साइबर फ्रॉड भोले भाले लोगों से रुपए ठगने के लिए नए नए पैंतरे आजमा रहे हैं। ठग पुलिस को भी नहीं छोड़ रहे। जिला पुलिस की विशेष टीम का अधिकारी बता लोगों को झांसा में लेकर साइबर शातिर ठगी कर रहे हैं। कॉल करने वाला खुद को अधिकारी बताकर घर के किसी सदस्य का नाम बताकर गंभीर आरोपों में गिरफ्तार होने की सूचना देता है। झांसा में लेने के बाद मदद करने का हवाला देकर यूपीआई के जरिए रुपये मंगवा लेता है। मुजफ्फरपुर के माड़ीपुर इलाके के कई लोगों को ऐसी कॉल कर ठगी की गई है। आधा दर्जन लोगों ने इस तरह की कॉल आने की शिकायत काजी मोहम्मदपुर थाने में की है। एक महिला से 83 हजार रुपये की ठगी की एफआईआर दर्ज की गई है। महिला को बताया गया कि आपका बेटा पकड़ा गया है। मैनेज कर लीजए नहीं तो जेल चला जाएगा। महिला घबरा गई। बेटे को बचाने के लिए डिजिटल पेमेंट कर दिया। बाद पता चला कि वह साइबर फ्रॉड की शिकार हो गई। माड़ीपुर इलाके के आधा दर्जन लोगों ने इस तरह की कॉल आने की काजी मोहम्मदपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। 12 अंकों वाले अनजान नंबर से कॉल की जा रही है। घटना से संबंध में काजी मोहम्मदपुर थाना के थानेदार मनोज कुमार साह ने बताया कि अब तक आधा दर्जन लोगों ने इस तरह की शिकायत की है। लेकिन, रुपए की ठगी महज एक महिला से हुई है। उसके आवेदन पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस साइबर फ्रॉड को लेकर सतर्क है। पता चला कि मुजफ्फरपुर के अलावे वैशाली, बेगूसराय, मधुबनी समेत कई जिलों से ऐसी ठगी की घटना की खबर है।

**केस एक :** माड़ीपुर जैतपुर कॉलोनी रोमी पांडेय ने पुलिस को बताया है कि बीते 14 फरवरी को 12 अंकों वाले एक अंजान नंबर से उसे कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को जिला पुलिस की विशेष टीम का अधिकारी बताया। कहा कि उसका पुत्र तीन अन्य युवकों के साथ एक लड़की से गैंगरेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह सुनकर रोमी डर गई और झांसे में आ गई। इसके बाद पुत्र को छोड़वाने के लिए मदद के नाम पर उसने 83 हजार रुपये यूपीआई के जरिए मंगवा लिए। रुपये कम पड़ने पर रोमी ने अपने भाई से 40 हजार रुपये कर्ज लेकर शातिर ठग को भेज दिया।

**केस दो :** जैतपुर कॉलोनी के ही एक व्यक्ति ने भी रविवार को काजी मोहम्मदपुर थाने पहुंचकर शिकायत की कि उसे पाकिस्तान के नंबर से इंटरनेट कॉलिंग की गई है। उनका कहना है कि कॉल करने वाले ने उसकी पुत्री का नाम बताकर कहा कि उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी बेटी अभी पुलिस लाइन के सेल में बंद है। फ्रॉड के बड़े केस में गिरफ्तारी की बात बताई। कुछ देर पहले ही घर से वह निकले थे। तुरंत घर लौटे तो देखा कि बेटी घर पर मौजूद है। उन्हें शक था कि मोहल्ला के एक युवक जिससे उनका विवाद हुआ था उसने ही परेशान करने के लिए कॉल की होगी। थाने पर बताया गया कि कई लोगों को इस तरह की कॉल आई है।

**केस तीन :** माड़ीपुर आजाद कॉलोनी के इलेक्ट्रिक सामान के व्यवसायी के मोबाइल पर 16 फरवरी को साइबर शातिर की कॉल आई। उनके पुत्र का नाम बताते हुए कहा गया कि स्मैक के साथ उसकी गिरफ्तारी की गई है। उस समय उनका पुत्र दुकान पर ही साथ में बैठा हुआ था। व्यवसायी समझ गए कि ठग ने फोन किया है। उन्होंने कहा कि जिसकी गिरफ्तारी की बात कर रहे हो वह साथ में ही बैठा हुआ है। उन्होंने बेटे से बात कराई तो कॉल करने वाले ने गाली गलौज शुरू कर दी। धमकी दी कि बाद में गिरफ्तार कर लेंगे। इसके बाद दुकानदार ने भी काजी मोहम्मदपुर थाने जाकर मामले की मौखिक शिकायत की।

### केके पाठक का नया फरमान, रविवार और छुट्टी के दिन खुलेंगे स्कूल; क्या है एसीएस का नया टास्क?



**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव चुनाव करीब आ गया है। इसमें अब कुछ दिन ही बचे हैं। इस बीच बिहार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक का नया फरमान सामने आया है। उन्होंने स्कूलों को रविवार और छुट्टी के दिनों में भी खोलने का निर्देश दिया। आप सोच रहेंगे कि इसका लोकसभा चुनावों से क्या ताल्लुक है? हम आपको बताते हैं कि केके पाठक का यह फरमान चुनाव को लेकर ही है। उन्होंने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों और स्कूलों के हेडमास्टर को यह टास्क दिया है। बिहार के सरकारी स्कूल अब रविवार और छुट्टी के दिनों में भी खुले रहेंगे शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव के के पाठक ने इसके लिए सभी जिलाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है और छुट्टी के दिनों में स्कूल खुले रखने के निर्देश दिए हैं। हालांकि इन दिनों में छात्र-छात्राओं को स्कूल नहीं आना पड़ेगा बल्कि लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर स्कूलों में मरम्मती और आवश्यक किए जाएंगे। एसीए ने निर्देश दिया है कि स्कूलों के उपस्कर, लैब, रखरखाव और भवन मरम्मति के लिए लगभग 15 सौ करोड़ की राशि को खर्च करना है। इससे चुनाव में सहूलियत होगी और राशि लौटकर जाने का मामला भी नहीं बनेगा। राशि से भवनों के मरम्मत के साथ-साथ स्कूलों में बैंच डेस्क और अन्य सामानों की खरीदारी भी होगी।

पाठक ने कहा है कि छात्रों की पढ़ाई डिस्टर्ब नहीं हो इसके लिए छुट्टी के दिनों में विद्यालय का काम कराया जाए। दरअसल चुनाव से पहले मतदान केंद्र के तौर पर सभी स्कूलों के भवन और वहां बिजली, शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करना है। यह काम समय पर पूरे हो जाएं इसके लिए केके पाठक का नया आदेश आया है। इस फरमान से छात्रों को कोई परेशानी नहीं होगी। लेकिन जो शिक्षक प्रबंधन से जुड़े हैं या हेड मास्टर है उन्हें स्कूल आना होगा। निर्देश दिया गया है कि विद्यालय की मरम्मती और सामान खरीद से संबंधित राशि 31 मार्च तक खर्च कर लिए जाएं।

# विचार-मंथन

संपादकीय


## चंदे पर सवाल

इलेक्टोरल बॉन्ड पर आया फैसला जितना प्रभावी है, उतना ही विचारणीय भी। सर्वोच्च न्यायालय की पांच जजों की पीठ ने गुरुवार को चुनावी बॉन्ड योजना को असांविधानिक करार दिया। भारतीय सियासत के लिए यह एक बड़ा फैसला है। आने वाले समय में न केवल इलेक्टोरल बॉन्ड के स्वरूप, बल्कि चुनावी चंदे के तौर-तरीकों में भी बदलाव आना तय है। वैसे सरकार इलेक्टोरल बॉन्ड के किसी स्वरूप को बनाए रखने के लिए कोई विधिगत परिवर्तन करे, तो आश्चर्य नहीं। हालांकि, जब चुनाव करीब हैं, तब इसमें किसी भी तरह के परिवर्तन के लिए रास्ता संभव करना आसान नहीं है। फिलहाल, यह इतिहास में दर्ज हो चुका है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पर्याप्त सुनवाई और विमर्श के बाद अपना दोटूक फैसला सुना दिया है। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, सभी ने इस योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सर्वसम्मति से फैसले सुनाए हैं, अतः अदालत का रुख स्पष्ट रूप से सामने आ गया है। अदालत के अनुसार, राजनीतिक दल चुनावी प्रक्रिया में प्रासंगिक इकाइयां हैं। पारदर्शी निर्वाचन के लिए राजनीतिक दलों की फंडिंग की जानकारी बेहद जरूरी है। इस मोर्चे पर चुनावी बॉन्ड योजना सूचना के अधिकार और अनुच्छेद 19(1)(ए) के भी प्रतिकूल है। यह संदेह बहुत पुराना है कि राजनीतिक दल अगर चाहें, तो किसी काम के बदले किसी से चंदा ले सकते हैं। ऐसा नहीं है कि हर चंदे के पीछे ऐसी भावना होती है, पर कुछ चंदों पर इसलिए भी शंका होती है, क्योंकि धन लेने या देने वाले पर्याप्त पारदर्शिता से काम नहीं लेते हैं। मोटे तौर पर इलेक्टोरल बॉन्ड से शिकायत की भी यह बड़ी वजह है। न्यायालय चंदे के मामले में गोपनीयता के पक्ष में नहीं है। यह तथ्य है कि 2018 के बाद से गुमनाम दानदाताओं ने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से भारत में राजनीतिक दलों को लगभग 16,000 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। यहां इस बात के विस्तार में जाना बहुत जरूरी नहीं है कि ऐसी किसी भी योजना का सर्वाधिक लाभ सत्ताधारी पार्टी को होता है। साल 2013 के पहले कांग्रेस जब सत्ता में थी, तब उसके पास सर्वाधिक धन एकत्र होता था और वित्त वर्ष 2013-14 में भाजपा कुल 673.8 करोड़ रुपये के धन के साथ, कांग्रेस को मिले 598 करोड़ रुपये से आगे निकल गई।

## वित्तीय अविश्वास

आर्थिक उदारीकरण के दौर में वित्तीय सेवाओं का सुगम और पारदर्शी होना एक बुनियादी जरूरत है। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को फास्टैग सेवा के लिए 30 अधिकृत बैंकों की सूची से हटाकर तमाम वित्तीय संस्थाओं को पारदर्शिता बरतने के लिए जो संदेश दिया है, वह स्वागत-योग्य है। किसी भी कंपनी को अपने नियामक के अनुरूप ही काम करना चाहिए, मगर ऐसा लगता है कि निशाने पर आए पीटीएम ने कहीं न कहीं कोताही बरती है और इसीलिए उसे कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। ध्यान देने की बात है कि अब पूरे देश में फास्टैग सुविधा की व्यवस्था हुई है, जिसका लाभ प्रतिदिन करोड़ों लोगों को होता है। देश भर में स्थित साढ़े आठ सौ से ज्यादा टोल गेट या टोल नाकों या टोल प्लाजा से जितने भी लोग गुजरते हैं, उन्हें नकदी रखने की मजबूरी से मुक्ति मिल चुकी है और ज्यादातर टोल गेट पर जेब टटोलने या वाहन से बाहर हाथ निकालने और खुदरा पैसों के लिए बहस करने की जरूरत नहीं रह गई है। यात्रा का आनंद बढ़ा है। हालांकि, इसमें कोई दोराय नहीं कि फास्टैग को सफल बनाने में पेटीएम की भी भूमिका रही है, पर अब जो समस्या खड़ी हुई है, उससे निपटने के लिए खुद इस कंपनी को बड़ी पहल करनी पड़ेगी। इस कंपनी के क्रिया-कलापों से भारतीय रिजर्व बैंक प्रसन्न नहीं है और उसने 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर व्यावसायिक प्रतिबंध लगाए हैं। इस कंपनी को कहा गया है कि उसका बैंक 29 फरवरी के बाद कोई जमा स्वीकार न करे और कर्ज लेन-देन भी न करे। इस कंपनी को पहले ही चेत जाना चाहिए था, भारतीय केंद्रीय बैंक ने मार्च 2022 में ही उसके बैंक को नए ग्राहक जोड़ने से रोक दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक की मर्जी से ही देश में तमाम वित्तीय संस्थाओं को काम करना चाहिए और किसी भी संस्था को मनमानी करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जो कंपनी नियमों की पालना नहीं कर रही है, उसे कारोबार से रोकना गलत नहीं है और इसी दिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कदम उठाया है। यह डिजिटल का दौर है।

# अब माता सीता को भी गहराई से यूरोप : अमेरिका



आर.के. सिन्हा
पूर्व सांसद, राज्य सभा

भारत, राम और हिंदी को लेकर विदेशी विद्वानों में सदियों से जिज्ञासा का भाव बना रहा है। जिसे पता नहीं क्यों हमारे अपने बुद्धिजीवि और इतिहासकार छिपाने का भरपूर प्रयास करते रहे हैं। इन जिज्ञासुओं में अनेकों यूरोपीय, अमेरिकी, चीनी, अरबी और जापानी विद्वान भी शामिल रहे हैं। उन नामों में से अब एक नाम अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम का भी जुड़ गया है। वह बीते चार दशकों से हिंदू धर्म का गहन अध्ययन कर रही हैं। अब उन्होंने माता सीता पर गहन शोध के बाद एक किताब 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' लिखा है। बीते माह अयोध्या में राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आलोक में डेना मेरियम की माता सीता पर आई किताब महत्वपूर्ण मानी जानी चाहिए। उनके अपने देश अमेरिका में भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने में आया था। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के फेमस टाइम स्क्वायर पर भी दिखाया गया था। अमेरिका के हर शहर में राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम का टेलीकास्ट किया गया था। डेना मेरियम की 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' ने तुरंत विद्वानों का ध्यान आकर्षित किया है। माता सीता पर किए गए मूल शोध को नजरअँदाज करना असंभव है। माता सीता आधुनिक समाज की नारी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। यदि नारी मां सीता के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर ले तो उसका जीवन भी आनंदमय होकर संकट मुक्त हो जाएगा। माता सीता का जीवन आधुनिक परिवेश में भी अनुकरणीय है। पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए उन्होंने राजमहल का ऐश्वर्य का त्याग कर वन में संघर्षशील जीवन बिताया। इतना ही नहीं पति के आदेशानुसार अपने द्वितीय निर्वासन के दौरान वन में साधारण स्त्री की तरह रहते हुए व एक आदर्श माँ का कर्तव्य निभाते हुए उच्च आदर्श स्थापित किया। आज के समाज में उन आदर्शों का तो लोप होता जा रहा है। डेना मेरियम की पुस्तक को देखकर स्वर्गीय कथाकार-उपन्यासकार मृदुला सिन्हा का स्मरण हो उठता है, जिन्होंने दशकों पूर्व इसी विषय पर एक अद्भुत उपन्यास "सीता पुनि बोली " लिखा था। डेना मेरियम भी प्रख्यात हिंदी सेवी और राम चरित मानस के प्रकांड विद्वान फादर कामिल बुल्के की तरह ही हिंदी की उद्भट विद्वान हैं। यह निर्विवाद है कि माता सीता के बिना राम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं।

सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और मर्यादा पुरुषोतम हैं। माता सीता, जिनकी भारत पूजा करता है, पर किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णो देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है। उनके लिए भारत दूसरे घर की भांति है। वह मैक्स मूलर और फादर कामिल बुल्के की परंपरा की विदेशी हैं, जिन्होंने भारत और हिन्दू धर्म के अहम प्रतीकों का गहराई से अध्ययन किया। डेना मरियम परमहंस योगानंद की शिष्या और क्रिया योग ध्यान की अभ्यासी रही हैं। वह वैदिक परंपरा के महान ग्रंथों की भी लंबे समय से छात्रा रही हैं। यह सुखद है कि एक विदेशी लेखिका माता सीता पर एक प्रामाणिक पुस्तक लिखे। 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' को प्रसिद्ध प्रकाशक 'मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग हाउस' ने प्रकाशित किया है। डेना मरियम अपनी पुस्तक में सीता के जीवन की पारंपरिक कथा को प्रतिस्थापित करती है। माता सीता वास्तव में देवी नारायणी का अवतार हैं। सीता उस समय एक नई सभ्यता की नींव रखने में श्री राम के साथ शामिल होने के लिए पृथ्वी पर आती हैं, जब मनुष्य प्राकृतिक दुनिया से अलग होने लगा था। वह लोगों के दिल और दिमाग में, जंगलों और नदियों, पौधों और जानवरों के जीवन के लिए एक महान प्रेम पैदा करना चाहती हैं। किसे नहीं पता कि फादर कामिल बुल्के के लिए भारत अपनी मातृभूमि से भी कहीं ज्यादा प्यारा था। बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से "रामकथा उत्पत्ति और विकास" पर डाक्टरेट किया और रांची के सेंट जेबियार्स कॉलेज में जिन्दगी भर हिंदी पढ़ाया। यह असंभव है कि हिन्दी पट्टी के किसी शख्स ने उनका नाम न सुना हो या अंग्रेजी के किसी जटिल शब्द का हिन्दी में सही और उपयुक्त शब्द जानने के लिए फादर कामिल बुल्के द्वारा निर्मित शब्दकोष के पन्ने नहीं पलटे हों। फादर बुल्के आजीवन हिन्दी की सेवा में जुटे रहे। वे हिन्दी-अंग्रेजी शब्दकोश के निर्माण के लिए सामग्री जुटाने में सतत प्रयत्नशील रहे। आज उनका अंग्रेजी-हिंदी शब्दकोष सबसे प्रामाणिक माना जाता है। मुझे सौभाग्य है कि अनेकों वर्ष रांची में होने वाले तुलसी जयंती समारोहों में उन्हें सुना और अनेकों बार उनसे मिला। एक सौभाग्य की बात यह रही कि मेरी पत्नी उन्हीं की शिष्या रहीं और उन्हीं के मार्गदर्शन में रांची विश्वविद्यालय से हिंदी में एम.ए. किया। डेना मरियम के पास दर्शन का गहरा ज्ञान तो है ही, उन्होंने भारतीय दर्शन का भी गहराई से अध्ययन किया। इस पुस्तक में, डेना मेरियम ने सीता के विवाह, मिथिला से प्रस्थान, अयोध्या में समायोजन, प्राचीन अयोध्या में पुनर्जन्म, मंदोदरी को सीता की शिक्षा, अयोध्या में वापसी, वन में वापसी, वन में जीवन, शिक्षा पर अध्याय समर्पित किए हैं। इस बीच, यह सबको पता है कि मैक्स मूलर कभी भारत नहीं आए, पर उन्होंने संस्कृत का गहन अध्ययन किया। इसके बाद तो संस्कृत के प्राचीन ग्रन्थों के अनुवादों का सिलसिला शुरू हो गया। उन्होंने 'मेघदूत' का जर्मन भाषा में पद्यानुवाद किया। डेना मरियम कहती हैं कि उन्होंने जब माता सीता के जीवन और संघर्षों के बारे में पढ़ा तो उन्हें लगा कि इस विषय पर लगातार शोध करने की आवश्यकता है। इसलिए उन्होंने माता सीता पर शोध किया और एक पुस्तक लिखी। माता सीता भारत के नारियों के लिए तो सदैव आदर्श रहेंगी। उन्होंने कभी भी धैर्य नहीं खोया। वे त्याग, पति के मान व पतिव्रत का पालन जीवनपर्यंत करती रही। माता सीता का चरित्र संपूर्ण विश्व को ज्ञान देने वाला चरित्र है, जो नारी के त्याग, समर्पण, साहस शौर्य का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह हर्ष का विषय है कि माता सीता के जीवन चरित्र पर एक अमेरिकी लेखिका ने लिखा। अब माना जा सकता है कि माता सीता के बारे में अमेरिका और यूरोप के समाजों को भी ठीक से पता चलेगा।

## संदेशखाली से आया साफ संदेश

(प्रभाकर मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार)

संदेशखाली। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना जिले में बांग्लादेश की सीमा से सटा एक अनाम-सा गांव। कोलकाता से करीब 70 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव तक पहुंचने के लिए मोटर चालित देशी नाव से कालिंदी नदी पार करनी होती है। हाल तक गुमनाम रहे इस गांव से महिलाओं की बगावत के जरिये जो संदेश उभरकर सामने आया है, उसने लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा दी हैं। विपक्ष ने इस मुद्दे को पूरी तरह से लपक लिया है। बीते सप्ताह संदेशखाली की महिलाओं ने बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी के तीन नेताओं के खिलाफ अत्याचार और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे, उसके बाद हुई हिंसा और आगजनी के बाद धारा 144 और भारी तादाद में तैनात पुलिस बल के चलते इस इलाके में जमीनी स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है, पर राजनीति असामान्य होती जा रही है। इस घटना की गूंज राज्य की राजधानी कोलकाता ही नहीं, बल्कि देश की राजधानी दिल्ली तक पहुंच गई है। महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके दो शागिर्दों पर स्थानीय लोगों की जमीन जबरन हड़पने और महिलाओं के साथ अत्याचार व बलात्कार के जो गंभीर आरोप लगाए हैं, उसने लोकसभा चुनाव से पहले राज्य के राजनीतिक माहौल को अचानक बेहद गरमा दिया है। दरअसल, वर्ष 2011 में तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद यह पहला मौका है, जब उसके नेताओं के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए किसी गांव या इलाके के लोगों ने विद्रोह का ऐसा बिगुल बजाया है। हालांकि, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के साथ ही पुलिस ने भी बलात्कार के आरोपों को निराधार बताते हुए इसे भूमि पट्टे के एवज में दो साल से पैसों का भुगतान नहीं होने से उपजी नाराजगी करार दिया है। राज्य सरकार की पूरी कोशिश है कि उपजा विवाद नियंत्रण में रहे, पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखाली की घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से 20 फरवरी तक रिपोर्ट मांगी है। इस मामले की सुनवाई उसी दिन अदालत में होगी। उस दिन अदालत दो अलग-अलग मामलों पर सुनवाई करेगी। इनमें से पहला मामला गांव वालों की जमीन पर जबरन कब्जे से संबंधित है, तो दूसरा मामला, महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित है। महिलाओं की बगावत से शुरुआती दौर में असमंजस में पड़ी तृणमूल कांग्रेस ने हालात को संभालने की कवायद के तहत पार्टी के एक नेता उत्तम सर्दार को पुलिस के हाथों गिरफ्तार करा दिया है और उसे छह साल के लिए पार्टी से निलंबित भी कर दिया है। राजनीतिक नुकसान से बचने के लिए बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी आंतरिक रूप से बहुत सक्रिय है, पर विपक्ष की ओर से लगातार बढ़ते दबाव के चलते अब पार्टी जवाबी हमले पर उतरते हुए ऐसे आरोपों को बंगाल विरोधी प्रचार बता रही है। तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि इलाके में महिलाओं के हवाले बलात्कार और उत्पीड़न के जिन आरोपों की बात कही जा रही है, वे निराधार हैं। उसका कहना है कि पुलिस की विशेष टीम और राष्ट्रीय महिला आयोग के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करने वाली किसी भी महिला ने ऐसे आरोप नहीं लगाए हैं। दरअसल, यह पूरा मामला बीते महीने राशन घोटाले के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के घर ईडी के छापे से शुरू हुआ था। तब कथित पार्टी समर्थकों के हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे। शाहजहां उसी दिन से फरार है। उसके जिन दो शागिर्दों पर यौन उत्पीड़न और जमीन पर जबरन कब्जे के आरोप लगे हैं, उनमें से एक उत्तम सर्दार तो शिकंजे में आ गया है, लेकिन दूसरा आरोपी शिव प्रसाद हाजरा भूमिगत हो गया, इससे भी विरोधियों को आरोप लगाने का मौका मिला। तमाम विपक्षी दलों ने इसके लिए सत्तारूढ़ तृणमूल को कठघरे में खड़ा करते हुए संदेशखाली अभियान शुरू कर दिया है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5286


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 5 | | | 3 | 2 | 1 | |
| 7 | | | | | | 5 | | 9 |
| 2 | 8 | | 6 | 9 | | | | 4 |
| | | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | 1 | 8 | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| 1 | | | | 4 | 2 | | 8 | 5 |
| 9 | | 8 | | | | | | 7 |
| | 4 | 6 | 3 | | | 1 | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5285

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 |

### वर्ग पहेली 5286



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह एक ऐसी मछल है जो पानी में तैरती है, जमीन पर चलती है और हवा में उड़ती है (4)
5. मेघालय की राजधानी शिलांग पहले इस राज्य की राजधानी हुआ करती थी (3)
8. कुछ लाल सुर्खी लिए हुए (4)
9. गहन चिंतन करने का भाव (3)
10. ह्दय, अंतकरण, दिल ( )
11. मुस्लिमों की ईश प्रार्थना (3)
13. जो चिरस्थाई हो (3)
15. पुराणानुसार कश्यप का एक पुत्र जा आठ नागों में से दूसरा था (3)
18. मनोयोग से लगा हुआ, प्रवत्तिशील (2)
19. अमाज में रखी वस्तु को चुरा लेना (4)
22. यह अभिनेत्री पूनम ढिल्लों की बतौर नायिका पहली फिल्म थी (2)
23. पहरेदार, द्वारपाल (3)
25. तर्क-वितर्क, जिरह (3)
26. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)

**ऊपर से नीचे**

1. तप्त वायु भारत-पाकिस्तान के विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित बलराज साहनी अभिनीत और एम.एस.सथ्यू द्वा निर्देशित फिल्म (5)
2. रत्न का अपभ्रंश (3)
3. मातामह, विविध, अनेक प्रकार के (2)
4. इस देश को 1935 फारस के नाम से जाना जाता था (3)
5. यह नाम सरोद वादन के साथ जुड़ा है (4)
6. बेटा, सूरत (अंग्रेजी)(2)
7. अजंता आर्ट्स के बैनर तले सुनील दत्त ने अपने भाई सोमदत्त का ब्रेक देने के लिए बनाई थी (3)
12. रूढि ग्रस्त, पुराने विचारों का (5)
14. ऐसी घटना जिसमें कोई अपराध हुआ हो (4)
16. आराम, चैन, आनंद (2)
17. राय, दार्शनिक प्रणाली, वोट (2)
20. बकरी का चमड़ा, स्त्री, औरत (2)
21. अधर, ओंठ, रदपट (2)
23. परमधार्मिक और साधु व्यक्ति (2)
24. रस्म, प्रथा, रिवाज (2)

### वर्ग पहेली 5285 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वे | स्ट | इं | डी | ज | | शा | र्क |
| ट | | सा | ल | ना | | व | |
| र | ह | न | | दे | व | क | न्या |
| | नु | | कु | श | ल | | य |
| | मा | लि | श | | य | म | क |
| जा | न | | ध्व | ज | | क | र्ता |
| पा | | सा | ज | | बा | बू | |
| न | ह | र | | ब | ग | ल | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज हर काम बहुत संभलकर करने की जरूरत है। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता हासिल होगी। मन में हर्ष होगा। सायंकाल में कोई रुका कार्य पूरा होगा। रात्रि में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

### वृष
आज दिन सामान्य रहेगा और आज आपको परिवार के लोगों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आपको आज धन का खर्च काफी सोचकर करने की जरूरत है। संतान पक्ष की किसी बात से आप परेशान हो सकते हैं और मन में निराशा हो सकती है। शाम के वक्त कोई कोई रुका काम बनने की संभावना है। शाम के वक्त परिवार में किसी के आने से वक्त सुकून में बीतेगा।

### कर्क
आज सम्मान में वृद्धि का दिन है और आपको आर्थिक लाभ होगा। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। शाम के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के आने से आपका काम और खर्च बढ़ सकता है। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

### सिंह
आज लाभ होगा और आज का दिन धन लाभ में बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से लेन-देन न करें सम्बन्ध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा पर जाने की योजना बन सकती है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। मूल्यवान वस्तुओं के चोरी होने का भय है।

### मिथुन
आज दिन सुख शांति से बीतेगा और आज आपको राजनीति में किए जा रहे प्रयास में सफलता मिलेगी। आपको शासन सत्ता के गठजोड़ से लाभ होगा। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात्रि में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

### कन्या
आज हर काम बहुत ही सावधानी से करने की जरूरत है। किसी मामले में फालतू खर्च से बचें और अपने काम पर ध्यान दें। निर्मूल विवाद और अकारण शत्रुपत्ति से बचें और अपने काम पर ध्यान दें। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि और निराशा हो सकती है।

### तुला
आज लाभ होगा। आपकी उत्तम संपत्ति में वद्धि होगी। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति लाभदायक होगी। सायंकाल से लेकर रात्रि तक प्रिय व्यक्तियों का दर्शन और सुसमाचार मिलेगा। आपके धन में वृद्धि और योजनाएं पूर्ण होंगी।

### वृश्चिक
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके भाग्य में वृद्धि होगी। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ खर्चा व कीर्ति की वृद्धि होगी।

### मकर
आज आपके चारों ओर खुशी का माहौल रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा। पास और दूर की यात्रा का पर जाने की योजना बन सकती है। प्रणय संबंध बेहतर होंगे।

### कुंभ
आज का दिन शुभ है। आज विरोधी भी आपकी तारीफ करेंगे और आपको सरकारी लोगों से गठजोड़ का फायदा होगा। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और आपको आनंद की प्राप्ति होगी।

### धनु
आज लाभ होगा और आपकी ग्रहदशा में सुधार होगा। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। आपको भागदौड़ रहेगी। नेत्र विकार होने की संभावना है और आपके धन में वृद्धि होगी। शत्रु आपस में लड़कर ही नष्ट हो जाएंगे।

### मीन
आज भाग्य साथ देगा और आपके धन में वृद्धि होगी। आज आपकी कोई बीमारी परेशान कर सकती है और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। आज पैसों की समस्या की वजह से आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। पैसा फालतू खर्च अधिक होगा। बेहतर होगा कि जहां पर जरूरी हो वहीं पर खर्च करें, नहीं तो आपको लेने के देने पड़ जाएंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली निगम के 336 खाली पदों पर स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू

**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की ओर से खाली पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बिजली निगम की ओर से अलग-अलग पदों के लिए 336 बहाली निकाली गई है। इनमें सारे पद फाइनेंस और टेक्निकल से संबंधित हैं। इलेक्ट्रिक सप्लाई एरिया जमशेदपुर में बिजली अधिकारी और कर्मियों का घोर अभाव है। बिजली सप्लाई, डिस्ट्रीब्यूशन और मॉनिटरिंग से जुड़े 14 कैटेगरी के 512 पद स्वीकृत हैं, जिसमें मात्र 116 अधिकारी-कर्मी ही कार्यरत हैं और 396 पद खाली हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी का असर निर्बाध बिजली आपूर्ति पर पड़ता है। इस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लंबे समय से विभाग में बहाली नहीं हो रही है। अधिकारी-कर्मी रिटायर हो रहे हैं, लेकिन उनके स्थान पर नए की पदस्थापना नहीं हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी कनीय अभियंता (जेईई) और सहायक अभियंता (एईई) के पद खाली होने से हो रही है, क्योंकि दोनों ही अधिकारी सीधे बिजली आपूर्ति और वितरण से जुड़े हैं। जमशेदपुर इलेक्ट्रिक सप्लाई एरिया में एईई के 64 पद स्वीकृत हैं, जिसमें मात्र 9 ही कार्यरत हैं। यानी एई के 55 पद खाली हैं। इसी तरह जेईई के 151 पद हैं, जिसमें 29 कार्यरत हैं और 122 पद खाली है। कोल्हान में बिजली के दो सर्किल, सात सप्लाई डिवीजन, 22 सप्लाई सब डिवीजन 93 पावर सब स्टेशन और 50 सप्लाई सेक्सन है।

### दुमका में शराबी पति बना हैवान! गला दबाकर ले ली पत्नी की जान

**दुमका, एजेंसी।** दुमका के मसानजोर थाना क्षेत्र स्थित दरबारपुर गांव में शुक्रवार दोपहर शराब के नशे में पति सनथ मुर्मू ने पत्नी मकू मरांडी की की गला दबाकर हत्या कर दी। एक दिन तक शव को घर के अंदर ही छुपाकर रखा। शनिवार को आस-पड़ोस के ग्रामीणों को जब इसकी भनक लगी तो पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। फरार पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मकू मरांडी मसानजोर के नाराटोला गांव में अपने मौसी के साथ रहती थी। उसने दो शादी की। पहले पति ने उसे छोड़ दिया। इसके बाद उसने सनथ मुर्मू से शादी रचा ली। दंपती मिलकर मजदूरी करते थे। दस दिन पहले ही पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान से मजदूरी कर लौटे थे। मृतका का चार माह का बेटा भी है। शुक्रवार को दिन में ही शराब के नशे में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जमकर मारपीट होने के बाद पति ने आवेश में आकर पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को एक कमरे में बंद कर छुपा दिया। शनिवार की दोपहर गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी। पति के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

### मुआवजे के आश्वासन पर कराया शव का पोस्टमार्टम

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर स्टेशन न्यू लोको शेड में शुक्रवार सुबह इंजन शंटिंग के दौरान हुए हादसे में पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम निवासी शिव शंकर बेरा (45) की मौत के मामले में मुआवजा का अश्वासन मिला है। आश्वासन के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, शनिवार को शिवशंकर के परिजन शहर पहुंचे। परिजनों के साथ सिनियर डीईई विनोद कुमार के साथ मुआवजे को लेकर बैठक की। बैठक में रेलवे की ओर से उचित मुआवजा मिलने के आश्वासन के बाद परिजनों ने शव के पोस्टमार्टम के लिए हामी भरी जिसके बाद शव को टाटा मोटर्स अस्पताल के शव गृह से पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। सिनियर डीईई विनोद कुमार ने बताया कि घटना ऑन ड्यूटी हुई है जिस कारण मृतक के आश्रित को रेलवे में नौकरी और मुआवजा देने का प्रावधान है। जल्द से जल्द परिजनों को मुआवजा दे दिया जाएगा। इधर, घटना को लेकर गठित जांच टीम भी अपना काम कर रही है। शिव शंकर ने दो माह पूर्व ही रेलवे में नौकरी ज्वाइन किया था। शिव शंकर शंटिंग करवा रहा था। इसी बीत उसने लोको पायलट को पीछे आने का इशारा किया। लोको पायलट ने इंजन को पीछे किया। इसी दौरान सुरक्षित दूरी नहीं बना पाने के कारण शिव शंकर इंजन की चपेट में आकर घायल हो गया। सहकर्मियों ने उसे तत्काल इलाज के लिए रेलवे अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए टाटा मोटर्स अस्पताल रेफर किया गया।

# थानेदार से तंग महिला अधिवक्ता ने किया सुसाइड का प्रयास



**रांची, एजेंसी।** रांची के सुखदेवनगर थाना प्रभारी रामाकांत ओझा पर कई गंभीर आरोप लगे हैं। उन पर बालू गाड़ी छोड़ने के अलावा एक महिला अधिवक्ता को प्रताड़ित करने का भी आरोप लगा है। आरोप है कि गोलीबारी मामले में उन्होंने अधिवक्ता को इतना प्रताड़ित किया कि उन्होंने नींद को गोली खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। एसएसपी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए रमाकांत को रविवार को लाइन हाजिर कर दिया।

एसएसपी ने महिला को प्रताड़ित करने के मामले में जांच के भी आदेश दे दिए हैं। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को मामले की जांच करके रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। डीएसपी की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि सरस्वती पूजा के दौरान भी थाना प्रभारी अलर्ट नहीं थे। हालांकि, उन्हें कई बार इस संबंध में आदेश दिया गया था। बता दें कि रमाकांत ने 12 फरवरी को सुखदेवनगर थाने में प्रभारी के रूप में योगदान दिया था।

अधिवक्ता गोली कांड मामले में लिया था हिरासत में

जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता रविशंकर मिश्रा को सुखदेवनगर इलाके में 11 फरवरी को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। जांच में पुलिस को महिला अधिवक्ता की संलिप्ता मिली तो उसे हिरासत में लेकर पूछताछ हुई। पुलिस ने उसके पासपोर्ट व अन्य कागजात को जब्त कर लिया। हालांकि महिला ने घटना में शामिल होने से इनकार किया। आरोप है कि महिला अधिवक्ता को थाना प्रभारी ने अपने कमरे में बुलाकर दोस्ती का प्रस्ताव दिया। साथ ही दोस्ती नहीं रखने पर उसे झूठे केस में फंसाने तक की धमकी दी। इसके बाद महिला शनिवार को घर पहुंची और नींद की गोली खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

**अकेले मिलने से मना किया तो घर से उठा ले गए थाने :** चर्च रोड निवासी महिला ने सुसाइड नोट लिखा है कि जांच के नाम पर जबरन थानेदार उसे घर से उठाकर थाना ले गए। सादे पेपर पर हस्ताक्षर करने से मना किया तो रातभर थाने में रखने व झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। थानेदार द्वारा अकेले मिलने से मना करने पर जबरन उठाने की बात कही जारी है। मामले में कई लोगों का मोबाइल लौटा दिया गया, लेकिन मेरा पासपोर्ट, मोबाइल व फोटो थाना प्रभारी ने रख रखा है। मुझे दोस्ती करने को दबाव दिया जा रहा है। नोट में लिखा कि यह आत्महत्या नहीं मेरा कत्ल है। सबको सजा दो नाकाम प्रशासन बेटी बचाओ नहीं, बेटी को षडयंत्र कर फंसा कर मार दो।

**13 की रात पकड़ी थी बालू गाड़ी, फिर छोड़ी :** 12 फरवरी को पद संभालने के बाद उन्होंने बालू और मटका का धंधा करने वालों को पकड़ा। उनसे मोटी रकम की वसूली कर थाने से छोड़ने का आरोप है। थानेदार ने 13 की देर रात जांच अभियान चलाकर कई बालू गाड़ियों को पकड़ा। बिना किसी वरीय अधिकारियों को सूचना दिए सभी गाड़ियों को छोड़ दिया। केस भी दर्ज नहीं किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मटका खेलाने वालों को भी थानेदार ने थाना में लाया और फिर छोड़ा दिया। इन सब मामलों की जानकारी एसएसपी को मिली। इसके बाद एसएसपी ने कार्रवाई की।

## आद्रा लाइन ब्लॉक में फंसेंगी टाटा की दो ट्रेनें

**जमशेदपुर, एजेंसी।** आद्रा रेल मंडल में 24 फरवरी तक लाइन ब्लॉक होगा। इससे आद्रा होकर टाटानगर आने वाली दो ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के अनुसार, ब्लॉक के कारण आसनसोल मेमू स्पेशल ट्रेन 20 फरवरी को टाटानगर न आकर आद्रा से लौटेगी। दूसरी ओर, टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 19, 21 और 23 को चांडिल स्टेशन से पुरुलिया के बदले गुंडा बिहार व मुरी होकर चलेगी। इसके अलावा आसनसोल, आद्रा, चंद्रपुरा व भोजुडीह की लोकल ट्रेनों को रद्द करने के साथ खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस 19 फरवरी सोमवार को आद्रा से ही अप-डाउन करेगी। इधर, विजयवाड़ा मंडल में लाइन मरम्मत कार्य के कारण रेलवे ने फरवरी से 29 मार्च तक टाटानगर से यशवंतपुर व बेंगलुरु साप्ताहिक ट्रेन को बदले मार्ग पर चलाने का आदेश दिया है।

## आईटीआई में 60 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

**धनबाद, एजेंसी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) धनबाद में शनिवार को कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। उत्तराखंड देहरादून की कंसलटेंट कंपनी की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में 115 अभ्यर्थी शामिल हुए। विभिन्न प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद 72 छात्र लिखित परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 60 छात्र अंतिम रूप से सफल घोषित किए गए। सभी सफल अभ्यर्थियों को संबंधित प्रतिष्ठान में योगदान करने के लिए मार्च महीना में बुलाया गया है। संस्थान के सीटीपीओ राकेश कुमार ने बताया कि नेट सीटीसी सैलरी 22,348 रुपये महीने है। आने वाले समय में अन्य कंपनियों का कैंपस प्लेसमेंट होगा। मौके पर संबंधित संस्थान के एचआर निखिल मेहता, अर्पित, सतीश कुमार, मयंक सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## बेटी को इंसाफ दिलाने दर-दर भटक रहा पिता

### स्कॉर्पियो की लालच में ससुरालवालों ने फांसी पर लटकाया



**दारू (हजारीबाग), एजेंसी।** दारू प्रखंड के अंतर्गत कविलासी पंचायत के निवासी नसीरुद्दीन मियां पिता रोजन मियां अपने दहेज़ लोभी बेटी के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। उसकी बेटी को ससुराल वालों ने दहेज़ नही मिलने के कारण गला दबा कर हत्या कर उसे फांसी पर लटका दिया था।

इस बारे में मृतक महिला के पिता ने बताया की उसने बड़े अरमानों से अपनी पुत्री अख्तरी खातून की शादी 2020 में इचाक प्रखंड में रहने वाले एहसान अंसारी पिता मुबारक अंसारी ग्राम भुसुवा से कराई थी। पिता ने अपनी बच्ची का विवाह में सभी तरह के घरेलू सामान, नगदी ,सोना-जेवरात और कई उपहार के साथ किया था। पिता के मुताबिक, कुछ महीनों के बाद घरवालों ने उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। कहने लगे कि हमें बाइक नहीं, हमें महिंद्रा का स्कॉर्पियो चाहिए।

जब ससुराल वालों का इच्छा पूरी नहीं हुई तो 8 अक्टूबर 2023 को अख्तरी खातून को सभी ससुराल वालों ने मिलकर पीटा और फिर गला दबाकर हत्या कर दी एवं मृत शरीर को पंखे से सीलिंग पर टांग दिया। उसके पश्चात पुलिस के सभी आला अफसर के पास लड़की के पिता ने आवेदन दिया और गुहार लगाया लड़की के पति को छोड़कर बाकी सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की, जिस कारण पिता दुखी है और बेटी के हथियारों के खिलाफ कार्रवाई के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

## राष्ट्रीय परिषद की बैठक में झारखंड भाजपा को मिली अहमियत, नेताओं में उत्साह

**रांची, एजेंसी।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद बैठक का समापन रविवार को हो गया। देशभर से आने नेताओं-कार्यकर्ताओं के इस समागम में झारखंड भाजपा के नेताओं को खासी अहमियत मिली।

पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि व जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा, रांची की पूर्व मेयर और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा ने कार्यक्रम का मंच संचालन किया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुख्य मंच पर जगह दी गई।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पहले दिन राष्ट्रीय परिषद की बैठक को संबोधित किया। झारखंड से जुड़े नेताओं को इस महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक में प्रमुखता देकर पार्टी ने आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए सक्रियता के संदेश दिए हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी को बिहार की सात लोकसभा सीटों का प्रभारी भी बनाया गया है। बिहार की ये वो सीटें हैं जिनकी सीमा झारखंड से लगती है। झारखंड भाजपा के नेताओं को भी इन सीटों पर सहयोग करने के लिए कहा गया है। राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष यह झारखंड भाजपा के सांगठनिक कौशल को मजबूत मानने की पहल मानी जा रही है।



हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय परिषद की बैठक के बारे में नेताओं को बाहर बात करने से मना किया है, लेकिन इसमें शामिल कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

परिषद की बैठक में शामिल एक प्रमुख कार्यकर्ता ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व ने जिस तरह से 370 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है उसमें झारखंड से हमलोग सभी 14 सीटें पार्टी के लिए जीतेंगे। कार्यक्रम की व्यवस्था से भी वहां गए लोग काफी प्रसन्न दिखे। बैठक स्थल पर एक-एक कार्यकर्ता को मिले महत्व से उनका मनोबल बढ़ा है।

# बीबीएमकेयू में 50 प्रतिशत से अधिक पद खाली, मंडराने लगा यूजीसी की फंडिंग बंद होने का खतरा

**धनबाद, एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में लगातार सेवानिवृत्ति हो रही है, पर नियुक्ति बंद है। इस कारण विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों में 50 प्रतिशत से अधिक शैक्षणिक पद खाली हैं। इससे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की फंडिंग बंद होने का खतरा मंडराने लगा है।

यूजीसी के नए नियम के अनुसार, विश्वविद्यालय व कॉलेजों को फंड तभी मिलेगा, जब स्वीकृत शैक्षणिक पदों में 75 प्रतिशत भर लिए गए हो। यूजीसी से मिलने वाले ग्रांट के लिए आवेदन भी इसी शर्त पर स्वीकृत किए जाएंगे।

के ड्राफ्ट में फिटनेस ऑफ कॉलेज फॉर रिसीविंग ग्रांट रूल्स-2024 शामिल हैं। इस पर शिक्षण संस्थान-शिक्षाविदों से चार मार्च तक सुझाव मांगा गया है। सुझावों पर अमल करने के बाद ही इसे लागू किया जा सकता है।




यूजीसी से ग्रांट के लिए अब 75 प्रतिशत शैक्षणिक पदों पर भर्ती करनी होगी। इससे स्थापना काल से शिक्षकों की कमी झेल रहे बीबीएमकेयू में आस जगी है।

बता दें कि वर्ष 2023 में डीन साइंस व आरएसपी कालेज के प्राचार्य रहे डा. जेएन सिंह समेत 18 शिक्षक सेवानिवृत्त हो गए। इनके स्थान पर नियुक्ति नहीं हुई। वहीं इस वर्ष 12 शिक्षक सेवानिवृत्ति होने वाले हैं।

पहले गणित विभाग के शिक्षक एफओ नियुक्त किए गए। फिर डा. आरके तिवारी सीसीडीसी बनाए गए। अब चास कालेज के गणित विभाग के शिक्षक डा. ध्रुव कुमार सिंह को विश्वविद्यालय के गणित विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया। तीनों स्थायी शिक्षक विश्वविद्यालय के पदाधिकारी बन गए। इस कारण यह विभाग स्थायी शिक्षक विहीन हो गया है।

# ठेले पर फल बेचनेवाला निकला साइबर ठगों का सरगना

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो पुलिस के हत्थे चढ़े 11 साइबर अपराधियों के गिरोह का सरगना ठेला पर फल बेचनेवाला दिलीप सिंह है। बिहार के बिहारशरीफ सब्जी मंडी में यह ठेला लगाता है।

पुलिस के अनुसार, दिलीप सिंह बोकारो के चास में एक किराए के आवास में मासिक वेतन पर गिरोह के सदस्यों को रखकर अवैध धंधा दो वर्षों से चलवा रहा था। पुलिस ने छापेमारी कर सभी को पकड़ा।

शनिवार को सभी को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया था। छापेमारी के वक्त मौके से तीन ठग फरार हो गए थे। पुलिस उनकी तलाश में बिहारशरीफ जाएगी। पुलिस के हत्थे चढ़े 11 आरोपितों में एक दिनकर सिंह उर्फ प्रताप समेत ने बताया था कि वह आठवीं तक पढ़ने के बाद पढ़ाई छोड़ दी और खेती करने लगा।

खेती में उपजाई गए फल व सब्जियों को लेकर वह बिहार शरीफ के बाजार में जाता था। इसी दौरान यहां फल मंडी में ठेला लगाने वाले दिलीप से पहचान हो गई। इसने बताया कि खेती से कमाई नहीं होगी। बीते वर्ष



जुलाई माह में ज्यादा रुपया कमाने का लालच देकर उसे बोकारो ले आया।

यहां चीरा चास के केके सिंह कालोनी में उसे लाया गया। यहां पहले से अन्य लोग मौजूद थे। उसे बताया कि वह लोग किराए पर कमरा लेकर साइबर ठगी का काम करते हैं। यहां पर दिलीप समेत अन्य की देखरेख में ही उसे साइबर अपराध का तरीका सिखाया गया, उसे आठ हजार रुपये प्रतिमाह व ठगे गए रुपयों में से दस प्रतिशत कमीशन मिलता था।

अन्य आरोपितों को भी दिलीप ही कम समय से अधिक रुपये कमाने का झांसा देकर साइबर अपराध के धंधे में बोकारो लाकर उतारा था।

गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस को बताया है कि उनलोगों को दिलीप मोबाइल नंबर उपलब्ध कराता था। उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबरों पर वह लोग फोन करते थे।

कहते थे कि मैं हमदर्द आयुर्वेद संस्थान से बोल रहा हूं। हमारी कंपनी की ओर से आपके व आपके परिवार के लिए गुड न्यूज है। इसी गुड न्यूज को देने के लिए आपको कंपनी की ओर से फोन किया गया। हमारी कंपनी का दस वर्ष पूरा हुआ है।

इसी उपलक्ष्य में कंपनी ने एनुअल एडवरटीजमेंट फंक्शन किया गया था। इसी कार्यक्रम में कई मोबाइल नंबर को एक छोटे से बाक्स में डालकर पांच वर्ष की बच्ची से पर्ची निकलवाया गया। इसी पर्ची में आपका नंबर निकला और प्रथम पुरस्कार के आप विजेता हैं।

हमारी संस्था आपको दो लाख बीस हजार रुपये का एसबीआइ का बियरर चेक देगी। पूरा पता इसी के बाद ले लिया जाता था। इसके बाद पोस्ट आफिस से पत्र भेजा जाता था। अन्य आरोपितों ने पुलिस को बताया है कि पते पर एक स्क्रैच कूपन भी भेजा जाता था। स्कार्पियो और फार्च्यूनर इसको स्क्रैच करने पर लिखा निकलता था।

इसके बाद रुपये की टैक्स समेत अन्य खर्च के नाम पर मांग की जाती थी। 41 मोबाइल व 36 सिमकार्ड खेलेंगे राज इनके पास से 41 पीस मोबाइल, एयरटेल व जिओ का 36 सिमकार्ड, चार बंडल लाटरी, तीन एटीएम कार्ड, दो रजिस्टर, 17 कापी, 18 मुहर समेत अन्य सामान बरामद हुआ था।

## पश्चिमी विक्षोभ के असर से होगी झमाझम बारिश, फिर शुरू होगी गर्मी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के उत्तरी भागों में फिर से अच्छी बारिश होने के आसार बन रहे हैं। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के आने से 21 से 23 फरवरी के बीच इसका प्रभाव रहेगा। राज्य के अधिकांश भागों में बादल छाए रहेंगे। जबकि, उत्तरी भागों में 21 और 22 फरवरी को बारिश होगी। इस दौरान रांची में हल्के बादल छाए रहेंगे और छिटपुट बारिश हो सकती है। राज्य में अगले दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री वृद्धि होगी और दिन का पारा गिरेगा। मौसम विभाग के अनुसार, देश के उत्तरी भाग में कायम विक्षोभ पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इससे यह यूपी को पार करने के बाद बिहार से होकर गुजरेगा। इस कारण बिहार से सटे सीमावर्ती जिलों में हल्की बारिश होगी। मौसम पूर्वानुमान में अभी ओलावृष्टि और वज्रपात का जिक्र नहीं किया गया है।

राजधानी समेत राज्य में अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में भी वृद्धि होगी। रांची का तापमान अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम 31.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री तक रह सकता है।

हल्की बारिश झारखंड की रबी फसलों के लिए लाभदायी साबित होगी। साथ ही लत्तर वाली सब्जियों को छोड़ अन्य सब्जियों के लिए यह बारिश उपयोगी साबित होगी। राजधानी समेत पिछले सीजन में इस दौरान बारिश नहीं हुई थी। लेकिन, इस बार जनवरी से अब तक रांची में ही 58 मिमी बारिश हुई है। इस वर्षा जल से भूमिगत जलस्त्रत्तेतों को भी लाभ पहुंचा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ढाबे पर रूकी बस तो टॉयलेट करने चला गया युवक, वापस जब सीट पर आया तो नजारा देख निकल गई चीख

**रामसनेहीघाट, एजेंसी।** लखनऊ-अयोध्या हाईवे किनारे ढाबे पर खड़ी बस में घुसे चोरों ने दो यात्रियों के बैग से करीब 20 लाख कीमत के जेवरात और 10 लाख रुपये चोरी कर लिए। यह निजी बस दिल्ली से गोरखपुर जा रही थी और यात्री नाश्ता व लघुशंका आदि के लिए बस से उतरे थे। वारदात की जानकारी पर एसपी ने घटना स्थल का जायजा लिया और दोनों यात्रियों का अलग-अलग मुकदमा दर्ज कराया है।
गोरखपुर के राजघाट थाना अंतर्गत हिंदी बाजार घंटाघर निवासी सर्राफ आशीष कुमार वर्मा ने दिल्ली चांदनी चौक करोलबाग से हीरे व सोने के जेवरात खरीदे थे, जिनकी कीमत 15 से 20 लाख रुपये थी। वहीं, सिद्धार्थनगर के मोहान थाना अंतर्गत पंडितपुर निवासी अरविंद श्रीवास्तव दिल्ली में एक कंपनी में मार्केटिंग आफिसर हैं, उनकी पुत्री की चार मार्च को शादी है और 19



फरवरी को इंगेजमेंट है। वह अपने बैग में पांच-पांच लाख रुपये के दो पैकेट रखे हुए थे। दोनों शनिवार रात दिल्ली में अलग-अलग स्थानों से एक ही बस में अपने गंतव्य को जाने के लिए सवार हुए थे। बस में करीब 45 यात्री और दो हेल्पर थे। यह बस रविवार सुबह करीब पौने सात बजे रामसनेहीघाट कोतवाली अंतर्गत सालासर ढाबा एंड रेस्टोरेंट पर रुकी जो अहमदपुर टोल प्लाजा से करीब ढाई किमी दूर है।
अन्य यात्रियों के साथ अरविंद व आशीष भी बस से उतरे। दोनों लघुशंका कर वापस बस में चढ़े तो देखा कि उनके बैग की चेन खुली है। घबराकर जब दोनों ने अपने बैग चेक किए तो उनके जेवरात व नकदी गायब थी। घटना के बाद सभी यात्री अपना सामान चेक करने लगे।
सूचना पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे। भुक्तभोगियों और अन्य यात्रियों से पुलिस ने पूछताछ की और दोनों से तहरीर लेकर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसी फुटेज खंगाल रही है। बस के क्लीनर-चालक और यात्रियों से पुलिस ने घंटों पूछताछ की।

### राज्यसभा चुनाव से पहले बढ़ी सपा की चुनौती, भाजपा का पलड़ा पड़ा भारी

लखनऊ, एजेंसी। राज्यसभा चुनाव से पहले मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी को चुनौतियां बढ़ गईं हैं। पार्टी के आधा दर्जन से अधिक विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। कुछ विधायकों के बगावती तेवर को देखते हुए क्रास वोटिंग की



आशंका की वजह से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में बेचैनी है। एनडीए के खिलाफ जिस पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को सपा बड़ी रणनीति मानकर लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रही थी, उसकी भी हवा उसके विधायकों ने निकाल दी है।
राज्यसभा चुनाव में प्रदेश की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें सपा के तीन व भाजपा के आठ प्रत्याशी हैं। सपा अपने दो व भाजपा सात प्रत्याशी तो आसानी से जीता सकती है, किंतु दसवें प्रत्याशी को जीताने के लिए दोनों ही पार्टियों के पास पर्याप्त वोट नहीं है। इसलिए दोनों ही दलों की नजर क्रास वोटिंग पर है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा ने तो सपा में बड़ी सेंधमारी की तैयारी कर ली है।

**सीएम योगी ने अफसरों को दिए निर्देश**

# पूरे कराएं अधूरे काम, दुरुस्त रखें शहर की सफाई व्यवस्था

**बरेली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार रात बरेली के सर्किट हाउस में रुके। यहां उन्होंने जिले के अफसरों से विकास कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर की सफाई व्यवस्था ठीक होनी चाहिए, समय पर कूड़ा उठना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार रात बरेली पहुंचे। सर्किट हाउस में उन्होंने रात्रि विश्राम किया। अफसरों से विकास कार्यों की प्रगति जानी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को ठीक रखें। अधूरे विकास कार्यों को पूरा कराएं। डीएम, एसडीएम, तहसीलदार की अदालतों में लंबित राजस्व मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं।

सर्किट हाउस में सीएम ने पूछा, यहां नगर आयुक्त कौन है? वहां मौजूद नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स बोलीं- मैं हूं सर। सीएम ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था ठीक होनी चाहिए, समय पर कूड़ा उठना चाहिए। समाधान दिवस का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और समाधान कराएं। अगर स्थानीय स्तर पर जरूरतमंदों की समस्याओं का समाधान हो तो लोगों को लखनऊ और गोरखपुर में मेरे जनता दर्शन तक दौड़ नहीं



लगानी पड़ेगी।

पात्रता के आधार पर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को उन्होंने संभल की एक महिला का उदाहरण सुनाया। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि संभल की महिला गोरखपुर तक पहुंची थी।

जब वह मिली तो पता चला कि उसकी जमीन पर किसी ने अवैध कब्जा किया है। पुलिसवालों ने उसकी नहीं सुनी। मैंने दिन में महिला की परेशानी सुनी और रात में संभल के डीएम को फोन करके बताया तो महिला की जमीन से अवैध कब्जा हटा। उन पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई हुई जिन्होंने लापरवाही बरती थी।

साथ ही महिला की पेंशन मंजूर कराई। आवास भी दिलाया गया। सीएम ने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति पात्र नहीं है और बार-बार शिकायत कर रहा है तो उसे अवगत कराएं कि वह पात्रता की श्रेणी में नहीं है। ऐसे में वह भागदौड़ बंद करेगा।

### 10 मार्च तक यूपी में हारी सीटों पर प्रत्याशी उतार सकती है भाजपा, दो सीटों पर रालोद की राय अहम





**मेरठ, एजेंसी।** सालभर चुनावी मोड में रहने वाली भाजपा ने फाइनल गियर लगा दिया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम क्षेत्र की 14 में से सात सीटें गंवाने के बाद पार्टी ने रणनीति में बदलाव किया है। पार्टी ने जहां रालोद सुप्रीमो जयन्त चौधरी से हाथ मिलाया है, वहीं हारी सीटों पर 10 मार्च तक प्रत्याशियों की घोषणा कर विरोधी दलों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ाएगी। पार्टी का लक्ष्य 2014 की तरह क्लीन स्वीप करने का है। 2014 में पश्चिम की सभी 14 सीटों पर कमल खिला, जबकि 2019 में सपा, बसपा और रालोद के गठबंधन की वजह से भाजपा सहारनपुर, बिजनौर, नगीना, संभल, अमरोहा, रामपुर एवं मुरादाबाद हार गई। मेरठ और मुजफ्फरनगर में नजदीकी मुकाबले में कमल खिला। 2022 सपा और रालोद ने मिलकर विधानसभा लड़ा, जहां मुजफ्फरनगर, शामली और मेरठ में भाजपा को नुकसान हुआ। इसी बीच भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनावों में 10 साल पुराना प्रदर्शन दोहराने की तैयारी शुरू करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को सहारनपुर, नगीना और बिजनौर में पार्टी की जमीन बनाने के लिए उतार दिया, वहीं संभल, अमरोहा और मुरादाबाद में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, जितेंद्र सिंह समेत अन्य का दौरा हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम उत्तर प्रदेश पर प्रभार स्वयं लिया।

## पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए संभल से दिया सनातन का संदेश

**संभल, एजेंसी।** संभल की भूमि से अध्यात्म की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है। एक और पवित्र धाम की नींव रखी जा रही है। कल्कि धाम के शिलान्यास का अवसर मिला सभी देशवासियों और विश्व भर के श्रद्धालुओं को शुभकामना देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कल्कि धाम में मंदिर का शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित किया।

पीएम ने कहा कि आज शिवाजी महाराज की जन्मतिथि भी है, हिंदुत्व को जाग्रत करने में उनका योगदान है, उनसे हमें सीख मिलती है। उन्हें नमन आज कल्कि धाम के शिलान्यास का जो आनंद प्रमोद कृष्णम को हो रहा, उससे कहीं अधिक उनकी माता जी, उनकी आत्मा कहीं भी हो को हो रहा होगा। आचार्य ने दिखाया कि कैसे एक बेटा अपनी मां के सपने को पूरा करने में अपना जीवन लगा देता है। ये ईश्वर की कृपा है, उन्होंने मुझे माध्यम बनाया, मुझसे शिलान्यास करवाया।



पीएम ने कहा कि आचार्य प्रमोद कृष्णम कह रहे थे कि मेरे पास देने को कुछ नहीं। अच्छा हुआ कि मुझे कुछ दिया नहीं। आप सुदामा की तरह चावल की पोटली की तरह कुछ देते और उसकी वीडियो बन जाती तो सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल डाल दी जाती। पिछले महीने 500 साल के इंतजार के बाद अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई। आबूधाबी में प्रथम मंदिर के लोकार्पण के साक्षी बने और अब कल्कि धाम के शिलान्यास का सौभाग्य मिला। इसी कालखंड में काशी विश्वनाथ का पुनर्निर्माण देखा, महाकाल का महालोक, सोमनाथ का विकास देखा। पीएम ने कहा कि देश हाईटेक हो रहा है, सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ देश का विकास नई ऊंचाई पर जा रहा है, विदेश से निवेश आ रहा है, इंफ्रा स्ट्रक्चर खड़ा हो रहा है। लाल किले से कहा था कि अब सही समय है सही समय है।

पीएम ने कहा कि 22 जनवरी से नई युग और आस्था का शुभारंभ हो रहा है। अमृत काल में नए भारत का उत्थान हो रहा है। कल्कि पुराण में लिखा है कि भगवान राम की तरह कल्कि अवतार हजारों वर्षों की रूप रेखा तय करेगा। ये धाम उनके लिए समर्पित है, जिन्हें अवतार लेना है। अमर पुराण में यह सब वर्णित है, भविष्य का सब कुछ लिखा है। लेकिन आचार्य प्रमोद कृष्णम हजारों वर्ष की आस्था की स्थापना कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि देश में नए मेडिकल कॉलेज भी बन रहे हैं। विदेशों से प्राचीन मूर्तियां भी वापस आ रही हैं। रिकार्ड संख्या में विदेशी निवेश भी आ रहा है। ये परिवर्तन प्रमाण है। समय का चक्र घूम चुका है। एक नया दौर आज हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहा है पीएम ने कहा कि आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बताया कि मंदिर बनाने के लिए उन्हें पिछली सरकार में कितना संघर्ष करना पड़ा।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने लिखीं 230 पुस्तकें, बाल्यकाल में कंठस्थ हुए वेद; कई संस्थानों की स्थापना की

**चित्रकूट, एजेंसी।** बाल्यकाल में वेद कंठस्थ करने और अब तक 230 पुस्तकें लिखने वाले 22 भाषाओं के विद्वान तुलसी पीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य को भारतीय साहित्य का सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलने पर धर्मनगरी में खुशी की लहर है। नेत्रहीन होते हुए भी उन्होंने कई भविष्यवाणी कीं, जो सत्य हुई हैं।

जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने विश्व का पहला दिव्यांग विश्वविद्यालय उन्होंने स्थापित किया, जिसे राज्य सरकार ने अपने अधीन कर लिया लेकिन वह उसके आजीवन कुलाधिपति हैं। आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक, दार्शनिक, लेखक, संगीतकार, गायक व नाटककार के साथ 22 भाषाओं के विद्वान जगद्गुरु की तीन पुस्तकों का विमोचन पिछले साल चित्रकूट आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुलसीपीठ में किया था।

विमोचित पुस्तकों में पाणिनी अष्टाध्यायी पद वृतित्यी, श्रीकृष्ण की राष्ट्रलीला और श्रीरामानंदाचार्य चरितम- महाकाव्य है। संस्कृत में नौ हजार पृष्ठ के महाकाव्य में 27 सर्ग है। जगद्गुरु ने नेत्र दिव्यांग होते हुए भी कई भविष्यवाणियां कीं, जो सत्य हुई हैं।

विश्व का पहला दिव्यांग विश्वविद्यालय उन्होंने स्थापित किया है जिसे राज्य सरकार ने अपनी अधीन कर लिया है। विश्वविद्यालय के वह आजीवन कुलाधिपति हैं। जगद्गुरु जब दो माह के थे, तब आंखों में ट्रेकोमा संक्रमण होने से उनकी रोशनी चली गई थी। एम्स में जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के हृदय की सर्जरी हुई। शुक्रवार को एम्स के सीटीवीएस (कार्डियोथेरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी) विभाग के डाक्टरों ने सर्जरी कर हृदय का वाल्व बदला। एम्स के एक वरिष्ठ डाक्टर ने बताया कि उनके स्वास्थ्य में सुधार है और वह ठीक हैं। अगले कुछ दिनों में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। वह 13 फरवरी से कार्डियक न्यूरो सेंटर (सीएनसी) में भर्ती हैं।

रामभद्राचार्य की सुप्रीम कोर्ट में राम जन्मभूमि मामले में गवाही सुर्खियां बनी थीं। उन्होंने वेद-पुराणों के उदाहरणों के साथ अयोध्या के विवादित स्थल में श्रीराम जन्मभूमि के साक्ष्य दिए थे। जगद्गुरु के बयान ने फैसले का रुख मोड़ दिया था। सुनवाई करने वाले जस्टिस ने इसे भारतीय प्रज्ञा का चमत्कार माना। एक व्यक्ति जो देख नहीं सकता, कैसे वह वेदों और शास्त्रों से विशाल संसार से उदाहरण दे सकते हैं, इसे ईश्वरीय शक्ति ही माना जाता है।

उपाधि = जगद्गुरु के धर्म चक्रवर्ती, महामहोपाध्याय, श्री चित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर, जगद्गुरु रामानंदाचार्य, महाकवि, प्रस्थानत्रयी भाष्यकार आदि उपाधियां हैं।

सम्मान = पद्म विभूषण (2015), देवभूमि पुरस्कार (2011), साहित्य अकादमी पुरस्कार (2005), बादरायण पुरस्कार (2004), राजशेखर सम्मान (2003)।

## दर्शन के लिए लगी 2 किमी की लाइन

**बांकेबिहारी मंदिर में भारी भीड़ से व्यवस्थाएं फेल, बच्चों की चीख निकली**



**वृंदावन, एजेंसी।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार को भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। इससे मंदिर के अंदर और बाहर गलियों व बाजार में भीड़ का दबाव सुबह शुरू हुआ जो देर शाम तक बना रहा। मंदिर चबूतरे तक पहुंचते श्रद्धालुओं में आपाधापी का माहौल बन रहा था। व्यवस्था बनाने में पुलिस और सुरक्षा गार्डों को कड़ी कवायद करनी पड़ी।

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार की सुबह मंदिर के पट खुलने से पहले ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुगल घाट और विद्यापीठ के रास्ते पर जमा होना शुरू हो गई। हालात ये कि मंदिर के पास तक पहुंचते श्रद्धालुओं की भीड़ का दबाव बनने लगा। भीड़ के दबाव में बुजुर्ग, महिलाओं और बच्चों की हालत बिगड़ रही थी। भीड़ का दबाव झेलते हुए श्रद्धालु जब मंदिर चबूतरे के समीप तक पहुंचते तो श्रद्धालुओं को बैरिकेडिंग पर रोका जा रहा था। ऐसे में मंदिर के समीप पहुंचे श्रद्धालुओं के सब्र का बांध टूटने लगा और आपाधापी का माहौल शुरू हो गया। बैरिकेडिंग पर तैनात पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद हालातों पर काबू पाया। भीड़ का दबाव और आपाधापी के माहौल पर बच्चों की चीख निकल पड़ी। सुबह मंदिर के पट बंद होने तक यही हालात बने रहे। शाम को मंदिर के पट खुले तो भक्तों की भीड़ का रेला एकबार फिर इसी तरह भीड़ का दबाव बनाते हुए मंदिर पहुंच रहा था।

## मौसम लेगा करवट, हो सकती है बारिश

**कानपुर समेत पूरे यूपी में आंधी-बारिश व ओले पड़ने की संभावना**



**कानपुर, एजेंसी।** चक्रवाती हवाओं की वजह से मौसम जल्द ही करवट बदल सकता है। कानपुर समेत पूरे प्रदेश में आंधी और बारिश की संभावना है। कहीं-कहीं ओले भी पड़ सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार शहर में इसका असर मंगलवार को बड़े पैमाने पर देखने को मिल सकता है। दिन और रात के तापमान में कमी आ सकती है। इस बीच हवा की रफ्तार 30 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है। मौसम में यह बदलाव 22 फरवरी तक बना रह सकता है।

23 फरवरी से मौसम फिर से खुल जाएगा। इस बीच रविवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस बढ़कर 28.0 डिग्री रहा, जो इस सीजन का सर्वाधिक पारा है। न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस रहा। स्थानीय मौसम विभाग प्रमुख डॉ. एसएन पांडेय के अनुसार 19 को प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में बारिश की गतिविधियां अधिक होने की उम्मीद है। अगले दिन से इसका विस्तार मध्य और पूर्वी जिलों तक हो जाता है।

इसी तरह 21 व 22 फरवरी तक दक्षिण-पूर्वी कोने को छोड़कर, राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर हल्की बारिश से मौसम खुशगवार भी हो सकता है, जबकि कुछ स्थानों पर भारी बारिश से नुकसान भी होने की संभावना है। डॉ. पांडेय ने बताया कि बारिश के दौरान दिन के तापमान में गिरावट की उम्मीद है।

मौसम और कृषि विशेषज्ञ डॉ. एसएन पांडेय ने बताया कि कम बारिश से वैसे तो गेहूं और रबी की अन्य फसलों को फायदा हो सकता है। लेकिन तेज हवा और ओला गिरने से नुकसान हो सकता है। किसानों को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। कहा गया कि अभी फसलों में सिंचाई न करें। ऐसा करने से तेज हवा में फसलें गिर सकती है। जिससे पैदावार प्रभावित होगी।

मौसम विभाग के अनुसार एक चक्रवाती हवा का क्षेत्र मध्य पाकिस्तान में बन रहा है। 100 से 120 किमी से चल रही जेट स्ट्रीम हवाएं भी धीरे-धीरे आ रही हैं। रविवार को यह हवाएं जमीन से 10 से 12 किमी ऊपर से चलीं, अगले 24 घंटे में इनके काफी नीचे आने की संभावना है।

## नई पार्टी का गठन करेंगे स्वामी प्रसाद मौर्य, नाम व झंडा लॉन्च किया

**मनाने पहुंचे सपा नेता**




लखनऊ, एजेंसी। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य नई पार्टी का गठन करने जा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने पार्टी का नाम घोषित कर नया झंडा लांच कर दिया है। समाजवादी पार्टी में उपेक्षा की बात कहकर राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य नई पार्टी का गठन करेंगे। इसके लिए उन्होंने नई पार्टी का नाम व झंडा लॉन्च कर दिया है। वह 22 फरवरी को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में रैली को संबोधित करेंगे। नई पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी होगा। इसके झंडे में नीला, लाल और हरा रंग होगा। हालांकि, इस बीच सपा के वरिष्ठ नेता राम गोविंद चौधरी उन्हें मनाने के लिए उनके घर पहुंच गए हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने बीते दिनों सपा में उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अखिलेश यादव को लिखे गए अपने पत्र में कहा था कि डॉ. भीमराव आंबेडकर और डॉ. राममनोहर लोहिया समेत सामाजिक न्याय के पक्षधर महापुरुषों ने 85 बनाम 15 का नारा दिया था। लेकिन, समाजवादी पार्टी इस नारे को लगातार निष्प्रभावी कर रही है।

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भी बड़ी संख्या में प्रत्याशियों का पर्चा व सिंबल दाखिल होने के बाद अचानक प्रत्याशियों को बदला गया। इसके बावजूद वह पार्टी का जनाधार बढ़ाने में सफल रहे। विधानसभा के अंदर पार्टी को 45 से 110 पर पहुंचा दिया।

उन्होंने कहा था कि जबसे मैं सपा में शामिल हुआ तब से ही पार्टी का जनाधार बढ़ाने की कोशिश की है। इसी क्रम में मैंने आदिवासियों, दलितों व पिछड़ों को जो जाने-अनजाने भाजपा के मकड़जाल में फंसकर भाजपामय हो गए उनके सम्मान व स्वाभिमान को जगाकर व सावधान कर वापस लाने की कोशिश की।

हालांकि, इस्तीफा देने के बाद उन्होंने कहा था कि अब गेंद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के पाले में है। इसके बाद उन्होंने पार्टी का एलान कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ढाबे पर चाय पीने रुका परिवार और गायब हो गया 8 साल का मासूम

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां अपने परिवार के साथ घूमने गया एक 8 साल का बच्चा अचानक गायब हो गया। घटना जयपुर आगरा हाईवे पर उस वक्त हुई जब बच्चे का परिवार चाय पीने के लिए एक ढाबे पर रुका। परिवार भरतपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात करीब 7.45 पर ये लोग चाय ब्रेक के लिए एक ढाबे पर रुके। इसी दौरान 8 साल का बच्चा सागर अचानक गाड़ी से गायब हो गया। बताया जा रहा है कि परिवार जब ढाबे पर चाय पी रहा था तब सागर गाड़ी में अकेला था। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक बच्चे की मां सुनीता ने उन्हें बताया कि परिवार ने बालाजी मंदिर के दर्शन के लिए भरतपुर जिले के बगदरी गांव से एक टैक्सी किराए पर ली थी। वे बालाजी मोड़ के पास एक ढाबे पर रुके और इस दौरान उनका बेटा सागर कार में अकेला था। लेकिन जब वो वापस लौटे तो सागर गाड़ी में नहीं था। उन्होंने उसे ढूंढने की काफी कोशिश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। परिवार की शिकायत पर मेहंदीपुर बालाजी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बच्चे की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं लेकिन अभी कोई खास जानकारी नहीं मिल सकी है। टोल नाकों पर लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है, ताकी कहीं से कोई सुराग मिल सके।

### सीएएफ जवान को कुल्हाड़ी काट डाला, हिडमा के गढ़ में सुरक्षा बलों ने बनाया कैंप

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में बीजापुर जिले के एक ग्रामीण बाजार में नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के एक जवान की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुटरू थाना क्षेत्र के एक गांव में सुबह करीब साढ़े नौ बजे नक्सलियों ने एक बाजार में सुरक्षा के लिए तैनात की गई सीएएफ की एक टीम पर हमला कर दिया। नक्सलियों के एक छोटे समूह ने सीएएफ टीम का नेतृत्व कर रहे कंपनी कमांडर तिजाऊ राम भुआर्य पर हमला किया। नक्सलियों ने भुआर्य पर कुल्हाड़ी से काटकर उनकी हत्या कर दी और घटनास्थल से फरार हो गए। अधिकारी ने बताया कि भुआर्य सीएएफ की चौथी बटालियन में तैनात थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और हमलावरों का पता लगाने के लिए इलाके में तलाशी शुरू कर दी। इस बीच छत्तीसगढ़ पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सुकमा जिले के पुवर्ती गांव में एक शिविर स्थापित किया है, जो बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों पर घातक हमलों के सूत्रधार माने जाने वाले कुख्यात नक्सली नेता हिडमा का मूल स्थान और गढ़ है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कदम वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और पुलिस शिविर स्थापित करने से नक्सलियों के खिलाफ मनोवैज्ञानिक मदद मिलेगी। पुलिस महानिरीक्षक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी. ने कहा कि राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ), जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और बस्तर फाइटर्स की एक संयुक्त टीम, साथ ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), इसकी विशिष्ट कोबरा (साहसिक कार्रवाई के लिए कमांडो बटालियन) और स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को पुवर्ती में एक शिविर लगाया।

### दिल्ली विधानसभा से निलंबित भाजपा विधायक पहुंचे हाई कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा से निलंबित करने के निर्णय के विरुद्ध सात भाजपा विधायकों ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। मुख्य पीठ ने अनुरोध को स्वीकार करते हुए मामले को सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। भाजपा विधायकों की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता जयंत मेहता ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामला उठाते हुए कहा कि उनके मुवक्किलों को गलत तरीके से निलंबित किया गया है और ऐसा करके विधानसभा की प्रक्रिया में शामिल होने का अधिकार प्रभावित हुआ है। भाजपा विधायकों को उपराज्यपाल के भाषण में गतिरोध पैदा करने के आरोप पर निलंबित किया गया है। मामले में दिन में सुनवाई हो सकती है।

# सीएम धामी ने हिमालयन बास्केट का किया शुभारंभ



**बोले सीएम :**

- हमारा स्वप्न और संकल्प है कि एक आदर्श चंपावत बनाएं

सुनील तिवारी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में हिमालयन बास्केट का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने चंपावत से वर्चुअल रूप से जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमालयन बास्केट की शुरुआत वर्ष 2018 में सुमित और स्नेहा थपलियाल ने की थी। उन्होंने कहा कि सुमित पेशे से एक इंजीनियर हैं और स्नेहा एक मार्केटिंग पेशेवर हैं। देवभूमि से होने के कारण, दोनों हमेशा स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए कुछ अलग करना चाहते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों ने डेयरी, खेती और उनके पहलुओं से संबंधित विकल्पों पर विचार कर हिमालयन बास्केट की स्थापना का निर्णय लिया। हिमालयन बास्केट के तहत दूध, हल्दी, पुदीना जैसे कृषि उत्पाद खरीदकर इनसे अलग-अलग उत्पाद बनाकर विदेशों में सप्लाई करते हैं। उत्पाद बनाने के लिए 200 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध से बनने वाले उत्पाद 'चुरपी' और 'घी' की अधिक डिमांड है। क्योंकि चुरपी गाय के दूध से बना एक विशेष कठोर पनीर है और दोनों ने उत्तराखंड में इसके उत्पादन का बीड़ा उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह सरकार और जिला प्रशासन की मदद से दोनों को बागवानी कोल्ड स्टोर लीज पर मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग भी इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं हमारी सरकार उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा स्वप्न और संकल्प है कि एक आदर्श चंपावत बनाएं। इसके लिए हमें चाहिए कि चंपावत के जो भी उत्पाद हैं, वो सभी आदर्श होने चाहिए।

## सामाजिक सहभागिता से ही टी.बी. उन्मूलन संभव : स्वाति भदौरिया

### एन.एच.एम. सभागार में राज्य स्तरीय टी.बी. फोरम का आयोजन

- टी.बी. चैंपियन्स द्वारा साझा किये गए अपने अनुभव

विशेष संवाददाता



**देहरादून।** सामाजिक सहभागिता से ही टी.बी. उन्मूलन संभव यह बात स्वाति भदौरिया मिशन निदेशक एन.एच.एम. ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय टी.बी. फोरम की बैठक के अध्यक्षता के दौरान कही। मिशन निदेशक द्वारा टी.बी. फोरम के समस्त सदस्यों से अपेक्षा की गई कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा टी.बी. उन्मूलन के लक्ष्य वर्ष 2025 हेतु सभी का सहयोग आवश्यक है जिस हेतु प्रदेश में 10 हजार से अधिक निक्षय मित्रों द्वारा टी.बी. रोगियों को सहयोग देने हेतु पंजीकृत किया गया है तथा टी.बी. रोग से ठीक हो चुके 130 प्रशिक्षित टी.बी. चैंपियन्स द्वारा समय-समय पर टी.बी. रोगियों की काउंसलिंग व सामाजिक जागरुकता प्रसारित किये जाने हेतु कार्य किया जा रहा है। मिशन निदेशक स्वाति भदौरिया ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की निशुल्क हेल्पलाइन सेवा 104 के माध्यम से टी.बी. रोगियों से समय-समय पर फीडबैक लिया जाए जिसमें टी.बी. रोगियों के उपचार, निक्षय पोषण योजना की जानकारी ली जाए व किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निवारण किया जाए। बैठक में टी.बी. चैंपियन्स, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा अनुभव साझा किये गये जो कि टी.बी. उन्मूलन हेतु मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में अमनदीप कौर अपर मिशन निदेशक एनएचएम, डॉ भागीरथी जोशी निदेशक एनएचएम, डॉ पकंज सिंह राज्य कार्यक्रम अधिकारी एनटीईपी, डॉ जेएस नेगी राज्य क्षय रोग अधिकारी, डॉ फरीदुजफर कार्यक्रम अधिकारी सीपीएचसी, डॉ अनुराग अग्रवाल टीबी एंड चेस्ट फिजिशियन, डॉ ऋचा कम्युनिटी मेडिसिन दून मेडिकल कॉलेज, डॉ उमा रावत, डॉ विकास पांडे, जीत (JEET), रीच (REACH), टी.बी. चैंपियन्स व पीएलएचआईवी नेटवर्क संस्था के प्रतिनिधि आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## अभी और सांसद-विधायक टूटेंगे! फरवरी में कांग्रेस, आप और बसपा के नेता कर सकते हैं भाजपा का रुख



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
कांग्रेस दिग्गज कमलनाथ के भारतीय जनता पार्टी में जाने की अटकलें हैं। हालांकि, इसे लेकर साफतौर पर अब तक कुछ नहीं कहा जा रहा है। इसी बीच खबरें हैं कि फरवरी में कांग्रेस समेत कई दलों के नेता पाला बदलकर भाजपा में जा सकते हैं। फिलहाल, दल बदल पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। कांग्रेस समेत बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी के कई सांसद और विधायक भाजपा में शामिल होंगे। कहा जा रहा है कि विपक्षी दलों के नेताओं का भाजपा में शामिल होना 29 फरवरी यानी महीने के अंत तक जारी रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्र ने कहा, सिर्फ सांसद और विधायक ही नहीं, बल्कि हाल ही में चुने हुए विधायक भी भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा के एक अन्य वरिष्ठ सूत्र ने संकेत दिए हैं कि यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके कांग्रेस के एक नेता ने रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी तरफ से अभी बातचीत शुरू नहीं हुई है। अटकलें हैं कि बसपा की लालगंज सांसद संगीता आजाद और आंबेडकर नगर सांसद रीतेश पांडे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। खास बात है कि आजाद बसपा के संस्थापक सदस्यों के परिवार से हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के तीन बड़े नेताओं ने कांग्रेस का साथ छोड़ा है। इनमें ताजा मामला पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का है। वह भाजपा में शामिल हुए हैं और पार्टी ने उन्हें महाराष्ट्र से ही राज्यसभा का टिकट भी दिया है। इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी भी कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके हैं।

एक ओर जहां देवड़ा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना का हिस्सा बने।

## मायावती ने एक बार फिर साफ किया लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी

**लखनऊ, एजेंसी।**
बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर साफ किया है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी किसी से गठबंधन नहीं करने जा रही। बसपा अकेले ही यह चुनाव लड़ेगी। मायावती ने गठबंधन को लेकर लग रही अटकलों को अफवाह करार देते हुए इन पर नाराजगी जताई है। अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्?ट में मायावती ने कहा कि आए दिन गठबंधन को लेकर अफवाह फैलाना यह साबित करता है कि बीएसपी के बिना कुछ पार्टियों की यहां सही से दाल नहीं गलने वाली है।




सोमवार को एक के बाद एक दो पोस्ट में बसपा प्रमुख मायावती ने लिखा- आगामी लोकसभा आमचुनाव बीएसपी द्वारा किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करने की बार-बार स्पष्ट घोषणा के बावजूद आएदिन गठबंधन सम्बंधी अफवाह फैलाना यह साबित करता है कि बीएसपी के बिना कुछ पार्टियों की यहाँ सही से दाल गलने वाली नहीं है, जबकि बीएसपी को अपने लोगों का हित सर्वोपरि है। मायावती ने कहा कि लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का उनका फैसला बदलने वाला नहीं है। साथ ही कार्यकर्ताओं को चेताया कि वे अफवाहों से सावधान रहें। मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी अपने बलबूते पर ही चुनाव लड़ेगी। किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी।

मायावती ने आगे लिखा, अतः सर्वसमाज के ख़ासकर ग़रीबों, शोषितों एवं उपेक्षितों के हित व कल्याण के मद्देनज़र बीएसपी का देश भर में अपने लोगों के तन, मन, धन के सहारे अकेले अपने बलबूते पर लोकसभा आमचुनाव लड़ने का फैसला अटल है। लोग अफवाहों से ज़रूर सावधान रहें। कांग्रेस प्रभारी ने कही थी ये बात बता दें कि हाल में कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा था कि बसपा के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के दरवाजे खुले हैं। अब मायावती को तय करना है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना चाहती हैं या अकेले अपने दम पर।

## 600 गायों का कत्ल और होम डिलीवरी, अलवर की बीफ मंडी के खुलासे से हड़कंप

**अलवर, एजेंसी।**
राजस्थान के अलवर में बीफ मंडी के खुलासे से हड़कंप मच गया है। बीहड़ में सालों से चल रही बीफ मंडी पर राजस्थान की भजनलाल सरकार ने बड़ा ऐक्शन लिया है। जयपुर रेंज के आईजी ने किशनगढ़बास थाने के 4 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है तो एसएचओ समेत 38 को लाइन हाजिर किया गया है। जिन पुलिसकर्मियो को निलंबित किया गया है उनमें एएसआई ज्ञानचंद, बीट कॉन्स्टेबल स्वयं प्रकाश, रविकात और हेड कॉस्टेबल रघुवीर शामिल हैं।

दरअसल, एक अखबार में इस बीफ मंडी की तस्वीरें छपीं तो जयपुर तक हलचल मच गई। खुद आईजी उमेश चंद्र दत्त ने छापेमारी की। इस दौरान 12 बाइक और एक पिकअप बरामद की गई है। गोवंश के अवशेष भी बरामद किए गए हैं और इन्हें परीक्षण के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। अलवर के किशनगढ़बास थाना क्षेत्र में यह बीफ मंडी चल रही थी। बीहड़ के बीच बसे बिरसंगपुर के पास रूंध गिदवड़ा में दिनदहाड़े गोकशी होती थी। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि यहां हर महीने 600 गायें काटीं जाती थीं।



हर दिन बड़ी संख्या में लोग यहां मांस खरीदने पहुंचते थे। वही मेवात के करीब 50 गांवो में होम डिलीवरी भी होती थी। आरोप है कि किशनगढ़बास थाने के पुलिसकर्मियों को मंडी की पूरी खबर थी। लेकिन कोई ऐक्शन नहीं लिया जाता था। अलवर से करीब 60 किलोमीटर दूर इस इलाके में करीब बीफ की बिरयानी भी बेची जाती थी। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि मांस और खाल बेचकर यहां के कुछ लोग महीने में 4 लाख से ज्यादा तक की कमाई कर रहे थे। रूंध गिदवड़ा में पुलिस के ऐक्शन से हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि गांव के लगभग सभी मर्द इलाका छोड़कर भाग चुके हैं। गांव में सिर्फ महिलाएं, बच्चे और बिस्तर पर पड़े बुजुर्ग ही हैं। पुलिस अब दबिश देकर आरोपियों को दबोचने की कोशिश में जुट गई है। बीहड़ में उनकी तलाश की जा रही है।

## बच्चों का खेल नहीं है राजनीति- सुप्रिया सुले

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले महाराष्ट्र के पवार परिवार में रार जारी है। अटकलें हैं कि पवार परिवार का गढ़ कहे जाने वाले बारामती से शरद पवार के बेटी सुप्रिया सुले के सामने उपमुख्यमंत्री अजित की पत्नी सुनेत्रा चुनाव लड़ सकती हैं। खबर है कि इसे लेकर बारामती सांसद और सीनियर पवार की बेटी सुप्रिया सुले का कहना है कि राजनीति बच्चों का खेल नहीं है।

सुले से जब इन अटकलों के बारे में पूछा गया कि अजित पवार बारामती से अपनी पत्नी को उनके खिलाफ खड़ा कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा, मेरे लिए, यह एक वैचारिक लड़ाई है। इसमें कुछ भी व्यक्तिगत नहीं है। (शरद) पवार साहब एक निश्चित विचारधारा के लिए खड़े हुए हैं और हम उसके लिए प्रतिबद्ध हैं। यह पारिवारिक लड़ाई कैसे हो सकती है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कोई भी कहीं से भी चुनाव लड़ सकता है। उन्होंने कहा, मैंने कल (शनिवार को) कहा था कि अगर उनके पास कोई मजबूत उम्मीदवार है तो मैं उससे बहस करने को तैयार हूं। वे विषय, समय और स्थान तय कर सकते हैं। मैं तैयार हूं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सुले ने कहा, राजनीति में कोई रिश्ते नहीं होते, लेकिन



जिम्मेदारियां जरूरी हैं। मैं रिश्ते और अपने काम को नहीं मिलाती हूं। यह विचारधारा की लड़ाई है। लोगों को मेरिट के आधार पर मुझे वोट देना चाहिए। अजित पवार किसी का नाम लिए बिना शरद पवार और सुप्रिया सुले पर पिछले कुछ दिन से तीखा हमला कर रहे हैं। उन्होंने हाल में कहा था कि संसद में भाषणों के लिए पुरस्कार मिलने से विकास कार्य नहीं होते।

## लक्ष्मण, अवध आगमन और क्षीरसागर पथ, अयोध्या धाम को मिलेगी तीन नए पथों की सौगात

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से यहां प्रभु श्रीराम के दर्शन और पूजन के लिए प्रतिदिन लाखों की तादाद में श्रद्धालु आ रहे हैं। ऐसे में अयोध्या की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ा है। कई बार जाम की स्थिति भी देखने को मिल रही है। इस समस्या से श्रद्धालुओं को निजात दिलाने व अयोध्या आने वाले हर रामभक्त को आसानी से रामलला का दर्शन हो सके, इसके लिए योगी सरकार ने तीन और नए पथों की सौगात अयोध्या धाम को देने की योजना बनाई है।बता दें कि योगी सरकार ने पहले से ही चार नए पथों का निर्माण अयोध्या धाम में कराया है, फिर भी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अब तीन और नए पथों के निर्माण का निर्णय लिया गया है।

बनाए जाने वाले तीनो पथों की लंबाई लगभग 7.40 किलोमीटर रहेगी। ये तीन पथ, जिनके नाम लक्ष्मण, अवध आगमन और क्षीरसागर पथ होंगे, के



निर्माण पर 29937.50 लाख रुपये योगी सरकार खर्च करेगी।अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को जाम के झाम से न जूझना पड़े इसके लिए तीन नए पथों का निर्माण जल्?द ही शुरू किया जाएगा। इन तीन पथों में से पहला लक्ष्मण पथ की लंबाई 6.70 किमी होगी। इसके निर्माण पर 26222.65 लाख रुपये की लागत आएगी। यह गुप्तार घाट से राजघाट तक फोरलेन बनाया जाएगा। दूसरे बनने वाले पथ को अवध आगमन पथ का नाम दिया गया है। यह क्षीरसागर पथ से रामपथ तक 0.30 किमी लंबा बनाया जाएगा।

इस पथ के निर्माण पर 1689.32 लाख रुपये की लागत आएगी। वहीं अयोध्या में बनने वाले तीसरे पथ को क्षीरसागर पथ का नाम दिया गया है। इसकी लंबाई 0.400 किमी रहेगी। इसके निर्माण पर 2025.53 लाख रुपये की लागत आएगी।नए बनने वाले इन तीनों पथों के निर्माण का दायित्व लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को सौंपा गया है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही योगी सरकार ने आने वाली भीड़ का अनुमान लगाते हुए सहादतगंज से नयाघाट तक लगभग 13 किमी लंबा फोर लेन रामपथ, बिड़ला धर्मशाला से रामजन्म भूमि तक 0.566 मीटर लंबा जन्मभूमि पथ, श्रृंगार हाट से हनुमानगढ़ी तक 0.742 मीटर लंबा भक्ति पथ व लता मंगेशकर चौक से लखनऊ-गोरखपुर हाईवे तक फोर लेन धर्म पथ का निर्माण कराया गया है। फिर भी जिस प्रकार श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या पहुंच रही है, उसे देखते हुए तीन नए पथों का अयोध्या में निर्माण कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

## घर चलाने वाली महिला के काम को कम नहीं आंकना चाहिए- सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक गृहिणी की भूमिका वेतनभोगी परिवार के सदस्य जितनी ही महत्वपूर्ण है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि एक गृहिणी के महत्व को कभी कम नहीं आंकना चाहिए। एक मोटर दुर्घटना मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की।जस्टिस सूर्यकांत और के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने 2006 में एक दुर्घटना में मरने वाली महिला के परिजनों को मुआवजा बढ़ाने का निर्देश देते हुए अपने आदेश में कहा। पीठ ने मुआवजा बढ़ाकर 6 लाख रुपये कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने वाहन मालिक को मृत महिला के परिवार को छह सप्ताह में भुगतान करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी को गृहिणी के महत्व को कभी कम नहीं आंकना चाहिए। गृहिणी के कार्य को अमूल्य बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि घर की देखभाल करने वाली महिला का मूल्य उच्च कोटि का है और उसके योगदान को मौद्रिक संदर्भ में आंकना कठिन है। पीठ ने कहा कि चूंकि जिस वाहन में वह यात्रा कर रही थी उसका बीमा नहीं था, इसलिए उसके परिवार को मुआवजा देने का दायित्व वाहन के मालिक पर आ गया। एक मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने उनके परिवार, उनके पति और नाबालिग बेटे को 2.5 लाख रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया था।

### उन्होंने अच्छी और औसत टीमों के साथ खिताब जीते

# टॉम मूडी ने धोनी की कप्तानी क्षमता की सराहना की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी ने अलग-अलग क्षमता वाली टीमों के साथ भी टीमों को सफलता दिलाने के एम.एस. धोनी के उल्लेखनीय कारनामे की सराहना करते हुए कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ने दोनों टीमों अच्छे और औसत दस्ते के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीते। धोनी की कप्तानी में, सीएसके ने 14 सीज़न में 12 बार आईपीएल प्लेऑफ़ में जगह बनाई, जो आईपीएल ट्रॉफी के लिए लगातार चुनौती देने वाले के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करता है। पांच-पांच खिताबों के साथ, धोनी की अगुवाई वाली टीम टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस (एमआई) के साथ साझा करती है।

क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल कप्तानों में से एक माने जाने वाले धोनी की नेतृत्व क्षमता ने साथियों और पंडितों से समान रूप से प्रशंसा प्राप्त की है। स्टार स्पोर्ट्स इनक्रेडिबल 16 ऑफ आईपीएल पर स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए, मूडी ने विविध प्रतिभाओं की क्षमता का दोहन करने, अपनी अनुकूलन क्षमता और रणनीतिक कौशल दिखाने के साथ-साथ सर्वकालिक महान आईपीएल टीम चुनने और सर्वश्रेष्ठ कप्तान के चयन पर चर्चा करने के लिए धोनी की क्षमता पर प्रकाश डाला। मेरे लिए यह एम.एस. धोनी है, इसका कारण यह है कि एम.एस. धोनी ने बहुत अच्छी टीमों और औसत टीमों के साथ





खिताब जीता है, और यह मुझे कप्तान के बारे में बहुत कुछ बताता है और कैसे वह एक टीम में विभिन्न प्रकार की प्रतिभाओं को सफलता की ओर ले जा सकता है। मूडी ने कहा, रोहित शर्मा एमआई के लिए एक शानदार कप्तान रहे हैं, लेकिन एमआई के पास आईपीएल की शुरुआत से ही हमेशा सर्वश्रेष्ठ टीम रही है।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज स्टेन ने कई लोगों की भावनाओं को दोहराया जब उन्होंने धोनी को नेतृत्व उत्कृष्टता का प्रतीक बताया। विश्व कप जीत, आईपीएल खिताब और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीत सहित उपलब्धियों की एक लंबी सूची के साथ, स्टेन ने मैदान के अंदर और बाहर अपनी टीम को प्रेरित करने और प्रबंधित करने की धोनी की क्षमता पर जोर दिया।

स्टेन ने कहा,यह एम.एस धोनी होना चाहिए। उन्होंने सब कुछ जीता है- विश्व कप, आईपीएल, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी। मुझे लगता है कि वह पुरुषों के नेता हैं, और आपके पास यहां ऐसे लोगों का एक समूह है जो अपने खेल के उच्चतम स्तर पर हैं , और उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की ज़रूरत है जो वहां रहा हो और ऐसा किया हो और उन्हें मैदान पर और बाहर बहुत अच्छी तरह से प्रबंधित कर सके, इसलिए मुझे एमएस धोनी के साथ जाना होगा। हालाँकि, यह सिर्फ धोनी की कप्तानी क्षमता नहीं थी जिसने प्रशंसा बटोरी।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर हेडन ने एक कोच के रूप में धोनी की क्षमता की सराहना करते हुए गहराई से चर्चा की। उन्होंने खिलाड़ी और प्रबंधक दोनों के रूप में भूमिका निभाने की धोनी की अद्वितीय क्षमता की ओर इशारा किया, और उनके शांत प्रभाव और चतुर नेतृत्व शैली को टीमों को गौरव दिलाने में अमूल्य संपत्ति बताया। मुझे लगता है कि यह एक स्पष्ट विकल्प है, यह यहां कोई बहस नहीं है, यह पूरे भारतीय समुदाय के बीच एकमत होने जा रहा है।

बेशक, हिटमैन रोहित शर्मा भी एक अविश्वसनीय नेता हैं, इसलिए यह एक कठिन विकल्प है, लेकिन मैं साहसी बनने जा रहा हूं और मैं धोनी को एक कप्तान और कोच के रूप में भी चुनने जा रहा हूं। उन्होंने 2008 में शुरुआत की, शेन वार्न कप्तान और कोच थे, और उन्होंने उस वर्ष फ्रेंचाइजी, राजस्थान रॉयल्स को एक खिताब तक पहुंचाया। हेडन ने कहा, और मुझे लगता है कि एम.एस धोनी भी कोच बन सकते हैं।




# रणजी ट्रॉफी : रेलवे ने त्रिपुरा को हराकर रचा इतिहास

### लेकिन नॉक आउट में जगह बनाने में नाकाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी 2023-24 में रेलवे क्रिकेट टीम ने सोमवार,19 फरवरी को अगरतला के एमबीबी स्टेडियम में अपने अंतिम लीग मैच में त्रिपुरा को हराकर इतिहास रच दिया। रेलवे ने रणजी इतिहास का सबसे सफल रन चेज किया। हालांकि, फिर भी वह नॉकआउट स्टेज में जनग बनाने में नाकाम रही। रेलवे की टीम पहली पारी में विपक्षी टीम के 149 रनों के जवाब में 105 रनों पर ढेर हो गई थी।

त्रिपुरा को 44 रनों की बढ़त मिली थी। घरेलू टीम ने दूसरी पारी में 333 रन बनाकर रेलवे के सामने 378 रन का लक्ष्य रखा। तीसरे दिन के सेकेंड हाफ में रेलवे ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया। रेलवे की शुरुआत खराब रही। उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और तीन विकेट पर 31 रन पर गिर गए। हालांकि, ओपनर बल्लेबाज प्रथम सिंह और मोहम्मद सैफ (106) ने चौथे विकेट के लिए 175 रन की साझेदारी की। इससे रेलवे को लक्ष्य का पीछा करने में मदद मिली। प्रथम ने 16 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 169 रन बनाए। कप्तान उपेन्द्र यादव 27 रन बनाकर नाबाद रहे। रेलवे ने 103 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

रेलवे ने सौराष्ट्र का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सौराष्ट्र की टीम 2019-20 में चैंपियन बनी थी। तब उसने उत्तर प्रदेश के खिलाफ 372 रन के लक्ष्य का पीछा किया था। 2008-09 सीजन में सर्विसेज के खिलाफ असम ने 370 रन का लक्ष्य हासिल किया था। वह सूची में तीसरे स्थान पर है।

#### रेलवे के सात राउंड के बाद एलीट ग्रुप सी में 24 अंक

रेलवे के सात राउंड के बाद एलीट ग्रुप सी में 24 अंक होंगे, लेकिन वह नॉकआउट में जगह बनाने से चूक जाएगा। कर्नाटक और तमिलनाडु की जगह पक्की है। गुजरात फिलहाल सात मैचों के बाद 25 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। हार के बावजूद यह एलीट ग्रुप रणजी ट्रॉफी सीजन में त्रिपुरा का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। उसके 17 अंक हैं। टूर्नामेंट में उसने अपना 200वां मैच खेला।

### पीएसएल 2024

# बाबर का बड़ा कीर्तिमान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सुपर लीग 2024 का आगाज हो चुका है। 6 टीमों के बीच खेली जा रही ये लीग 18 मार्च तक खेली जाएगी। लीग के दूसरे ही दिन पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया।

बाबर आजम ने पाकिस्तान सुपर लीग में एक ऐसा कारनामा किया है जो इससे पहले इस लीग में कोई भी बल्लेबाज नहीं कर सका था।

- ऐसा करने वाले बने पहले बल्लेबाज
- अब इस महारिकॉर्ड पर नजर

#### पीएसएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

3003 - बाबर आजम (78 पारी)
2381 - फखर जमान (77 पारी)
2135 - शोएब मलिक (78 पारी)
2007 - मोहम्मद रिजवान (61 पारी)

#### बाबर आजम के नाम दर्ज हुआ बड़ा रिकॉर्ड

पेशावर जाल्मी के कप्तान बाबर आजम ने पाकिस्तान सुपर लीग में अपने 3000 रन पूरे कर लिए हैं। वह पीएसएल में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने इस सीजन की शुरुआत भी अर्धशतक के साथ की है, हालांकि उनकी टीम को पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा। बाबर को 3,000 रन के आंकड़े तक पहुंचने के लिए 65 रनों की जरूरत थी। वहीं, उन्होंने क्वेटा ग्लैडियेटर्स के खिलाफ 42 में 68 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 4 चौके और 4 छक्के जड़े। अब बाबर टी20 क्रिकेट में 10000 रन पूरे करने के करीब भी पहुंच गए हैं। उन्हें सिर्फ 74 रन बनाने की जरूरत है।

#### पेशावर जाल्मी को पहले ही मैच में मिली हार

क्वेटा ग्लैडियेटर्स की टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाए थे। इसके जवाब में बाबर ने 68 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज सईम अयूब ने 42 रनों की तेज पारी खेली। बाबर और सैम अयूब के बीच 91 रनों की शुरुआती साझेदारी भी हुई। लेकिन इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा कोई को बल्लेबाज ज्यादा कुछ खास नहीं कर सका। जिसके चलते पेशावर जाल्मी को इस मैच में 16 रनों से हार का सामना करना पड़ा। वहीं रविवार को डबल-हेडर के दूसरे गेम में मुल्तान सुल्तांस ने कराची किंग्स के खिलाफ जीत हासिल की।




# ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित बच्चों ने 165 किमी तैराकर बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

**चेन्नई ,एजेंसी।** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) से पीड़ित बच्चों के एक समूह ने कुड्डालोर से चेन्नई तक 165 किलोमीटर तैराकी करके नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। नौ से 19 वर्ष के 14 बच्चों ने गजब की प्रतिबद्धता दिखाई और तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र में तैराकी करके इतिहास रचा।

इस समुद्री तैराकी अभियान का आयोजन रिले प्रारूप में किया गया था। इस दौरान उनके ट्रेनर नाव में सवार थे। 'यादवी स्पोर्ट्स एकेडमी फॉर स्पेशल नीड्स के संस्थापक और मुख्य कोच सतीश शिवकुमार ने कहा कि इसतरह से इन बच्चों ने 'विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने कहा, 'मुझे इन बच्चों की प्रतिबद्धता और जज्बे पर गर्व है।




ऑटिज्म से पीड़ित इन 14 बच्चों का समुद्री तैराकी अभियान एक उपलब्धि से भी बढ़कर है।

ऑटिज्म एक न्यूरोलॉजिकल विकार है जो पीड़ित का दूसरों के साथ संपर्क को प्रभावित करता है। तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक सी सिलेंद्र बाबू ने बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा, 'भागीदारों में तीन बच्चे ऐसे थे जिन्होंने लगातार 17 किलोमीटर तक तैराकी की जबकि एक लड़की 10 किलोमीटर तक लगातार तैरती रही। उन्होंने दिखाया कि विकलांगता उनकी राह में रोड़ा नहीं बन सकती है।

### इज़राइल शतरंज लीग

# अर्जुन एरिगासी विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर पहुंचे

**येरूशलम (इज़राइल) एजेंसी।** भारतीय शतरंज अपने सबसे शानदार दौर में है और ऐसे में हर दिन भारतीय शतरंज के लिए कोई ना कोई युवा खिलाड़ी अच्छी खबर लेकर आता है । आज समाप्त हुई इज़राइल शतरंज लीग में भारतीय ग्रांड मास्टर 20 वर्षीय अर्जुन एरिगासी नें शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 मुकाबलों में 4 जीत दर्ज की और इस दौरान अपनी रेटिंग में महत्वपूर्ण 6.5 अंक जोड़ते हुए विश्व रैंकिंग में 2744.5 अंको के साथ 16वां स्थान हासिल कर लिया है , यह उनके खेल जीवन की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है । अर्जुन नें इस दौरान इज़राइल के तामीर नाबाती ,ओरई कोचवी और यहाव एमनेल और स्वीडन के प्लाटोन गलपेरिन को पराजित किया । रोचक बात यह है की फिलहाल भारत के पाँच खिलाड़ी बेहद कम अंको के अंतर से विश्व रैंकिंग में 12वे से 16वें स्थान तक पहुँच गए है । विश्वनाथन आनंद (2748) , डी गुकेश ( 2747.1) , आर प्रज्ञानन्दा (2747),विदित गुजराती (2747) और अर्जुन एरिगासी (2744.5) अंको पर है और यह विश्व शतरंज में भारत की बढ़ती ताकत का उदाहरण है ।






### इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# चौथे टेस्ट से जसप्रीत बुमराह को मिलेगा आराम या नहीं?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की सीरीज के चौथे टेस्ट मैच में खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। चौथा टेस्ट मैच 23 फरवरी से रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्पलेक्स मैदान पर खेला जाना है। बुमराह इसके बाद सीरीज के आखिरी टेस्ट मैच में खेलेंगे या नहीं, इसका फैसला चौथे टेस्ट मैच के रिजल्ट पर निर्भर करेगा। सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाना है। तीन मैचों के बाद टीम इंडिया सीरीज में 2-1 से आगे है।

भारत ने राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 434 रनों की दमदार जीत दर्ज की। हैदराबाद टेस्ट भारत ने 28 रनों से गंवाया था, लेकिन इसके बाद विशाखापट्टनम टेस्ट में रोहित शर्मा एंड कंपनी ने वापसी करते हुए 106 रनों से जीत दर्ज की। भारतीय क्रिकेट टीम राजकोट से रांची के लिए 20 फरवरी को रवाना होगी। बुमराह इस दौरान टीम के साथ रांची ट्रैवल नहीं करेंगे। क्रिकबज की खबर के मुताबिक बुमराह राजकोट से अहमदाबाद जाएंगे।

बुमराह के अलावा किसी और खिलाड़ी को अगले टेस्ट मैच के लिए आराम दिए जाने की खबर नहीं है। बुमराह को आराम वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत दिया जा रहा है। इस सीरीज में अभी तक सबसे ज्यादा विकेट बुमराह ने ही चटकाए हैं।

# स्टोक्स ने की डीआरएस से अंपायर्स कॉल हटाने की मांग

**राजकोट, एजेंसी।** राजकोट टेस्ट में भारत के खिलाफ मिली करारी हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंपायर कॉल को खत्म करने की मांग की है। स्टोक्स का यह बयान चौथे दिन जैक क्रॉली के विकेट को लेकर आया जिन्हें अंपायर कॉल के चलते आउट दिया गया। इंग्लिश कप्तान का कहना है कि वह एक दो बार नहीं बल्कि तीन बार गलत एंड पर थे।

स्टोक्स ने गुहार लगाई है कि टीमों के पास समान अवसर होना चाहिए और निर्णय पूर्ण होना चाहिए। इंग्लैंड की दूसरी पारी के 9वें ओवर में जब जसप्रीत बुमराह की गेंद क्रॉली के पैड पर लगी तो अंपायर कुमार धर्मसेना ने अपनी उंगली उठा दी। इंग्लिश ओपनर ने डीआरएस का विकल्प चुना और बॉल-ट्रैकर ने दिखाया कि गेंद लेग स्टंप को छूकर जा रही है, जिससे क्रॉली को वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। मैच के बाद स्टोक्स और मैकुलम को मैच रेफरी जेफ क्रो के साथ बातचीत करते देखा गया। मैच के बाद मीडिया से बात करते हुए स्टोक्स ने कहा कि वह



मानते हैं कि अंपायरों का काम काफी कठिन है और अस्पष्टताओं को दूर करने की जरूरत है। बेन स्टोक्स ने कहा, हम इस मैच में तीन बार अंपायर कॉल पर गलत एंड पर रहे हैं और यह छ्त्रस्का हिस्सा है।

आप या तो सही पक्ष पर हैं या गलत पक्ष पर। दुर्भाग्य से, हम गलत पक्ष पर रहे। आप बस समान अवसर चाहते हैं। अंपायरों का काम अविश्वसनीय रूप से कठिन होता है, खासकर भारत में जब गेंद घूम रही होती है। उन्होंने आगे कहा, मेरी निजी राय है कि अगर गेंद स्टंप्स पर लग रही है, तो यह स्टंप्स पर ही लग रही है। अगर मैं पूरी तरह से ईमानदार हूं तो उन्हें अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए। मैं इसमें ज्यादा नहीं पड़ना चाहता क्योंकि ऐसा लगता है हम कराह रहे हैं और कह रहे हैं कि इसीलिए हम टेस्ट मैच हार गए।



# विकेट लेने के लिए मेहनत करनी पड़ी: जडेजा

**राजकोट, एजेंसी।** भारत की इंग्लैंड के खिलाफ 434 रन की शानदार जीत में अपने हरफनमौला प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द मैच बने आलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रविवार को कहा कि इस विकेट पर आपको आसानी से विकेट नहीं मिलेंगे, यहां आपको मेहनत करनी होगी।

आपको विकेट लेने के लिए मेहनत करनी होगी, सही एरिया में गेंद करनी होगी। मैच के बाद जडेजा ने प्रेजेंटेशन में कहा ,हम 33 पर तीन थे तो जब मैं आया तो मैंने रोहित के साथ साझेदारी बढ़ाने की सोची। यह मुश्किल स्थिति थी, मैं बस अपनी ताकत पर विश्वास कर रहा था, अपने शॉट खेल रहा था, अधिक कुछ नहीं सोच रहा था

मैच में शतक बनाने और कुल सात विकेट लेने वाले जडेजा ने कहा,इस विकेट के बारे में मैं जानता हूं, जब पहले बल्लेबाजी होती है तो गेंद अच्छे से बल्ले पर आती है लेकिन बाद में गेंद टर्न लेती है।

जब रोहित ने टॉस जीता तो मुझे बहुत अच्छा लगा। मैच की दूसरी पारी में नाबाद दोहरा शतक बनाने वाले यशस्वी जायसवाल ने कहा,मैं बस कोशिश कर रहा था ...जब भी मैं सेट हो जाऊं, तो बड़ा स्कोर बनाऊं। क्योंकि टेस्ट क्रिकेट में आप कभी नहीं जानते, जब आप अच्छा खेल रहे हों तो आपको इसे बड़ा करना होगा। (इस दोहरे शतक के विभिन्न चरण) यह मेरे लिए काफी मुश्किल था क्योंकि शुरुआत में मैं रन नहीं बना पा रहा था।

इसलिए सेशन खेलना पड़ा और सेट होना पड़ा। तभी मुझे लगा कि मैं रन बना सकता हूं। थोड़ी देर बाद मेरी पीठ ठीक नहीं थी। मैं बाहर जाना नहीं चाहता था लेकिन क्योंकि दर्द बहुत ज्यादा था और मैं बाहर चला गया। जायसवाल ने कहा, आज जब मैं आया, तो मैं यह सुनिश्चित करना चाहता था कि मैं खेल को आगे ले जाऊं और अंत तक बल्लेबाजी करूं।

मुझे लगा कि विकेट में कुछ है। मेरे लिए, टीम को अच्छी शुरुआत देना महत्वपूर्ण था इसलिए मेरे लिए लंबे समय तक खेलना महत्वपूर्ण था।मैं खुद से कहता हूं कि जब भी मैं सेट हो जाता हूं, मुझे अच्छा स्कोर बनाने की जरूरत है क्योंकि आप कभी भी आउट हो सकते हैं। मेरे सीनियर्स ने इस बारे में मुझे समझाया है। जिस तरह से रोहित भाई और जड्डू भाई ने खेला, उसने मुझे बहुत प्रेरित किया।

उनके जुनून ने मुझे सत्र दर सत्र खेलने के लिए प्रेरित किया। मैंने डगआउट के अंदर सोचा कि मैं कब जाऊंगा वहां मुझे भी इस तरह खेलना है। लेकिन मैंने सोचा कि जब मैं वहां हूं तो मुझे अपना 100 प्रतिशत देना होगा।

## एक नजर

### बार काउंसिल के नव निर्वाचित अध्यक्ष को बधाई



**औरंगाबाद (कां सं.)।** अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण परिषद, औरंगाबाद के सचिव मनोज मिश्रा एवं सक्रिय सदस्य राजीव रंजन सिंह ने बिहार स्टेट बार काउंसिल, पटना पहुंच कर काउंसिल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामाकांत शर्मा और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के मौजूदा अध्यक्ष मनन मिश्रा को बिहार की ओर से प्रतिनिधि चुने जाने पर बुके और माला देकर सम्मानित किया। उनसे अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं को सरकार से बढ़वाने की मांग की। यह जानकारी अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, औरंगाबाद के मीडिया प्रभारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने दी।

### ओवरलोडिंग को लेकर लगातार छापेमारी जारी

**औरंगाबाद (का.सं.)।** जिला अंतर्गत बालू, गिट्टी एवं राख के अवैध खनन एवं परिचालन तथा ओवरलोडिंग पर समुचित रोकथाम हेतु खनन, परिवहन विभाग एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ संयुक्त गश्ती-धावा दल के माध्यम से निरंतर कार्रवाई की जा रही है। धावादल द्वारा विगत एक फरवरी 2024 से सात फरवरी के बीच बरुण डेहरी पोस्ट पर छापामारी के क्रम में कुल 6,05,600 रुपए की राशि, दाऊदनगर- नासरीगंज चेकपोस्ट पर छापामारी के क्रम में कुल 36,750 रुपये की राशि एवं नरारी कला चेकपोस्ट पर छापामारी के क्रम में कुल 6,38,100 रुपये की राशि दंड एवं शमन के रूप में आरोपित की गई। जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के नेतृत्व में BRBCL एवं NPGCL नबीनगर मे पकडी गई फ्लाईऐश ओवरलोड वाहन पर कुल 15,20,750 रुपये की राशि दंड एवं शमन के रूप में आरोपित की गई। इस तरह फरवरी माह के पहले सप्ताह में छापामारी के क्रम में कुल 28,01,200 की राशि दंड एवं शमन के रूप में आरोपित की गई। फरवरी के दूसरे सप्ताह यानि कि 8 फरवरी 2024 से 17 फरवरी 2024 के बीच बरुण डेहरी पोस्ट पर छापामारी के क्रम में कुल 17,40,842 रुपए की राशि एवं दाऊदनगर- नासरीगंज चेकपोस्ट पर छापामारी के क्रम में कुल 2,57,000 रुपये की राशि दंड एवं शमन के रूप में आरोपित की गई।

### नवीनगर विधायक डब्ल्यू सिंह के द्वारा विधानसभा में पूछे गये प्रश्न का उत्तर देते हुए सम्राट चौधरी ने बताया,

# 326 फर्जी निधि कंपनियों के खिलाफ केस दर्ज, 323 की हो रही जांच

विशेष संवाददाता | पटना

राज्य में 326 फर्जी निधि (फाइनेंस) कंपनियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है, जबकि अन्य 323 के खिलाफ प्रक्रिया जारी है। यह बातें उप मुख्यमंत्री सीएम सम्राट चौधरी ने विधानसभा में एक अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में बतायीं। नवीनगर से राजद के विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह के द्वारा विधानसभा में पूछे गये प्रश्न का उत्तर देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि मानदंडों का पालन नहीं करने वाली सभी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई जल्द ही पूरी की जायेगी। राजद विधायक ने सरकार के पूछा था कि पटना, औरंगाबाद, वैशाली, सारण सहित पूरे राज्य में 376 निधि कंपनियां पंजीकृत हैं। यह राज्य की जनता से रकम जमा लेती हैं। निधि (संशोधन) अधिनियम के अधीन निधि कंपनियों को एनडीएच-4 फार्म फरना आवश्यक है। राज्य में चल रहीं 376 में से 300 निधि कंपनियों ने एनडीएच- 4 फार्म नहीं भरा है, जिसके कारण वे सभी फर्जी हैं। उन्होंने अनिवार्य निर्धारित प्रावधानों का पालन किये बिना काम करने वाली ऐसी वित्त कंपनियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के बारे में जानना चाहा था। सम्राट चौधरी ने बताया कि केंद्र ने अब निधि कंपनियों के लिए संगठन के नियंत्रण, संग्रह केंद्रों और लाभ विवरण में परिवर्तन के बारे में प्राधिकरण को सूचित करना अनिवार्य कर दिया है।

**हर कंपनी को फॉर्म एडीएच-4 दाखिल करना अनिवार्य :**

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अप्रैल 2014 या उसके बाद गठित प्रत्येक कंपनी को फॉर्म एनडीएच-4 दाखिल करना अनिवार्य होगा। पिछले साल, बिहार में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) ने संदिग्ध अवैध गतिविधियों पर 600 से अधिक निधि या पारस्परिक लाभ वाली कंपनियों के खिलाफ एक सलाह जारी की थी। बाद में आम लोगों को उनके जाल में फंसने से रोकने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला मजिस्ट्रेटों और पुलिस के साथ सलाह साझा की गयी।

**क्या हैं निधि कंपनियां, कैसे करती हैं काम :**

निधि कंपनियां गैर-बैंकिंग वित्त क्षेत्र में एक प्रकार की संस्थाएं हैं, जिनका प्राथमिक व्यवसाय उनके सदस्यों के बीच उधार लेना और उधार देना है। कंपनी अधिनियम के तहत, इन संस्थाओं को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ ई-फॉर्म एनडीएच-4 दाखिल करके खुद को निधि/पारस्परिक लाभ वाली कंपनियों के रूप में घोषित करना होगा। जनता को लुभाने के लिए खुद को बैंक के रूप में पेश करने वाली कथित अवैध निधि कंपनियों के प्रसार पर पटना हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका भी दायर की गयी थी।

**राज्यकर्मियों को नोशनल इंक्रीमेंट का लाभ देने पर हो रहा अध्ययन :**

वित्तमंत्री सम्राट चौधरी ने केसरिया की विधायक शालिनी मिश्रा के एक अल्पसूचित सवाल के जवाब में कहा कि राज्य कर्मियों को एक नोशनल इंक्रीमेंट का लाभ देने पर राज्य सरकार अध्ययन करा रही है। इसमें क्या कुछ किया जा सकता है, उसपर विचार किया जायेगा। विधायक का सवाल था कि राज्य में एक जनवरी 1996 से हू-ब-हू केंद्रीय वेतनमान और सेवा शर्तें लागू हैं। सुप्रीम कोर्ट के 11 अप्रैल 2023 के आदेशानुसार 30 जून व 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होनेवाले सभी केंद्रीय कर्मियों को एक नोशनल इंक्रीमेंट का लाभ 11 अप्रैल 2023 से दिया जा रहा है। केंद्रीय वेतनमान और सेवा शर्त लागू होने के बाद भी बिहार सरकार के कर्मियों को यह लाभ नहीं मिल रहा है।

**नई इलेक्ट्रिक कार से विधानसभा पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार :** सोमवार को बिहार विधान मंडल के बजट सत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नई इलेक्ट्रिक कार चर्चा का विषय रहा।नई इलेक्ट्रिक कार से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ मुख्यमंत्री नई कार से विधान भवन पहुंचे। विधान सभा पहुंचकर दोनों ने वहां मौजूद लोगों का अभिभावदन भी स्वीकर किया।यह कार चार से पांच घंटे में फुल चार्ज हो जाती है।इस कार से एक बार की फुल चार्जिंग के बाद 500 से 600 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है। यह कार पूरी तरह ईको फ्रेंडली और इसकी ऑन रोड कीमत करीब पचास लाख रुपये बताई जा रही है।दरअसल,पिछले दिनों पटना में इलेक्ट्रिक व्हीकल की प्रदर्शनी लगी थी, जिसमें देश की नामी कार कंपनियों ने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रदर्शनी लगाई थी।उस प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी गए थे, उसी समय मुख्यमंत्री ने अपने लिए एक इलेक्ट्रिक कार का आर्डर दिया था।

# दो दरिंदों ने किया स्कूल की छात्रा के साथ गैंगरेप

निज संवाददात | ओबरा

ओबरा थाना के एक गांव में 7वीं क्लास की स्कूली छात्रा के साथ हवस के भूखे दो दरिंदों ने गैंग रेप की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता की मां ने बताया कि गांव में पड़ोस के एक घर में बारात आई थी। उनकी बेटी भी बारात देखने गई थी। बारात देख कर जब वह घर वापस आई तो बेटी के नीचे के कपड़े को खून से सना देखकर कुछ पूछना ही चाहा कि वह बेहोश हो गई। आनन-फानन में वह बेटी को लेकर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल आई। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मामले में सदर अस्पताल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी(एसीएमओ) डॉ. किशोर कुमार ने बताया कि किशोरी के साथ रेप की घटना घटी हैं। पीड़िता का महिला चिकित्सक डॉ. ऋचा चौधरी ने इलाज किया है। रात में पीड़िता की हालत गंभीर थी। ज्यादा ब्लीडिंग के कारण पीड़िता को रक्त चढ़ाया गया है। इलाज के बाद उसकी हालत सामान्य है। वही पीड़िता ने बताया कि गांव में वह बारात देखकर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में गांव के हीदो लड़कों ने उसे उठा लिया। दोनों ने उसे खलिहान में ले जाकर उसके साथ गंदा काम किया। इसके बाद दोनों लड़के उसे छोड़कर चले गए। इसके बाद जैसे-तैसे कराहते हुए घर पहुंचते ही बेहोश हो गई। होश आया तो वह अस्पताल में थी। कहा कि दोनों में एक लड़के को वह पहचानती है। दूसरे को देखने के बाद पहचान लेगी। पीड़िता की मां ने कहा कि बेटी के साथ दरिंदगी हुई है। वह इंसाफ चाहती है। वही मामले में औरंगाबाद नगर थाना की पुलिस ने पीड़िता का फर्दबयान लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# एसिक के स्थापना दिवस के मौके पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

निज संवाददाता | पटना



सोमवार को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय पटना द्वारा एसिक स्थापना दिवस पखवाड़ा के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत पी.ऐंड.एम. मॉल कुर्जी मोड़ एवं बैंकौस ऐंड कम्पनी, इडस्ट्रियल एरिया, पटना के परिसर में अलग-अलग दो नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह नुक्कड़ नाटक संजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक के निर्देशो के अनुसार तैयार किया गया तथा केशव कुमार झा, उप निदेशक के देख-रेख में कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत की गयी। इस नुक्कड़ नाटक में अभिनय के माध्यम से ESIC के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं उसकी प्रक्रिया के बारे में बीमित व्यक्तियों को विस्तारपूर्वक बताया गया। दोनों केंद्रों पर दर्शकों एवं बीमित व्यक्तियों ने नाटक को रुचि लेकर ध्यानपूर्वक देखा और समझा। इसी क्रम में कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में एक प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न मीडिया संस्थानों एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकार एवं मीडियाकर्मी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में मीडियाकर्मियो के समक्ष एक पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन दिखाया गया, जिसमें कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा किये गये नई पहलों के संदर्भ में जानकारी दी गयी। मीडियाकर्मी बंधुओं ने ESIC के आधार सीडिंग, ऑन लाइन क्लेम, ई-पहचान का वितरण एवं सेवानिवृत्त बीमित व्यक्तियो के लिए चिकित्सा योजना की जानकारी साझा की गयी। इसके उपरांत संजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक एवं क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों, राज्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा मीडियाकर्मियो के द्वारा पूछे गये सवालों के जवाब दिये गये। बिहार राज्य के अंतर्गत ESIC योजना से लाभांवित होनेवाले 4।2 लाख बीमितो में से केवल 50 हजार बीमितो का ही आधार सीडिंग अभी तक हो पाया है। जबकि शेष सभी 3।7 लाख बीमितो एवं उनके आश्रितों का आधार सीडिंग का कार्य ESIC की विशेष टीमों द्वारा किया जा रहा है। बीमित व्यक्ति एवं नियोक्ता भी अपने स्तर से आधार सीडिंग का कार्य कर सकते हैं। जबकि ऐसी सूचना दी गयी कि आगे से सभी प्रकार के दावे ESIC द्वारा ऑन लाइन प्राप्त किए जाएंगे। पांच फरवरी 2024 से चल रहे विशेष सेवा पखवाड़ा का सोमवार को समापन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। विशेष सेवा पखवाड़ा के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा किये गये निष्पादनो एवं प्रदर्शन के आधार पर सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रीय कार्यालय को स्थापना दिवस के मौके पर 24 फरवरी 2024 को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में पुरस्कार दिया जाएगा।

### इन्होनें लिया भाग

इन दोनों नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति में अनिल कुमार, क्षेत्रीय निदेशक के निजी सचिव, सुनीता कुमारी, अधीक्षक, अश्वनी कुमार, सहायक, हेमंत कुमार, उ.व. लिपिक, आकांक्षा प्रसाद, फर्मासिस्ट, राकेश कुमार, नि.व. लिपिक, क्षितिज प्रकाश, उ.व. लिपिक, राजकुमार साव, बहुकार्य कर्मचारी, मुकेश कुमार, नि. व. लिपिक, दिलीप कुमार झा, बहुकार्य कर्मचारी, सुरभि सुमन, उ.व. लिपिक, हर्षिता कुमारी, उ.व. लिपिक, मनीषा झा, उ. व. लिपिक, तरन्नुम कहकशा, बहुकार्य कर्मचारी, पंकज कुमार, सहायक एवं हर्ष श्रीवास्तव, उ. व. लिपिक ने भाग लिया।

# नक्सल प्रभावित थानों के थानाध्यक्षों की कार्यशाला संपन्न



**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागर में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) राजेश कुमार ने द्वारा अगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष को एसओपी का अनुपालन कराने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला मे चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने से संबंधित सभी थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# रास्ता विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प

निज संवाददाता | रफीगंज



प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के नराईच गांव में कब्रिस्तान में रास्ता विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुयी। जानकारी मिलते ही एएस पी अभियान मुकेश कुमार, एडी एम, अनुमंडलाधिकारी विजयंत, सदर एसडीपीओ अमानुल्लाह, बीडीओ उपेंद्र दास, सीओ अवधेश कुमार सिंह, मदनपुर इंस्पेक्टर एम के चौधरी, कासमा थानाध्यक्ष इमरान आलम, एस आई मनेश कुमार, सेरे अली खान, मुखिया प्रतिनिधी जैनूल अंसारी सहित कासमा, सलैया, मदनपुर थाना, पुलिस लाइन से काफी संख्या में पुलिस बल पहुची।वही एक पक्ष के लोग बताया कि कब्रिस्तान में चार फीट रास्ता मांगा जा रहा था। लेकिन कुछ जगह पर दो फीट ही रास्ता मिल रहा था। जबकि यह जमीन पूर्ण रूप से आम गैरमजरुआ है।वहीं दूसरे पक्ष के लोगों का कहना था कि कब्रिस्तान का जमीन है। जिसको घेराव के लिए सामग्री आया था।लेकिन कुछ लोगों के द्वारा रोक दिया गया था। यह पूर्ण रूप से गैरमजरूआ आम एवं किस्म कब्रिस्तान का है। अंचलाधिकारी ने कहा कि नाराइच गांव में खाता नंबर 66 प्लॉट नंबर 430 रकवा 66 पर रास्ता को लेकर विवाद हुई थी। उक्त जमीन गैर मजरुआ आम एवं किस्म कब्रिस्तान है।बीडीओ उपेंद्र दास ने कहा की स्थिति तनाव को लेकर शांति व्यवस्था रखने के लिए गांव में पुलिस कैंप लगाई गई है।कोई अप्रिय घटना नही घटी है। स्थिति नियंत्रण में है।

# असामाजिक तत्वों ने अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ी, दलितों में आक्रोश

निज संवाददात | ओबरा



औरंगाबाद के ओबरा प्रखंड में खुदवां थाना क्षेत्र के परिहारा गांव में रविवार की रात गांव में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने की घटना को अंजाम दिया। घटना को लेकर गांव के दलित समुदाय के लोग आक्रोशित है। मामले की सूचना खुदवां थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। दाउदनगर के एसडीओ मनोज कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर मामले का जायजा लिया है। मौके पर ओबरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्थानीय पंचायत के मुखिया एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ही एहतियात के तौर पर खुदवां थाना की पुलिस कैम्प कर रही है।

# मतदान के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

निज संवाददात | बारुण

प्रखंड के कई गांव में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य दीवार लेखन किया गया एवं पोस्टर लगाया गया। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बारुण प्रखंड के कई युवाओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। जागरूकता टीम में शामिल युवाओं ने घर-घर जाकर सभी लोगों से आह्वान किया कि जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं है या वोटर पहचान पत्र नहीं है वैसे लोग नाम जोड़ने के लिए स्थानीय बी एल ओ से संपर्क कर लें। टीम में शामिल युवाओं ने दीवार लेखन में कई तरह के वोटर से संबंधित नारा लिखा। जगह-जगह पोस्टर भी चिपकाया। नेहरू युवा केंद्र औरंगाबाद के आदेश पर यह कार्यक्रम नव युवा समिति बरौली के द्वारा चलाया जा रहा है। जो आगामी 20 फरवरी तक चलेगा। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में राहुल कुमार, रोशन कुमार, जितेंद्र मिश्रा, अनुज राजवंशी, अंकित कुमार, रणधीर कुमार, जय प्रताप सिंह, शैलेंद्र राम आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433